



# तरुण छत्तीसगढ़


e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026



सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



वर्ष 37 अंक 139 | कोरबा, बुधवार, दिनांक 18 फरवरी 2026 डाक 19 फरवरी 2026 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



**विविधा**
कांग्रेस नेता उमंग सिंघार पार्टी विधायकों के साथ बजट सेशन के दौरान इंदौर में पानी के खराब होने से हुई मौतों को लेकर विरोध प्रदर्शन करते हुए....



**देश-विदेश**
नौकरियों का डर छोड़ें, स्किलिंग पर दें जोर, एआई युग के लिए पीएम मोदी का युवाओं को संदेश



**फीचर पेज**
गर्मियों के दौरान जिम जाने से पहले खाएं ये चीजें, एक्सरसाइज के लिए मिलेगी ऊर्जा




# राज्यसभा की 37 सीटों पर चुनाव तारीखों का ऐलान, 5 मार्च तक नामांकन, 16 को वोटिंग

**नईदिल्ली 18 फरवरी [एजेंसी]।**

चुनाव आयोग ने 10 राज्यों में खाली हो रही 37 राज्यसभा सीटों के चुनाव की घोषणा कर दी है। आयोग ने बताया है कि चुनाव 16 मार्च को होंगे। आयोग ने बताया है कि महाराष्ट्र, ओडिशा, तेलंगाना, तमिलनाडु, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, असम, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और बिहार की सीटों पर चुनाव कराए जाएंगे। ये सीटें अप्रैल महीने में अलग-अलग तारीखों को खत्म हो रही है। गौरतलब है कि राज्यसभा का कार्यकाल 6 साल का होता है। लेकिन हर एक तिहाई सीटों के लिए हर दो साल पर चुनाव कराए जाते हैं। इस वजह से ही राज्यसभा को स्थाई सदन कहा जाता है।



ऐसा इसलिए कहा जाता है कि क्योंकि लोकसभा की तरह राज्यसभा कभी भंग नहीं होती है। राज्यसभा चुनाव को लेकर 26 फरवरी को अधिसूचना जारी होगी। इसके बाद नामांकन के लिए आखिरी तारीख 5 मार्च है। वहीं नाम वापस लेने की आखिरी तारीख 9 मार्च है। 16 को चुनाव होंगे। उसी दिन शाम के पांच बजे से वोटों की गिनती शुरु हो जाएगी। राज्यसभा के चुनाव लोकसभा से बहुत अलग होते हैं।

यहां जनता सीधे वोट नहीं डालती। राज्यसभा के सदस्यों को राज्यों की विधानसभाओं के विधायक चुनते हैं। यह अप्रत्यक्ष चुनाव होता है। राज्यसभा में कुल 245 सदस्य होते हैं, जिनमें से 233 सदस्य राज्यों और कुछ केंद्रशासित प्रदेशों से चुने जाते हैं और 12 को राष्ट्रपति नामित करते हैं। हर सदस्य का कार्यकाल 6 साल का होता है और हर 2 साल में करीब एक-तिहाई सदस्य रिटायर होते हैं, इसलिए चुनाव नियमित रूप से होते रहते हैं।

## ताज महल देखने जा रहे पोलैंड के टूरिस्ट और टैक्सी ड्राइवर की मौत



**पलवल।** केएमपी एक्सप्रेसवे पर बुधवार सुबह हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में पोलैंड के एक नागरिक और आगरा निवासी टैक्सी चालक की मौत हो गई, जबकि पोलैंड की युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसा सुबह करीब साढ़े छह बजे हुआ। एक्सप्रेसवे पर एक ट्रक खराब होने के कारण खड़ा था। इसी दौरान पीछे से आ रहे एक अन्य ट्रक ने आगे चल रही टैक्सी कार को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार अनियंत्रित होकर आगे खड़े खराब ट्रक में जा घुसी। हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

## पूर्व एमएलसी मोहम्मद हाजी इकबाल की 2.76 अरब की संपत्ति कुर्क, 56 मुकदमे हैं दर्ज



**सहारनपुर।** पूर्व एमएलसी मोहम्मद इकबाल की अवैध रूप से अर्जित दो अरब 76 करोड़ अर्जित की संपत्ति को कुर्क किया गया। डीएम ने तहसीलदार बेहट को संपत्तियों का प्रशासक नियुक्त किया गया है। हाजी इकबार के विरुद्ध सहारनपुर व अन्य जनपदों समें दूसरे राज्यों के विभिन्न थानों में लगभग 50 मुकदमें दर्ज हैं। जिलाधिकारी मनीष बंसल ने बताया कि मोहम्मद इकबाल पुत्र अब्दुल वहीद, मोहम्मद जावेद, मोहम्मद वाजिद, अलीशान, अफजाल पुत्रगण मोहम्मद इकबाल उर्फ बाला निवासी मिर्जापुर पोल थाना मिर्जापुर जनपद सहारनपुर व इकबाल के नौकर सह अभियुक्त नसीम पुत्र अब्दुल गफूर व राव लईक पुत्र सईद अहमद निवासी ग्राम रायपुर थाना मिर्जापुर एक गिरोहबन्द व्यक्ति हैं। इनके विरूद्ध थाना मिर्जापुर में 2022 में गैंग्स्टर अधिनियम में मुकदमा पंजीकृत हुआ था। न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट सहारनपुर ने गैंग लीडर हाजी इकबाल की अवैध धन से अर्जित की गई करीब दो अरब रुपये की 56 संपत्तियों को कुर्क करते हुए तहसीलदार बेहट को प्रशासक नियुक्त किया है।

## भ्रष्टाचार करने वाले हमको बुद्धि ना दें, कांग्रेस नेता पर बीजेपी विधायक ने साधा निधाना

**रायपुर 18 फरवरी।** छत्तीसगढ़ में शराब को लेकर एक बार फिर सियासत तेज है। होली के दिन शराब की दुकानें खुलने के फैसले पर कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर बोला हमला है। इस पर मंत्री गुरु खुशवंत साहेब और भाजपा विधायक पुरंदर मिश्रा ने कांग्रेस पर ही सवाल उठाया है. कांग्रेस नेता और पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने कहा होली महत्वपूर्ण त्योहार है. सबसे ज्यादा आपराधिक घटनाएं होली के समय होती है। लेकिन इस बार होली के दिन भी शराब दुकान खुली रहेगी। कैसा माहौल रहेगा समझा जा सकता है, लेकिन भाजपा को शराब से पैसा कमाना है। भाजपा सरकार प्रदेश को नशे में झोंकने का काम कर रही है। वहीं प्रदेश की नई आबकारी नीति में 7 दिन की जगह 3 दिन ड्राई डे रखे जाने का मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने बचाव करते हुए कहा कि यह सभी निर्णय समय के अनुसार लिए जाते है। हम सब का एक ही भाव है कि सभी नशे से दूर रहें. गुरु घासीदास बाबा ने कहा है कि खानी, बानी और सयानी। जैसा खाएंगे वैसा रहेगा मन, जैसा पियेंगे पानी, वैसे रहेगी वाणी। नशे के खिलाफ सरकार जनजागरुकता अभियान चला रही है।

## कैश लेकर वसूली एजेंट फरार

**रायपुर 18 फरवरी।** निजी कंपनी के वसूली एजेंट ने देनदारों से मिले 62 हजार रुपए का गबन किया। प्रगति नगर पंडरी स्थित राधे चेंबर भवन में मेघदूत मर्केंटाइल प्रालि के अविष्मान सिंह ने कल मोवा पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई। कंपनी में कार्यरत वसूली एजेंट मोती लाल डहरिया ने 10-13 फरवरी के बीच देनदारों से मिली रकम 62400 रूपए कंपनी के एकाउंट में जमा न कर अमानत में खयानत किया। पुलिस ने धारा 316-4 का मामला दर्ज कर लिया है। टिकरापारा निवासी अधेड़ को डिजिटल अरेस्ट कर साइबर ठगों ने 17.15 लाख रुपए ऐंठ लिए। वार्ड 54 के मोती नगर निवासी शरद कुमार तिवारी 55 ने बीती आधी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस के अनुसार शरद को 15 फरवरी को 10.30 बजे एक फोन कॉल आया। 9356675181 के कालर ने शरद को मनी लॉन्ड्रिंग में लिप्त होने की जानकारी देकर डिजिटली अरेस्ट बता कर बचने के लिए 17,15000 रूपए अपने बताए एकाउंट में ट्रांसफर करा लिया। कल रात 1.35 बजे टिकरापारा थाने में शरद ने रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस धारा 318-4,319-2,340-2 का मामला दर्ज कर साइबर सेल की मदद से पड़ताल शुरू कर दी है।

## अजित पवार विमान क्रैश मामला: घटना हादसा या साजिश? प्रेस कॉन्फ्रेंस में बड़ा आरोप लगाया गया

**मुंबई 18 फरवरी।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) के विधायक रोहित पवार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में महाराष्ट्र के बारामती प्लेन क्रैश हादसे को साजिश करार देते हुए कई गंभीर सवाल उठाए।



उन्होंने कहा कि जांच एजेंसियां काम तो कर रही हैं, लेकिन गति इतनी धीमी है कि संदेह बढ़ रहा है। रोहित पवार ने केंद्र सरकार की जांच पर भी उंगली उठाई और डिजिटल सबूतों की मांग की। पवार ने आशंका जताई कि पायलट का इस्तेमाल कर इस घटना को अंजाम दिया गया होगा और अब कागजों में हेरफेर की जा सकती है। रोहित पवार ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि कुछ दिन पहले हमने मुबंई और दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। पीसी के बाद जांच संस्थाएं काम कर रही हैं. हमें समाधान है, लेकिन जिस गति से कर रही हैं, उस पर हमारा सवाल है। अब नेता भी पत्र दे रहे हैं और जांच की मांग कर रहे हैं. रोहित ने सवाल उठाया कि विमान के फ्यूल टैंक और विंग्स में मौजूद टैंक पूरी तरह भरने की क्या जरूरत थी। उन्होंने ब्लैक बॉक्स के जलने की थ्योरी को भी चुनौती दी।

पवार ने कहा कि जानकारों के मुताबिक ब्लैक बॉक्स तभी खराब हो सकता है जब वह 1100 डिग्री सेल्सियस पर एक घंटे तक जले, जबकि वह पानी में एक महीने तक रह सकता है। उन्होंने तंज कसा कि विमान के केबल जिनका मेल्टिंग पॉइंट कम होता है वे नहीं जले तो ब्लैक बॉक्स कैसे खराब हो गया।

## आतंकियों की बड़ी साजिश नाकाम, सुरक्षाबलों ने श्रीनगर-बारामूला हाईवे पर किया आईईडी को डिफ्यूज



**श्रीनगर, 18 फरवरी [एजेंसी]।**

जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों की मुस्तैदी से आज एक बड़ा हादसा होने से टल गया। श्रीनगर-बारामूला राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क के किनारे एक संदिग्ध वस्तु मिलने से हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार, यह एक आईईडी था, जिसे किसी बड़ी आतंकी साजिश के तहत प्लांट किया गया था।

आज सुबह गश्त के दौरान सुरक्षाबलों को हाईवे के किनारे एक संदिग्ध पैकेट दिखाई दिया। खतरे की आशंका को देखते हुए जवानों ने बिना देरी किए मोर्चा संभाला और पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी। सुरक्षा के मद्देनजर हाईवे पर दोनों ओर से ट्रैफिक को पूरी तरह रोक दिया गया, जिसके कारण वाहनों की हाईवे पर लंबी कतार लग गई। घटना की सूचना मिलते ही बम निरोधक दस्ते को मौके पर बुलाया गया। सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करते हुए संदिग्ध वस्तु की जांच की गई और उसे सुरक्षित तरीके से निष्क्रिय करने की प्रक्रिया शुरू की गई। इस बीच सुरक्षाकर्मियों ने सुरक्षा का खास ध्यान रखा। इस घटना के बाद से पूरे क्षेत्र में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। सुरक्षाबलों ने आसपास के गांवों और रिहायशी इलाकों में सर्च ऑपरेशन तेज कर दिया है। सेना और पुलिस की संयुक्त टीमें ड्रोन और खोजी कुत्तों की मदद से इलाके की बारीकी से जांच कर रही हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कहीं और विस्फोटक तो नहीं छिपाया गया है।

## बैडमिंटन कोर्ट में कारोबारी की कार्डियक अरेस्ट से मौत

### शटल उठाने के लिए झुके और गिर पड़े

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में कारोबारी अमृत बजाज की अचानक मौत हो गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार उन्हें कार्डियक अरेस्ट आया था। कारोबारी की मौत बैडमिंटन खेलते वक्त हुई। उनकी उम्र 57 साल की थी। ईदगाह भाठा निवासी अमृत बजाज अश्वनीनगर स्थित सोनकर बाड़ी के ओपन कोर्ट में अपने दोस्तों के साथ



बैडमिंटन खेल रहे थे। खेल शुरू हुए कुछ ही मिनट हुए थे कि दूसरे शॉट के दौरान शटल उठाने के लिए झुकते समय वे अचानक गिर पड़े।साथी खिलाड़ियों ने पहले उन्हें संभालने की कोशिश की। पानी के छींटे मारे गए और तौलिये से हवा दी गई, लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। तुरंत उन्हें रायपुरा स्थित जगन्नाथ अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों में पूरी घटना रिकॉर्ड हो गई। फुटेज में वे सामान्य रूप से खेलते नजर आते हैं। पहला शॉट खेलने के बाद जैसे ही वे दूसरे शॉट पर झुकते हैं, अचानक गिर जाते हैं। यह वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है।

## रामकृष्ण परमहंस ने सम्पूर्ण मानव जाति को नई दिशा दी जयंती पर अमित शाह समेत कई नेताओं ने दी श्रद्धांजलि



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह समेत कई बड़े नेताओं ने संत और आध्यात्मिक गुरु रामकृष्ण परमहंस की जयंती के अवसर पर उन्हें याद किया है। अमित शाह ने कहा कि परमहंस के उच्च आदर्श और दूरदर्शी विचार हर आयु-वर्ग के लोगों के लिए सदैव प्रेरणीय रहेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने महान संत रामकृष्ण परमहंस की जयंती पर उन्हें नमन करते हुए लिखा, अध्यात्म और सत्यनिष्ठ जीवन के माध्यम से विश्वबंधुत्व का संदेश देने वाले रामकृष्ण परमहंस जी ने सम्पूर्ण मानव जाति को एक नई दिशा दी। उनके उच्च आदर्श और दूरदर्शी विचार हर आयु-वर्ग के लोगों के लिए सदैव प्रेरणीय रहेंगे।केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने एक्स पोस्ट में लिखा, आध्यात्मिक चेतना और भक्ति के महान प्रेरणास्त्रोत रामकृष्ण परमहंस जी की जयंती पर उन्हें शत-शत नमन। उनका समर्पित जीवन हमें यह सिखाता है कि सच्ची भक्ति, सरलता और ईश्वर के प्रति अटूट विश्वास ही आत्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त करते हैं।

## पायजामे का नाड़ा ढीला करना रेप की कोशिश, सुप्रीम कोर्ट ने पलटा इलाहाबाद हाईकोर्ट का विवादित फैसला

**नईदिल्ली 18 फरवरी [एजेंसी]।**



सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के उस विवादित फैसले को रद कर दिया, जिसमें कहा गया था कि महिला के पायजामे का नाड़ा ढीला करना रेप की कोशिश नहीं बल्कि रेप करने की तैयारी है। सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया कि एक महिला को छूना और उसके पायजामे का नाड़ा खोलना रेप की कोशिश माना जाएगा। इलाहाबाद हाई कोर्ट के 17 मार्च, 2025 के फैसले से हंगामा मच गया था और एनजीओ वी द वीमेन की फाउंडर और सीनियर एडवोकेट शोभा गुप्ता के लिखे गए लेटर के बाद सुप्रीम कोर्ट ने मामले का खुद संज्ञान लिया। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची और एन वी अंजारिया की बेंच ने हाई कोर्ट के इस फैसले को रद कर दिया और POCSO एक्ट के तहत सजा का फैसला सुनाया। गुप्ता और सीनियर वकील एच एस फुल्का की उन अपीलों का जिक्र करते हुए जिनमें महिलाओं के खिलाफ यौन अपराधों से निपटने के दौरान जजों में ज्यादा संवेदनशीलता लाने की बात कही गई थी, बेंच ने कहा, किसी भी कोर्ट के किसी भी जज या फैसले से पूरे न्याय की उम्मीद नहीं की जा सकती, जब वह किसी केस लड़ने वाले की असलियत और कोर्ट जाने में उनके सामने आने वाली कमजोरियों के प्रति लापरवाह हो। फैसला लिखते हुए सीजेआई ने कहा कि जजों की कोशिशें न सिर्फ संवैधानिक और कानूनी सिद्धांतों के सही इस्तेमाल पर आधारित होनी चाहिए, बल्कि दया और हमदर्दी का माहौल भी बनाना चाहिए। इनमें से किसी भी बुनियादी बात की कमी से न्यायिक संस्थाएं अपनी जरूरी जिम्मेदारियां ठीक से नहीं निभा पाएंगी। पीठ ने कहा, कानूनी प्रक्रिया में हिस्सा लेने वालों के तौर पर हमारे फैसलों में आम नागरिकों को जिस प्रकिया का सामना करना होगा, उसे तय करने से लेकर किसी भी केस में दिए गए आखिरी फैसले तक दया, इंसानियत और समझ की भावना दिखनी चाहिए।

## एंट्री बंद हुई तो टूट गई उम्मीदें,मसौढ़ी में मैट्रिक परीक्षा से वंचित छात्रा ने की आत्महत्या

**पटना, 18 फरवरी [एजेंसी]।**

बिहार बोर्ड की मैट्रिक परीक्षा के दौरान एक दर्दनाक घटना ने पूरे प्रदेश को झकझोर दिया। मसौढ़ी के खरजमा गांव की छात्रा ने परीक्षा केंद्र पर एंट्री नहीं मिलने के बाद आत्महत्या कर ली। वह निर्धारित समय से मात्र 10 मिनट देरी से पहुंची थी। केंद्र पर सुबह 9 बजे एंट्री बंद कर दी गई थी। छात्रा 9.10 बजे पहुंची, लेकिन गेट नहीं खुला। काफी अनुरोध के बावजूद उसे प्रवेश नहीं मिला। हताश होकर वह घर लौट गई। बताया गया कि कोमल की परीक्षा बरनी स्थित केंद्र पर थी। वह सोमवार को ही रिश्तेदार के यहां महाराजचक गई थी। केंद्र उसके ठहरने के स्थान से करीब 6 किलोमीटर दूर था।



एंट्री नहीं मिलने के बाद वह नदौल गई। वहां से ट्रेन में सवार हो गई। तरेगना और मसौढ़ी कोर्ट के बीच चलती ट्रेन से कूद गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया। लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना ने परीक्षा व्यवस्था और छात्रों के मानसिक दबाव पर सवाल खड़े कर दिए हैं। परिवार में मातम का माहौल है। स्थानीय लोग भी सदमे में हैं।


**स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक**

**चर्म, गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार**

डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010

-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद)

डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894

सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।

मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)

विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...

पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर, रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक, बुधवारी बाजार के पास, कोरबा


## बेटे की गलती पर शर्मिंदा हूं, द्वारका हादसे पर नाबालिग आरोपी के पिता का बयान

**पश्चिमी दिल्ली, 18 फरवरी [एजेंसी]।**

मैं अपने बेटे की हरकरत पर शर्मिंदा हूं। मेरे बेटे से यह गलती अंजाने में हुई है। वह भी एक पिता है अपने बच्चे के जाने के दुख को समझते हैं। वह पीड़ित परिवार से अपने बेटे की गलती के लिए माफी मांगते हैं। इससे पहले कभी भी वह इस प्रकार गाड़ी लेकर नहीं निकलता था। यह कहना है द्वारका सड़क हादसा में 23 वर्षीय बाइक सवार को कुचलने के आरोपी नाबालिग के पिता नरेंद्र सिंह का।

उन्होंने बताया कि जिस दिन यह हादसा हुआ मैं दिल्ली में नहीं था। हादसे की जानकारी मुझे मेरी पत्नी और पुलिस से मिली थी। इसके बाद मैं फ्लाइट से दिल्ली पहुंचा।



उन्होंने बताया कि 3 फरवरी को करीब 12 बजे मेरी पत्नी को पुलिस से हादसे की जानकारी मिली थी। उन्हें पुलिस ने बताया था कि आपके बेटे ने एक बाइक सवार को गाड़ी से टक्कर मार दी है। घर के पास ही हादसा होने के कारण मेरी पत्नी मौके पर पैदल ही पहुंच गई। जहां से पुलिस उनके बेटे को थाने लेकर चली गई। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि मेरे नहीं रहने के कारण वह गाड़ी लेकर निकल गया था। जो उस गाड़ी पर पहले से चालान है वह उनके बेटा द्वारा नहीं बल्कि यह चालान तब हुए हैं, जब उनका ड्राइवर गाड़ी चला रहा था। अपने बेटे के बारे में बताते हुए कहा कि वह एक तेज बच्चा है। इस हादसे के बाद पुलिस ने कोर्ट ने पेश किया था, जहां से उसे 6 दिन की हिरासत में भेज दिया गया था। बाहर आने के बाद से ही वह डिप्रेशन में है। मुझसे तो वह डरता है, पर अब अपनी मां से भी बात नहीं कर रहा है। उन्होंने आरोपित के पकड़े जाने के समय पुलिस द्वारा उसकी उम्र 19 साल लिखे जाने पर कहा कि, उस समय पुलिस को गलतफहमी हो गई थी। बाद में उसके दस्तावेज जमा करने पर पुलिस की गलतफहमी दूर हो गई। वह 17 साल का ही है। हादसे के समय आरोपित नाबालिग स्कॉर्पियो में अपनी बहन के साथ था और दोने भाई बहन रील बना रहे थे।

जब हादसा हुआ तो दोनों गाड़ी को छोड़कर भागने लगे। पर स्थानीय लोगों ने पीछा करके उन्हें रोक लिया और वापस घटनास्थल लेकर आए। पर वायरल हो रहे एक वीडियो में साफ दिख रहा है कि हादसे के बाद दोनों भाई बहन को उनकी गलती से किसी के जान के जाने का कोई अफसोस नहीं है, बल्कि वे लोग उन्हें रोकने वालों से ही भिड़ गई और उनसे बदतमीजी करती देखी जा रही है। बाद में पुलिस के आने पर उन्हें हिरासत में लिया गया और पुलिस आरोपित को वहां से थाने लेकर गई।

# पीएम सूर्यघर योजना में शहरी व ग्रामीण हितग्राहियों को जोड़ते हुए सोलर पैनल स्थापना में लाएं तेजी- कलेक्टर

### कृषि चौपाल में किसानों को योजनाओं से लाभान्वित करने और मार्गदर्शन सुदृढ़ करने के दिए निर्देश



**कोरबा।** कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा बैठक में विभागीय योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना सुनिश्चित किया जाए और विभागीय समन्वय के साथ लक्षित प्रगति हासिल की जाए। बैठक में कलेक्टर ने पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत जिले में सोलर पैनल स्थापना की गति बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को वेंडर्स की नियमित बैठक लेने, शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पात्र हितग्राहियों को चिन्हित कर उन्हें योजना से जोड़ने तथा स्वीकृत प्रकरणों में शीघ्र सोलर पैनल स्थापना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।उन्होंने हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित किए जा रहे शिविर की प्रगति की जानकारी लेते हुए स्वास्थ्य अमला को शिविर अथवा डोर-टू-डोर जाकर आयुष्मान भारत योजना, व्यवंदन कार्ड एवं आभा आईडी निर्माण के छूटे हितग्राहियों का शत प्रतिशत आईडी बनाने हेतु मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया। साथ ही सिकलसेल, गैर-संचारी रोग, डायबिटीज और हाइपरटेंशन की शत-प्रतिशत जांच सुनिश्चित करने की बात कही। उन्होंने सभी पंचायतो में छूटे हुए हितग्राहियों का पहचान कर लक्षितों को लाभान्वित करने के लिए कहा।कलेक्टर ने पीएम स्वनिधि योजना के तहत शहरी क्षेत्र के पात्र हितग्राहियों को ऋण उपलब्ध कराने में तेजी लाने के निर्देश दिए। इस हेतु बैंकर्स की नियमित बैठक आयोजित कर लंबित प्रकरणों में ऋण स्वीकृति सुनिश्चित कराने की बात कही। साथ ही बंद हो चुकी योजनाओं के अंतर्गत विभागों के बैंक खातों को बंद कराने के निर्देश भी दिए।ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित कृषि चौपालों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक चौपाल को प्रभावी एवं लक्ष्य-उन्मुख बनाया जाए तथा अधिक से अधिक किसानों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि किसानों को विभागीय योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ फार्मर आईडी निर्माण, एग्रीस्टेक पोर्टल पर पंजीयन, संयुक्त खाताधारक परिवारों को भी एग्रीस्टेक में पंजीकृत कराने, पीएम किसान सम्मान निधि से लाभान्वित कराने, केसीसी निर्माण एवं मृदा स्वास्थ्य परीक्षण जैसे कार्य प्राथमिकता से किए जाएं। साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि कृषि चौपाल में किसानों को खरीफ फसल, दलहन, तिलहन, पाम ऑयल एवं बागवानी फसल के संबंध में तकनीकी मार्गदर्शन देने, अधिकाधिक किसानों को एफपीओ से जोड़ने तथा शिविर के दौरान अन्य योजनाओं के लिए पात्र किसानों का चयन भी सुनिश्चित किया जाए, जिससे ग्रामीण किसानों को समग्र रूप से लाभ मिल सके।कलेक्टर ने 20 फरवरी को आयोजित होने वाले चावल उत्सव को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु सभी आवश्यक तैयारियां समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले की सभी उचित मूल्य दुकानों में समय पूर्व पर्याप्त मात्रा में खाद्यान्न का भंडारण सुनिश्चित किया जाए तथा वितरण व्यवस्था को पारदर्शी एवं व्यवस्थित रखा जाए, ताकि हितग्राहियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने जानकारी दी कि प्रत्येक पंचायत के लिए एक-एक विभागीय अधिकारी को नोडल नियुक्त किया गया है, जो संबंधित उचित मूल्य दुकानों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की सतत मॉनिटरिंग करेंगे। कलेक्टर ने खाद्यान्न वितरण में अनियमितता या लापरवाही बरतने वाले संबंधित संचालकों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए आरएसी जारी कर शासकीय राशि की वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।कलेक्टर ने शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि जन्म प्रमाण पत्र एवं आधार अपडेट में आ रही तकनीकी अथवा दस्तावेजी समस्याओं के कारण अपार आईडी से छूटे हुए स्कूली बच्चों की पहचान कर आवश्यक अभिलेखों की पूर्ति शीघ्र कराई जाए। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी समन्वय स्थापित करते हुए सभी लंबित प्रकरणों का निराकरण करें, ताकि पोर्टल प्रारंभ होते ही पात्र विद्यार्थियों की अपार आईडी बनवाना सुनिश्चित किया जा सके।बैठक में कलेक्टर ने सीएम घोषणा के अद्यतन प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री घोषणा के तहत प्राप्त आवेदनों का गहन परीक्षण कर आवश्यक अनुशंसाएँ तत्परता से शासन को प्रेषित की जाएँ। साथ ही स्थान चयन और प्रस्ताव तैयार करने सहित सभी संबंधित कार्य शीघ्र एवं सुव्यवस्थित तरीके से पूर्ण करने निर्देशित किया।

जिससे घोषणाओं का समय पर और प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके। इस दौरान कलेक्टर ने विभागों के समय सीमा के लंबित आवेदनों, मुख्यमंत्री जनदर्शन, पीजीएन जनशिकायत एवं कलेक्टर जनदर्शन के सभी लंबित प्रकरणों का गम्भीरता से परीक्षण कर गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने निर्देशित किया।

## खुद को जख्मी कर कुएं में कूद गया युवक

### दावा- कोई अदृश्य शक्ति कर रही ऐसा काम

**कोरबा।** एक युवक ने पहले तो अपने गले पर चाकू चला दिया और फिर जब दर्द हुआ तो घर से निकाल कर भागा और एक कुएं में जाकर कूद गया। लोगों ने उसे कुएं से बाहर निकाला तो वह फिर भाग निकला। किसी तरह उसे पकड़ कर कोरबा लाया गया। जहां उसके प्राण बचाने की कोशिश की जा रही है ।

सिविल लाइन थाना कोरबा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम बेदरकोना निवासी 25 वर्षीय रामकृष्ण ने उसके परिजनों के अनुसार सुबह अपने गले पर खुद ही चाकू चला लिया। और फिर उसकी तमाम हरकतों के बाद किसी तरह पकड़ कर अस्पताल लाया गया रामकृष्ण की एक रिश्तेदार सती कुर्रे ने बताया की रामकृष्ण को भूत प्रेत का भय सताता है। सती कुर्रे ने बताया की रामकृष्ण ने खुद ही अपने को घायल किया कुएं में कूद गया। वहां से निकाल कर किसी तरह अस्पताल लाया गया । रामकृष्ण ने अस्पताल के लेटर हेड पर कुछ लिखने का प्रयास किया है इसके मायने निकाले जा रहे हैं। बहरहाल प्रथम दृश्या इस मामले में यही प्रतीत होता है की रामकृष्ण को भूत प्रेत परेशान कर रहे हैं। ऐसा उसे संदेह है जिसके कारण उसने यह हरकत की है। देखना है पुलिस यदि जांच करती है तो इस मामले में क्या निकलकर सामने आता है।

## राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा का आयोजन 22 फरवरी को

**कोरबा ।** छ.ग. लोक सेवा आयोग रायपुर द्वारा आयोजित राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2025 का आयोजन 22 फरवरी को प्रात: 10 बजे से 12 बजे तक एवं दोपहर 3 बजे से 5 बजे तक दो पाली में किया गया है। इस परीक्षा में जिले में 3904 परीक्षार्थी शामिल होंगे। जिनके लिए 11 परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं। परीक्षा केन्द्रों के निरीक्षण हेतु 4 उड़न दस्ता दल गठित किया गया है। परीक्षा के सफल संचालन हेतु आवश्यक सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए कार्यपालिक दण्डाधिकारी की ड्यूटी परीक्षा केंद्रों में लगाई गई है।ब्रिफिंग 20 को- उक्त परीक्षा से संबंधित ब्रिफिंग 20 फरवरी को शासकीय ईविपीजी कालेज कोरबा में अपरांह 12 बजे से नोडल अधिकारी द्वारा दी जायेगी। सर्व संबंधितों को ब्रिफिंग में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने निर्देशित किया गया है।

## जिला बास्केटबॉल संघ के अध्यक्ष चुने गए संजय पांडेय



**कोरबा।** कोरबा जिला बास्केटबॉल संघ की कार्यकारिणी की बैठक टीपी नगर के एक होटल में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला ओलंपिक संघ के सुरेश क्रिस्टोफर ने की। बैठक में सर्वसम्मति से संघ के नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें गोपाल नारायण सिंह को चेयरमैन, संजय पांडे को अध्यक्ष, शेख मोहम्मद जावेद को महासचिव व साजी टी जॉन को कोषाध्यक्ष चुना गया। इसके साथ ही नई कार्यकारिणी में भागवत सिंह, शुभन पांडे, एमएन मूर्ति और सियाराम बंजारे को प्रमुख जिम्मेदारियां सौंपी गईं। सहसचिव पद पर मोहम्मद दानिश, सुनीता देवांगन, जानकी साहू, स्मिता सिंह, मनदीप तिवारी व दिब्येंदु मृधा को नियुक्त किया गया।

कार्यकारिणी सदस्यों ओपी तिवारी, राजेश मिश्रा, पवन सिन्हा, पद्मनी साहू, मोहम्मद सद्दाम और हिरबश साहू निर्वाचित हुए। सभी पदाधिकारियों ने संगठन को मजबूत करने तथा जिले में बास्केटबॉल खेल को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का संकल्प लिया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि आगामी अप्रैल में जिले में राज्य स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में प्रदेश के सभी जिलों की महिला व पुरुष टीमों को आमंत्रित किया जाएगा। आयोजन के माध्यम से खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच मिलेगा । जिले में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी।

## राताखार की जमीन का सीमांकन कराने की मांग

**कोरबा।** पूर्व मंत्री ननकी राम कंवर ने राजस्व विभाग के सचिव को पत्र लिखकर राताखार की जमीन का सीमांकन कराने की मांग की है। कंवर का कहना है कि हाई कोर्ट बिलासपुर ने जिला प्रशासन को खसरा नंबर 74/1 का सीमांकन और स्थल जांच करने आदेशित किया था। दूसरी ओर तहसीलदार ने स्थल खाली करने की सूचना दी है। इससे लोग परेशान हैं। राजस्व विभाग के अधिकारी, कर्मचारी किसी एक व्यक्ति को लाभ पहुंचाने राजस्व रिकॉर्ड के साथ छेड़छाड़ कर हाई कोर्ट को भी गुमराह कर रहे हैं।

## औराकछार में 5 दिवसीय अखंड रामायण 20 से

**कोरबा।** बालकोनगर के ग्रामीण अंचल स्थित औराकछार गांव में शुक्रवार 20 फरवरी से 5 दिवसीय अखंड रामायण आयोजित है। 26 फरवरी तक चलने होने वाले आयोजन के मुख्य अतिथि रामपुर विधायक फूल सिंह राठिया होंगे। आयोजन समिति के अध्यक्ष लगनराम यादव ने क्षेत्रवासियों से अखंड रामायण में शामिल होकर पुण्यलाभ लेने की अपील की है

## पुराना बस स्टैंड में यात्रियों के लिए नहीं है प्रतीक्षालय, पानी के लिए भटकना पड़ रहा

**कोरबा।** शहर के पुराने बस स्टैंड को सुविधाओं का इंतजार है, लेकिन कई दशक बाद भी यात्री सुविधाओं पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। यात्रियों के बैठने के लिए न तो प्रतीक्षालय बना है और न ही पीने के लिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था है। ऐसे में यात्री खुले बस का इंतजार करते हैं। पीने के पानी और शौचालय के लिए भटकते हैं।जिले में एक ओर विकास कार्यों के लिए डीएमएफ से जमकर रकम खर्च किया जा रहा है तो दूसरी ओर शहर के नए व पुराने बस स्टैंड बदहाल स्थिति में है। यात्रियों के लिए न तो पर्याप्त सुविधा है और न ही शुद्ध पेयजल की व्यवस्था है। सबसे दयनीय स्थिति पुराना बस स्टैंड की है, जिसे नगर निगम ने लगभग भूला दिया है। 80 के दशक में पुराना बस स्टैंड से ही लंबी दूरी के लिए चलने वाले बसों का ठहराव व आवाजाही होती थी। हालांकि ट्रांसपोर्टनगर समेत बुधवारी व निहारिका-कोसाबाड़ी की ओर शहर का दायरा बढ़ने के साथ ही यातायात का दबाव बढ़ने व पावर हाउस रोड से पुराना बस स्टैंड की ओर आवाजाही में रेलवे फाटकों के झंझट के चलते टीपीनगर में नया बस स्टैंड का निर्माण किया गया। जिसके बाद से पुराना बस स्टैंड में सुविधा बढ़ाने की ओर ध्यान ही नहीं दिया गया

## यूपीएससी मुख्य परीक्षा उत्तीर्ण करने पर मेयर ने राज को दी 1 लाख प्रोत्साहन राशि



**कोरबा।** संघ लोक सेवा आयोग की मुख्य परीक्षा उत्तीर्ण करने पर मानस नगर के राज पटेल को महापौर संजू देवी राजपूत ने 1 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि दी। उन्होंने राज पटेल को आगे बढ़ाने की शुभकामनाएं दी। नगर निगम के वार्ड क्रमांक 19 मानस नगर में रहने वाले राज पटेल ने आयोग की अगस्त में आयोजित मुख्य परीक्षा उत्तीर्ण की है। निगम क्षेत्र में वे पहले ऐसे युवा हैं जिन्होंने कठिन परीक्षा को पास किया है। इसी उपलब्धि के लिए महापौर ने मंगलवार को अपने कक्ष में सम्मान निधि से यह राशि प्रदान की है। इस मौके पर राज की मां शकुंतला पटेल, निगम सचिव रामेश्वर सिंह कंवर, सचिन तिवारी संजय झा के साथ उनके परिजन मौजूद रहे।

## प्रेस क्लब के शुरूआती मैच में सीएसईबी को जीत

### मेयर संजूदेवी ने सराहा प्रेस क्लब के आयोजन को



**कोरबा।** रेस क्लब द्वारा आयोजित केएल मेहता मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का पहला मैच सीएसईबी ने जीत लिया। उसने एसईसीएल को हराया। टूर्नामेंट में कोरबा जिले की 16 टीम शामिल हो रही है। मेयर संजू देवी राजपूत ने खिलाड़ियों को मौका देने के लिए प्रेस क्लब के इस आयोजन की सराहना की। कोरबा के ओपन थिएटर मैदान में प्रेस कब के द्वारा क्रिकेट का यह टूर्नामेंट कराया जा रहा है। आयोजन समिति की ओर से अध्यक्ष राजेंद्र जायसवाल सहित पत्रकारों ने अतिथियों का स्वागत सत्कार किया। टूर्नामेंट का पहला मैच बिजली उत्पादन कंपनी कोरबा और साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड कोरबा क्षेत्र के बीच खेला गया। खिलाड़ियों ने इस मौके पर शानदार प्रदर्शन किया। इस मैच में कोयला कंपनी की टीम को जीत मिली। उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि संजू देवी राजपूत नगर निगम के सभापति ठाकुर और वार्ड के पार्षद पंकज देवांगन अपनी बात रखी और आयोजन की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से खिलाड़ियों को मौका मिलता है और शहर को एक नई पहचान।प्रथम मैच की समाप्ति के बाद आयोजन समिति की ओर से अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। इस अवसर पर प्रेस क्लब के पदाधिकारी सहित वरिष्ठ पत्रकार कमलेश यादव, मनोज शर्मा, विजय खेत्रपाल एवं खेलप्रेमी उपस्थित थे।

# पाली महोत्सव में बालको के स्टॉल पर दिखे पारंपरिक व्यंजन और मिरर आर्ट



**बालको नगर।** दो दिवसीय पाली महोत्सव में बालको कंपनी ने सामुदायिक विकास मॉडल की प्रदर्शनी लगाई। जिसमें औद्योगिक प्रगति के साथ सामुदायिक विकास में बालको कंपनी की प्राथमिकता को दर्शाया। इसका अवलोकन महोत्सव में पहुंचे उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन समेत अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी अवलोकन किया। साथ ही प्रशासनिक अधिकारियों व स्थानीय समुदाय के लोग प्रदर्शनी का हिस्सा बनें।

बालको कंपनी ने पाली महोत्सव में अपनी सशक्त सामाजिक भागीदारी के साथ अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। उद्योग मंत्री देवांगन, सांसद ज्योत्सना महंत, पाली-तानाखार विधायक मोहित राम केरकेट्टा समेत अन्य जनप्रतिनिधियों ने बालको कंपनी के स्टॉल की पारंपरिक थीम, महिलाओं के प्रयासों और सामुदायिक विकास पहल को सराहा।मंत्री देवांगन ने महिलाओं के स्व-सहायता समूहों, शिक्षा, स्वास्थ्य और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में कंपनी के कार्यों की प्रशंसा की। सांसद महंत ने आयोजन को क्षेत्र के लोगों के लिए उत्साह और सांस्कृतिक गौरव का केंद्र बताया। बालको के सामुदायिक विकास कार्यों पर स्व सहायता समूह की महिलाओं से चर्चा कर कंपनी के उन्नति परियोजना को सराहा। स्टॉल में एल्यूमिनियम निर्माण प्रक्रिया के साथ सामाजिक विकास से जुड़ी पहल की प्रस्तुति नजर आई। समूह की महिलाओं की बनाई गोंकरा, लिपन, मिरर और म्यूरल आर्ट के साथ-साथ पारंपरिक छत्तीसगढ़ी व्यंजनों ने लोगों को आकर्षित किया।सिर्फ उद्योग नहीं, समाज के समग्र विकास का साथी है बालको, स्टॉल ने बटोरीं सुर्खियां महोत्सव में कंपनी की लगाई प्रदर्शनी से लोगों ने शिक्षा, स्वास्थ्य, युवा स्वावलंबन और आधारभूत संरचना विकास से संबंधित परियोजनाओं की जानकारी पाई। साथ ही नंदघर परियोजना और बालको के स्वास्थ्य सेवा प्रयासों को भी प्रदर्शित किया गया। इससे यह स्पष्ट हुआ कि बालको केवल एक औद्योगिक संस्था नहीं बल्कि समाज के समग्र विकास का भरोसेमंद साझेदार है। बालको कंपनी बीते 6 दशकों से उत्कृष्टता, नवाचार और समावेशन के मूल्यों के साथ काम कर रहा है।

## एसईसीएल के प्रथमोपचार स्पर्धा रही विवादों में, नही आए लोग मौके पर



**कोरबा।** एसईसीएल गेवरा प्रबंधन की मेजबानी में गेवरा स्टेडियम में अंतर क्षेत्रीय प्राथमिक उपचार स्पर्धा में अव्यवस्था से नाराज वेलफेयर कमेटी के सदस्यों ने मंगलवार को कार्यक्रम का बहिष्कार कर दिया। कार्यक्रम के मुख्य गेट के सामने विरोध जताया।

मंच के सामने रखी कुर्सियां भी खाली रही। बिना टेंट व्यवस्था के खुले में कुर्सियां रखे जाने से धूप के कारण प्रतिभागी टीमों के साथ पहुंचे सहयोगियों ने परिसर में छायादार जगह तलाशते रहे। अव्यवस्था के बीच संपन्न अंतर क्षेत्रीय प्राथमिक उपचार स्पर्धा का भले ही ओवरऑल चैंपियन एसईसीएल गेवरा को हासिल हुआ। लेकिन स्पर्धा की मेजबान कर रही एसईसीएल गेवरा प्रबंधन को वेलफेयर मेंबरों का विरोध का सामना करना पड़ा। एसईसीएल गेवरा स्टेडियम में दो दिवसीय अंतर क्षेत्रीय प्राथमिक उपचार प्रतियोगिता के समापन पर मुख्य अतिथि एसईसीएल के निदेशक (एचआर) बिरंची दास और अध्यक्षता एसईसीएल गेवरा एरिया जीएम अरूण कुमार त्यागी ने की।दो दिन तक चली इस प्रतियोगिता की शुरुआत मार्च पास्ट से हुई। इसका नेतृत्व गेवरा परियोजना के रवि बहरा ने किया। प्रतियोगिता में फर्स्ट एड से संबंधित विभिन्न स्पर्धाओं में प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा दिखाई। स्पर्धा में कुल 48 टीमों ने हिस्सा लिया। इन्हें ए, बी और सी तीन श्रेणियों में विभाजित कर प्रतियोगिता संपन्न कराया। एसईसीएल के 13 एरिया के साथ ही 9 निजी कंपनियों की टीम ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर गेवरा टीम ने ओवरऑल चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया।वेलफेयर मेंबरों ने कहा कि खिलाड़ियों को धूप में बैठने के लिए मजबूर होना पड़ा। उन्हें उचित व्यवस्था नहीं मिली। समापन समारोह में कंपनी जेसीसी सदस्य सुजीत कुमार, नाथूलाल पांडे, अजय विश्वकर्मा, गोपाल नारायण सिंह, वी. मनोहर, एके खुल्लर समेत एरिया जेसीसी एवं वेलफेयर के सदस्य उपस्थित रहे। कोयला खदानों में हादसे पर अंकुश लगाने एसईसीएल का समय-समय पर अलग-अलग एरिया की मेजबानी पर इस तरह की प्रतियोगता होती है। इससे खदानों में कार्यरत कर्मचारियों को सुरक्षा के प्रति जागरूक करना और आपातकालीन स्थिति में प्रभावी प्रतिक्रिया के लिए मॉकड्रिल से संकट में फंसे कर्मियों के जीवन को बचाने कौशल मजबूत करना है। मगर खदानों में सुरक्षित कार्य का माहौल बनाने पर केन्द्रित एसईसीएल गेवरा की मेजबानी में हुए अंतरक्षेत्रीय उपचार प्रतियोगिता में अव्यवस्था चर्चा का विषय भी रहा।धूप की वजह से मंच के सामने कुर्सियों पर नहीं बैठे बदलते मौसम से मंगलवार को धूप के कारण मंच के सामने कुर्सियों पर लोग नहीं बैठे। इस कारण कुर्सियां खाली रही। विभिन्न एरिया से पहुंचे टीमों के प्रतिभागियों के सहयोगियों के लिए बैठने की व्यवस्था की गई थी। लेकिन अव्यवस्था के कारण स्टेडियम की गैलरी में बैठे नजर आए। अव्यवस्था से नाराज एसईसीएल गेवरा एरिया के वेलफेयर मेंबर राजेश सिंह, शेख मकसूद, राजकुमार पांडे, सुनील पटेल, सीताराम साहू, महेंद्र प्रताप, मणिकांत, हमराज राव, भानु प्रताप ने कार्यक्रम का बहिष्कार कर दिया।

# दो साल बाद संजय अंडर पास का टेन्डर जारी, अब काम की प्रतीक्षा



**कोरबा ।** संजय नगर रेलवे क्रॉसिंग पर अंडरब्रिज बनाने ठेका कंपनी शीला कंस्ट्रक्शन रायपुर से सेतु निर्माण विभाग ने अनुबंध कर लिया है। ठेका कंपनी को वर्क आर्डर भी जारी कर दिया गया है। ठेका कंपनी ने रेलवे के साथ सर्वे किया है। क्रॉसिंग से केबल और बॉक्स को हटाने डिमांड नोट मिलना बाकी है। निर्माण कार्य भी शुरू करने की तैयारी की जा रही है। निर्माण में डेढ़ साल का समय लगेगा। ने 8 फरवरी के अंक में फाइलों में उलझा अंडरब्रिज: 2 महीने पहले टेंडर, अब तक ठेका कंपनी से एग्रीमेंट नहीं शीर्षक से खबर प्रमुखता से प्रकाशित की थी। इसके बाद ही पीडब्ल्यूडी सेतु निर्माण के अधिकारी सक्रिय हुए। अंडरब्रिज निर्माण के लिए रायपुर की कंपनी को17.45 करोड़ में ठेका दिया गया है।2 साल पहले जिला खनिज न्यास मद से निर्माण के लिए 50 प्रतिशत राशि की मंजूरी मिली थी। इसके बाद से ही अंडरब्रिज की प्रक्रिया चल रही है। इसकी लागत 30 करोड़ 97 लाख 89 हजार रुपए है। जिसमें निर्माण के साथ ही मुआवजा, बिजली और पाइप लाइन की शिफ्टिंग के लिए भी राशि का प्रावधान है। इसकी आधी राशि रेलवे देगा। 1 साल पहले रेलवे और सिंचाई विभाग की जमीन से मुआवजा देने के बाद 88 मकानों को खाली भी कराया जा चुका है। निर्माण स्थल से पाइपलाइन व बिजली खंभे की शिफ्टिंग भी होने है।कुछ औपचारिकता बाकी है।ठेका कंपनी को वर्क आर्डर जारी हो चुका है। रेलवे प्रबंधन के साथ सर्वे होने के बाद कुछ औपचारिकताएं बाकी है। निर्माण का काम शीघ्र शुरू हो इसका प्रयास कर रहे हैं।

## 11 केन्द्रों में सीजी पीएससी की प्रारंभिक परीक्षा 22 को होगी

**कोरबा।** लोक सेवा आयोग रायपुर की पीएससी परीक्षा 22 फरवरी को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 3 बजे से शाम बजे तक आयोजित की जाएगी। इसके लिए जिले में 11 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। इस परीक्षा में जिले में 3904 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा केन्द्रों के निरीक्षण के लिए 4 उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है। .

## सेना में भती: ऑनलाइन आवेदन 1 अप्रैल तक करें

**कोरबा।** सेना में भर्ती के लिए अधिसूचना जारी की गई है। यह भारतीय सेना की वेबसाइट ज्वाइन इंडियन आर्मी डॉट एनआईसी डॉट इन पर उपलब्ध है। ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 1 अप्रैल तक खुली रहेगी। आवेदन अग्निवीर पुरूष जनरल, तकनीकी, लिपिक /स्टोरकीपर, ट्रेडमेन 10 वीं पास, ट्रेडमेन 8 वीं पास निर्धारित की गई है।

## औराकछार में 5 दिवसीय अखंड रामायण 20 से

**कोरबा।** बालकोनगर के ग्रामीण अंचल स्थित औराकछार गांव में शुक्रवार 20 फरवरी से 5 दिवसीय अखंड रामायण आयोजित है। 26 फरवरी तक चलने होने वाले आयोजन के मुख्य अतिथि रामपुर विधायक फूल सिंह राठिया होंगे। आयोजन होकर पुण्यलाभ लेने की अपील की है।

## बम्हनीडीह भाजपा किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष बने भूपेंद्र

**बम्हनीडीह ।** भारतीय जनता पार्टी के बम्हनीडीह मंडल किसान मोर्चा अध्यक्ष के लिए भाजपा सक्ति जिलाध्यक्ष टिकेश्वर गबेल ने पार्टी की अनुमति से भूपेंद्र डडसेना को बम्हनीडीह मंडल का किसान मोर्चा अध्यक्ष नियुक्त किया है। इससे पूर्व भी वे मंडल स्तर पर कई कार्यक्रमों में सक्रिय भूमिका निभा चुके हैं। पार्टी को उम्मीद है कि वे संगठन को और मजबूत करेंगे। यह नियुक्ति भाजपा की सांगठनिक मजबूती की दिशा में एक रणनीतिक निर्णय माना जा रहा है। भुपेंद्र डडसेना की नियुक्ति के बाद बम्हनीडीह क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा गया। कार्यकर्ताओं का कहना है कि किसान मोर्चा अध्यक्ष के नेतृत्व में मंडल को नई दिशा मिलेगी और संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत किया जाएगा। इससे कार्यकर्ताओं में हर्ष है।

## वार्डों में विकास कार्यों का हुआ भूमिपूजन

**बाराद्वार।** नगर पंचायत बाराद्वार के विभिन्न क्षेत्रों में आधारभूत संरचना को मजबूत करने के लिए सोमवार को स्थानीय जन प्रतिनिधियों ने आरसीसी नाली निर्माण का भूमिपूजन किया । मुक्ताराजा के वार्ड क्रमांक 14 एवं 15 सहित वार्ड नम्बर एक में लाखों रुपए की लागत से बनने वाली नालियों से जल निकासी की समस्या को दूर हो सकेंगीं।

इन कार्यों का उद्देश्य नागरिकों को बेहतर शहरी सुविधाएं प्रदान करना है। नगर के अनेक क्षेत्रों में लंबे समय से पानी निकासी की समस्या बनी हुई थी, जिसके समाधान के लिए लोग लगातार मांग करते आ रहे थे। इस दिशा में नगर पंचायत ने सक्रियतादिखाई है। सोमवार को मुक्ताराजा के वार्ड क्रमांक 14 एवं 15 में 10 लाख 12 हजार एवं वार्ड क्रमांक एक मे 12 लाख 24 हजार की लागत %से आरसीसी नाली निर्माण का भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष नारायण कुर्रे, नपं उपाध्याय जितेश शर्मा, सांसद प्रतिनिधि अमित कलानोरिया, वार्ड पार्षद अंजू कुर्रे, पार्षद कैलाश भैना,पूर्व पार्षद मेगनू भैना, वार्ड क्रमांक 10 पार्षद अजय राजपूत, सीएमओ पुनीत वर्मा, इंजीनियर, लक्ष्मण दाहिरे, छतराम, यादराम यादव, शिवचरण बरेठ, शिवनाथ बरेठ, गंगाराम बरेठ, पार्षद अमित बरेठ, मोतीलाल कुर्रे, कीर्ति सागर, हसत राम साहू, गनपत बरेठ, पार्षद ज्योति राठौर, अंजली,राजेश साहू, प्रीति अनिल यादव प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# कांग्रेस ने किया जिला कलेक्टर कार्यालय का घेराव

**जांजगीर-चांपा।** जिला कांग्रेस कमेटी जांजगीर चांपा द्वारा मनरेगा कानून में बदलाव और किसानों का पूरा धान नहीं खरीदने के विरोध में मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय का घेराव किया गया । छत्तीसगढ़ में मनरेगा का नाम बदले जाने और किसानों का पूरा धान नहीं खरीदने का कांग्रेस लगातार विरोध कर रही है, जांजगीर में कांग्रेस ने सभा का आयोजन करने के पश्चात पैदल मार्च निकलकर जिला कलेक्टर कार्यालय का घेराव किया । मोदी सरकार ने मनरेगा योजना का नाम बदलकर महात्मा गांधी जी के बताए गए रास्ते को भूलने का घिनौना प्रयास किया है, नाम बदले जाने का कांग्रेस विरोध कर रही है । जांजगीर में इस मुद्दे पर कांग्रेस नेताओं ने पैदल मार्च निकाला और कलेक्टर कार्यालय का घेराव किया। कांग्रेस नेताओं ने मदनलाल पेट्रोल पंप से पैदल मार्च करते हुए जोरदार विरोध प्रदर्शन किया और नारेबाजी करते हुए बड़ी संख्या में कांग्रेसी कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे।

इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने कहा कि मनरेगा कोई साधारण योजना नहीं, बल्कि जन आंदोलनों से निकला कानून है। यह 'हर हाथ को काम दो, काम का पूरा दाम दो' के सिद्धांत पर आधारित है। इस कानून ने ग्रामीणों को 100 दिन के रोजगार की कानूनी गारंटी दी, महिलाओं और भूमिहीन मजदूरों को सशक्त किया और गांवों में विकास को मजबूती दी। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विजय जांगिड़ ने कहा कि





तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह एवं सोनिया गांधी के द्वारा मजदूरों के हितों में मनरेगा योजना लाई गई थी। इसमें मजदूरों को 100 दिन का रोजगार दिया जाता था। अब मोदी सरकार इसे षडयंत्रपूर्वक बदलने का काम कर रही है, इसमें हम स्वीकार नहीं करेंगे ।

मनरेगा को लेकर विधायक व्यास कश्यप ने कहा है कि नया प्रस्ताव रोजगार की कानूनी गारंटी को खत्म कर मांग आधारित अधिकार की जगह केंद्र नियंत्रित योजना लागू करना चाहता है। इससे न तो काम की गारंटी रहेगी और न ही समय पर भुगतान सुनिश्चित होगा। आपदा या आर्थिक संकट के समय ग्रामीणों को रोजगार सुरक्षा भी नहीं मिलेगी।

विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि मोदी सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने मनरेगा के नाम को बदलकर जो योजना लाने का काम किया है, उसमें राज्य सरकार को 40 फ़ीसदी की राशि देने को कहा है जब राज्य सरकार के पास पैसे नहीं है, तो यह योजना कैसे चल सकती है । हालत यह है कि राज्य में प्रदेश सरकार के कोई भी कार्य नहीं हो रहे है तो 40 फीसदी राशि राज्य सरकार कहां से देगी ।

विधायक शेषराज हरबंश ने कहा कि भाजपा नाथूराम गोडसे के महिमामंडन की राजनीति के तहत गांधी जी की स्मृति को कमजोर करना चाहती है। उन्होंने कहा कि किसी योजना से गांधी जी का नाम हटाने से उन्हें देश की चेतना से अलग नहीं किया जा सकता। गांधी जी भारत के जन-जन में बसे हैं।

विधायक बालेश्वर साहू ने साफ ऐलान किया है कि वह इस योजना को बदले जाने के खिलाफ हैं । मोदी सरकार इस योजना को अपने मूल स्वरूप में जब तक वापस लाने का काम नहीं करती है तब तक हमारा विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा ।

कलेक्टोरेट घेराव कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने कहा कि मनरेगा जैसी जनकल्याणकारी योजना से महात्मा गांधी का नाम हटाना एक सोची-समझी राजनीतिक साजिश है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार महापुरुषों के नाम और विचारधारा को खत्म करने की कोशिश कर रही है। साथ ही केंद्र सरकार राज्यों पर आर्थिक बोझ डालकर अपनी जिम्मेदारियों से बच रही है। उन्होंने कहा कि यह बदलाव गरीबों के 'काम के कानूनी अधिकार' को कमजोर करने का प्रयास है।कांग्रेस नेताओं ने यहां कलेक्टर दफ्तर का घेराव किया और कलेक्टर को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर दिनेश शर्मा, रमेश पैगवार, रामविलास राठौर,सुनील साधवानी, हरीश पांडे, जय थवाईत, हरीश सीतलानी, डॉ पारस शर्मा, अजीत सिंह राणा, अजीत साहू, नागेंद्र गुप्ता, गुलशन सोनी, देव कुमार पांडे, मनरेगा प्रभारी विजय केसरवानी, संदीप यादव, दिनेश शर्मा, मंजू सिंग, मोतीलाल देवांगन, रघुराज पांडेय, गिरधारी यादव, संदीप अग्रवाल, हरप्रसाद साहू समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे । रैली में पहुंचे किसान, मजदूरों ने कलेक्टर कार्यालय के सामने लगाए गए टिन शेड को तोड़ने का प्रयास किया और भारी आक्रोश जताया । कांग्रेस के आला नेताओं ने देश के राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा ।

## वॉर्ड बॉय की संदिग्ध मौत, परिजनों ने लगाया लापरवाही का आरोप

**अकलतरा।** नगर स्थित कुंवर भुवन भास्कर सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उस समय हड़कंप मच गया जब अस्पताल में नाइट ड्यूटी कर रहे वॉर्ड बॉय का शव ऑपरेशन थिएटर के अंदर संदिग्ध अवस्था में मिला।

जानकारी के अनुसार सम्मेलाल सिदार बीती रात नाइट ड्यूटी के लिए घर से अस्पताल आए थे। सुबह करीब 10 बजे जब अस्पताल के अन्य कर्मचारी पहुंचे तो ऑपरेशन थिएटर के अंदर वे अचेत अवस्था में पड़े मिले। कर्मचारियों ने तत्काल इसकी सूचना बीएमओ डॉ. महेंद्र सोनी को दी। बीएमओ के द्वारा मौके पर पहुंचकर जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजन अस्पताल पहुंचे और अस्पताल प्रबंधन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया तथा मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। मृतक के परिजन बहोरमती जगत और संतोष जगत ने कहा कि यह अस्पताल प्रबंधन की घोर लापरवाही है कि एक कर्मचारी पूरी रात ड्यूटी के दौरान मृत पड़ा रहा और किसी को इसकी जानकारी तक नहीं हुई। उन्होंने शासन-प्रशासन से मामले की जांच कर

दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। बीती रात सम्मेलाल सिदार ने अस्पताल के दो अन्य कर्मचारियों के साथ शराब का सेवन किया था। बताया जा रहा है कि अस्पताल के सीसीटीवी फुटेज की जांच से इस संबंध में और तथ्य सामने आ सकते हैं। फिलहाल मामले को लेकर जांच की मांग तेज हो गई है।

## बलौदी में भागवत कथा पुराण शुरू, कलश यात्रा निकाली

**बारगांव।** ग्राम बलौदी में 15 फरवरी से श्रीमद्भागवत कथा पुराण का आयोजन श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ प्रारंभ हुआ। आयोजन की शुरुआत कलश यात्रा के साथ की गई, जिसमें ग्राम की महिलाओं एवं श्रद्धालुओं ने पारंपरिक वेशभूषा में भाग लेकर पूरे गांव का वातावरण भक्तिमय बना दिया। अनिल, संजय शर्मा, अरविंद, प्रभात, अखिलेश, चीनू, अंशुमान, माहेश्वरी, संगीता, रश्मि शर्मा,शेष तिवारी, पंकज शर्मा, प्रदीप दुबे, सौरभ तिवारी शामिल हुए।

## लगातार चौथे दिन फिर खून से लाल हुई सड़क, एक की मौत, एक गंभीर

**चांपा।** नगर में सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है।लगातार चौथे दिन हुई दुर्घटनाओं ने लोगों के मन में दहशत का माहौल पैदा कर दिया है। चार दिनों के भीतर सड़क हादसों में दो लोगों की मौत एवं तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पहली घटना ग्राम हाथनेवरा निवासी रवि पटेल (25 वर्ष) पिता सम्मेलाल पटेल के साथ हुई। बताया जा रहा है कि वह अपने काम से जा रहे थे, तभी विपरीत दिशा से आ रही एक तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में उनके दोनों पैरों में गंभीर चोट आई है, जिसमें एक पैर में फ्रैक्चर बताया जा रहा है। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उनकी हालत गंभीर देखते हुए उन्हें उच्च चिकित्सा केंद्र के लिए रेफर कर दिया। परिजनों के अनुसार युवक की स्थिति अभी भी चिंताजनक बनी हुई है। दूसरी घटना में चांपा सदर बाजार के डोंगाघाट निवासी तुलसीदास महंत 60 वर्ष की मौत हो गई। तुलसीदास महंत साइकिल से अपने घर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से तेज रफ्तार में आ रही 'छोटा हाथी' वाहन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद वाहन चालक ने मानवता दिखाते हुए उन्हें उसी वाहन से शासकीय बीडीएम अस्पताल चांपा पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रबंधन द्वारा शव को मर्च्युरी में रख दिया गया है। इसके पूर्व गौरव पथ में सड़क दुर्घटना के कारण पचोरी निवासी एक व्यक्ति की मौत हो चुकी है। वहीं उसका पुत्र घटना में घायल हुआ था।

### तीन एसआई और सात एएसआई का तबादला

**जांजगीर।** मंगलवार को जिले के अलग-अलग थानों में पदस्थ तीन एसआई और सात एएसआई का तबादला किया गया है। राहौद चौकी प्रभारी सत्यम चौहान को पुलिस लाइन में पदस्थ किया गया है, जबकि रजेट से रामप्रसाद बघेल को उनके स्थान पर भेजा गया है। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय ने प्रशासनिक दृष्टिकोण से 10 कर्मचारियों के तबादले के आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश के अनुसार, भागवत प्रसाद डहरिया को थाना जांजगीर से रक्षित केंद्र भेजा गया है। राजेश कुमार साहू को थाना बलौदा से थाना पामगढ़, प्रतिभा राठौर को थाना बलौदा से प्रभारी चौकी कोटमीसोनार, राजेंद्र सिंह क्षत्रिय को थाना बिर्रा में पदस्थ किया गया है।

## शिव मंदिर में मूर्तियां खंडित, पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

**नवागढ़।** खैरताल में शिव मंदिर में मूर्तियों को खंडित करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामला शिवरीनारायण थाना क्षेत्र का है।



इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार नवागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम खैरताल में शिव मंदिर में मूर्तियों को खंडित कर दिया गया था।

पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 298 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया है। धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के मामले में पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए सूचना पर खैरताल निवासी शेख अनवर उम्र 30 वर्ष पर संदेह हुआ।

पूछताछ में आरोपी ने नशे की हालत में मूर्तियां खंडित करना जुर्म स्वीकार किए जाने से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। पुलिस ने आरोपी शेख अनवर उर्फ छोटा फोन उम्र 30 वर्ष निवासी खैरताल थाना नवागढ़ को गिरफ्तार किया।

उक्त कार्यवाही मे निरीक्षक कमलेश कुमार थाना प्रभारी नवागढ़, सउनि संतोष केरकेट्टा, प्रधान आरक्षक शिवनंदन गिरधारी, आरक्षक हेमंत खरे, मुकेश राज एवं थाना स्टाफ का योगदान रहा।

## लोहे के पाइप से पीटकर भाभी की हत्या

**जांजगीर।** चांपा थाना क्षेत्र में हुए हत्याकांड में अदालत ने सख्त फैसला सुनाया है। बार-बार के झगड़ों और धमकियों के बाद 39 वर्षीय सूरज सिंह राजपूत ने घर में ही लोहे के पाइप से अपनी भाभी सीमा सिंह की हत्या कर दी थी और मां गुड्डी सिंह को गंभीर रूप से घायल कर दिया था। घटना के बाद पूरे मोहल्ले में दहशत का माहौल बन गया था।

## श्रमिकों को शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाना प्राथमिकता: मिश्रा

**जांजगीर-चांपा।** शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना विभाग की प्राथमिकता है। इस तरह के आयोजन से श्रमिकों तक सीधे जुडने महत्वपूर्ण पहल है। इस दौरान श्रम कल्याण मंडल अध्यक्ष ने हितग्राहियों को 1 करोड़ 37 लाख 2 हजार से अधिक की राशि का वितरण किया।

गौरतलब है कि मंगलवार 17 फरवरी को श्रम कल्याण मंडल के अध्यक्ष योगेश दत्त मिश्रा की अध्यक्षता में ऑडिटोरियम जांजगीर में श्रमिक जन संवाद व श्रमिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्रमिकों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।

साथ ही उन्होंने कहा कि यह आयोजन श्रमिकों को योजनाओं से सीधे जोडने और संवाद स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इसके साथ ही पात्र हितग्राहियो को विभिन्न योजनाओं के तहत कुल 1 करोड़ 37 लाख 2 हजार 294 रुपये की राशि वितरित की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्रम कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष योगेश दत्त मिश्रा ने कहा कि श्रमिकों को शासन की योजनाओं का सीधा लाभ पहुंचाना विभाग की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि इस तरह के संवाद कार्यक्रमों से श्रमिकों में जागरूकता बढ़ेगी और अधिक से अधिक पात्र हितग्राही योजनाओं से लाभान्वित हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि यह आयोजन श्रमिकों को योजनाओं से सीधे जोडने और संवाद स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। कार्यक्रम के दौरान श्रमिकों को शासन की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया गया।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक चुन्नीलाल साहू, नंदकुमार चौधरी, विकास शर्मा, पंकज अग्रवाल, अनिल शर्मा, हितेश यादव, पुष्पेंद्र प्रताप सिंह, श्रीमती इंद्रावती जांगड़े, संजय शर्मा सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी और श्रमिक उपस्थित थे।


## कार्यालय प्रमुख अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर, अटल नगर
## ( केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ ) ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

Main Portal : https://eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| स.क्र. | सिस्टम निविदा क्रमांक/दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रूपये/लाख) |
|---|---|---|---|
| 1 | 185391 प्रथम आमंत्रण 11.02.2026 | जिला कोरिया के केन्दई बरदर बैकुण्ठपुर सोनहत रामगढ़ म.प्र. सीमा मार्ग लं. 20.46 कि.मी. का मजबूतीकरण निर्माण कार्य। | 1529.38 |
| 2 | 185432 प्रथम आमंत्रण 11.02.2026 | जिला बालोद वि.खं. डौंडीलोहारा के जेवरतला (मार्ग) में नवीन शासकीय महाविद्यालय भवन का वाटर सप्लाई, सेनेटरी फिटिंग, सेप्टिक टैंक, सम्प वैल, रेन वाटर हार्वेस्टिंग एवं विद्युतीकरण सहित निर्माण कार्य। | 463.19 |
| 3 | 185445 प्रथम आमंत्रण 11.02.2026 | वर्ष 2022-23 के तृतीय अनुपूरक बजट में शामिल जिला सूरजपुर के तारा-प्रेमनगर-रामानुजनगर-कृष्णपुर मार्ग लं. 27.00 कि.मी. (चैनेज 0-5000, 5970-6800, 8330-10000, 15600-16500,16600-22000, 22200-22640, 27780-27920, 29100-29600, 35800-39700, 42000-43060, 43800-45540, 45580-48000, 48000-51000=2700 METER) का सुदृढ़ीकरण निर्माण का शेष कार्य। | 4734.59 |
| 4 | 185449 प्रथम आमंत्रण 11.02.2026 | जिला रायपुर के नवीन शासकीय आई.टी.आई. बंगोली (खरोरा) विकासखंड तिल्दा में महाविद्यालय भवन, 50 सीटर छात्रावास भवन एवं एफ टाईप क्वार्टर का निर्माण कार्य, वॉटर सप्लाई, सेनेटरी फिटिंग एवं विद्युतीकरण कार्य सहित। विधानसभा संभाग रायपुर। | 521.50 |
| 5 | 185471 द्वितीय आमंत्रण 12.02.2026 | पी.एम.उषा योजनांतर्गत जिला राजनांदगांव के डोंगरगढ़ शासकीय नेहरू पी.जी. महाविद्यालय में जिला गर्ल्स हॉस्टल भवन का वाटर सप्लाई, सेनेटरी फिटिंग, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, बाउण्ड्रीवाल, पहुंच मार्ग एवं विद्युतीकरण सहित निर्माण कार्य। जमा मद। | 247.85 |
| 6 | 185473 द्वितीय आमंत्रण 12.02.2026 | बिलासपुर रतनपुर कटघोरा (पुरान एन.एच.130) के कि.मी.29/2 से 31/2=1.40 कि.मी. में मजबूतीकरण एवं कि.मी. 29/8 पर दबकी नाला पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 499.72 |
| 7 | 185476 तृतीय आमंत्रण 12.02.2026 | जिला गरियाबंद के मुगिया झाराबहाल मार्ग पर नाला बेलाटजोर नाला पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 263.35 |
| 8 | 185477 द्वितीय आमंत्रण 12.02.2026 | सीपत नवाडीह चौक से दर्राभाठा लीलागर पुल तक मार्ग लंबाई 4.525 कि.मी. का निर्माण कार्य। | 658.85 |
| 9 | 185482 द्वितीय आमंत्रण 12.02.2026 | जिला कबीरधाम के भौंदा से भीरा मार्ग के फोंक नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 650.07 |
| 10 | 185483 तृतीय आमंत्रण 12.02.2026 | जिला मुंगेली के सुरजपुरा-बुधवारा मार्ग में आगर नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 271.99 |
| 11 | 185479 द्वितीय आमंत्रण 12.02.2026 | जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई के राजनांदगांव कवर्धा मार्ग के कि.मी. 51/10 (राज्य मार्ग 05) पर कदम नाला पर उच्च स्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 327.89 |
| 12 | 185481 तृतीय आमंत्रण 12.02.2026 | जिला कोण्डागांव के अंतर्गत एन.एच.30 के कि.मी. 246/2 वनउसरी माकड़ी मार्ग के कि.मी. 2/2 नारंगी नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य, शेष कार्य। CGRIDCL | 464.12 |
| 13 | 185470 प्रथम आमंत्रण 12.02.2026 | बोदरी में नवीन विश्रामगृह भवन का निर्माण, वा.स.से.फि., विद्युतीकरण, बाउण्ड्रीवाल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 299.67 |
| 14 | 185472 द्वितीय आमंत्रण 12.02.2026 | जिला बालोद के दल्लीराजहरा में नवीन सिविल न्यायालय भवन का वाटर सप्लाई, सेनेटरी फिटिंग, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, बाउण्ड्रीवाल एवं विद्युतीकरण सहित निर्माण कार्य। | 746.27 |
| 15 | 185475 द्वितीय आमंत्रण 12.02.2026 | जिला दन्तेवाड़ा के उदेनार से रायगोदी गरहद तक पहुंच मार्ग लंबाई 6.20 कि.मी. का निर्माण कार्य, जमा मद। | 669.95 |
| 16 | 185491 द्वितीय आमंत्रण 12.02.2026 | जिला मोहला मानपुर अ.चौकी के रेतेगांव से मुचर मार्ग लंबाई 3.00 कि.मी. का पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य। | 292.94 |
| 17 | 185493 द्वितीय आमंत्रण 12.02.2026 | जिला बेमेतरा के नवागढ़ से मानपुर मार्ग लंबाई 2.35 कि.मी. का पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य। | 333.11 |
| 18 | 185494 द्वितीय आमंत्रण 12.02.2026 | जिला बलौदाबाजार में इंडोर स्टेडियम काम्पलेक्स का निर्माण कार्य, वा.स.से.फि. एवं विद्युतीकरण सहित निर्माण कार्य। | 1275.01 |

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि सं.क्र.01 से सं.क्र.04 दिनांक 05.03.2026, सं.क्र.13 दिनांक 06.03.2026, सं.क्र.07,सं.क्र.10 सं.क्र.12 दिनांक 24.02.2026 निर्धारित है। एवं अन्य शेष निविदाओं के लिए दिनांक 02.03.2026 निर्धारित है। निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते है।

जी-252606733/9

मुख्य अभियंता
केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ
कार्यालय प्रमुख अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर, अटल नगर



न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी
एवं तहसीलदार जांजगीर
जिला- जांजगीर चांपा (छ.ग.)

**// ईश्तहार//**

क्रमांक/तह/वा./जन्म-मृत्यु/2025

जांजगीर, दिनांक / /2025-26
रा.प्र.क्र.- ब-121/2025-26
ग्राम- नैला

**मृत्यु प्रमाण पत्र**

एतद् द्वारा आम जनता ग्राम नैला को सूचित किया जाता है कि आवेदक रथराम सूर्य पिता मुरितराम साकिन ग्राम नैला तहसील-जांजगीर, जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.) द्वारा प.ह.नं--- ग्राम नैला में अपने बाबूलाल के मृत्यु दिनांक 25.6.2014 को होने से मृत्यु पंजीयन नहीं करा पाने के कारण पंजीयन हेतु आवेदन पत्र मय दस्तावेज इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में आगामी सुनवाई दिनांक / / 2026 के पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार न करते हुए आवेदक के पक्ष को मृत्यु प्रमाण पंजीयन की कार्यवाही कर दी जावेगी।

आज दिनांक / /2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
जांजगीर



**नाम परिवर्तन**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मैं, संजय कुमार अग्रवाल, पिता अमरनाथ अग्रवाल, निवासी ग्राम चाम्पा, जिला जांजगीर चाम्पा, पिन कोड 495671 (छ.ग.) ने अपना पुराना नाम बदलकर नया नाम संजय अग्रवाल, पिता अमरनाथ अग्रवाल रख लिया है। इसलिए भविष्य में सभी सरकारी और अन्य दस्तावेजों में मुझे मेरे नए नाम संजय अग्रवाल, पिता अमरनाथ अग्रवाल से ही पहचाना जाए।

**संजय अग्रवाल**
**ग्राम-चाम्पा**
**जिला- जांजगीर-चाम्पा**
**पिन कोड 495671 (छ.ग.)**


## सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के विजेता हुए पुरस्कृत

**सक्ती।** कलेक्टर अमृत विकास तोपनो एवं पुलिस अधीक्षक श्री प्रफुल्ल ठाकुर ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जिला स्तरीय सम्मान समारोह में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के विजेता छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि, मोमेंटो, प्रशस्ति पत्र एवं सामान्य ज्ञान की पुस्तकें प्रदान की गईं। जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को 5000 रुपये, द्वितीय स्थान के लिए 3000 रुपये तथा तृतीय स्थान के लिए 2000 रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। इसके साथ ही ब्लॉक स्तर पर भी मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। ब्लॉक स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को एक-एक हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि सहित मोमेंटो, प्रशस्ति पत्र एवं सामान्य ज्ञान की पुस्तकें भेंट की गईं। सभी प्रतिभागियों को भी सम्मान स्वरूप मोमेंटो एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा स्कूल शिक्षा विभाग के सहयोग से जिले के सभी 134 हायर सेकेंडरी विद्यालयों में 07 फरवरी 2026 को प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में कक्षा 9वीं एवं 11वीं के कुल 8836 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थी बोर्ड परीक्षा की तैयारी में व्यस्त होने के कारण इस वर्ष प्रतियोगिता केवल कक्षा 9वीं एवं 11वीं के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की गई। प्रतियोगिता में सामान्य अध्ययन, बौद्धिक योग्यता, गणित, अंग्रेजी भाषा तथा महिला एवं बच्चों की सुरक्षा से संबंधित प्रश्न पूछे गए। प्रतियोगिता का परिणाम 16 फरवरी 2026 को



जारी किया गया। जिला स्तर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कांशीगढ़ के छात्र साहिल बंजारे ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय हसौद की छात्रा जया कुर्रे ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

वहीं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टूंड्री की छात्रा कुसुम राठिया एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चांटीपाली के छात्र लोकेश साहू ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता एवं प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए अधिकारियों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यह प्रतियोगिता विद्यार्थियों में सामान्य ज्ञान के प्रति रुचि विकसित करने तथा उन्हें भविष्य में शासकीय सेवाओं के लिए प्रेरित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हो रही है।

उल्लेखनीय है कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा प्रतिवर्ष विभिन्न विभागों में बड़ी संख्या में शासकीय पदों पर भर्ती की जाती है, जैसे एसएससी, बैंकिंग, रेलवे, पीएससी, व्यापम आदि। इन प्रतियोगी परीक्षाओं का मुख्य पाठ्यक्रम सामान्य ज्ञान, रीजनिंग, गणित एवं अंग्रेजी भाषा पर आधारित होता है। यदि विद्यार्थी कक्षा 9वीं से 12वीं तक सामान्य ज्ञान की तैयारी प्रारंभ करें, तो शासकीय सेवाओं में चयन की संभावना बढ़ जाती है। वर्तमान में अधिकांश विद्यार्थी नीट एवं आईआईटी-जेईई को ही प्रमुख कैरियर विकल्प मानते हैं, जिसके कारण शासकीय सेवाओं की तैयारी हेतु प्रारंभिक मार्गदर्शन का अभाव देखा जाता है।

इसी उद्देश्य से विद्यार्थियों में जागरूकता बढ़ाने के लिए इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सक्ती वासु जैन, जिला शिक्षा अधिकारी कुमुदनी बाघ द्विवेदी तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी सुधाकर बोदले सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अनमोल वचन......

हर दिन एक नई शुरुआत होती है, इसे खास बनाएं।

# मोदी सरकार विफल

*ट्रंप अधिकतम वसूली करने और भारत की भू-राजनीतिक प्राथमिकताओं को अपने अनुरूप ढालने की कोशिश की है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि इन मोर्चों पर भारत के संप्रभु अधिकारों एवं भारतीय हितों की रक्षा करने में नरेंद्र मोदी सरकार विफल रही है। भारत और अमेरिका के बीच अंतरिम द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर जारी साझा बयान इस संबंध में सोशल मीडिया पोस्ट पर डॉनल्ड ट्रंप की पूर्व घोषणा के अनुरूप है। इसमें शामिल शर्तों के मद्देनजर यह भी कहा जा सकता है कि पूरा समझौता ट्रंप की शर्तों पर है। ह्वाइट हाउस से जारी साझा बयान के जब पहले ही पैराग्राफ में कहा गया है कि अमेरिका के सभी औद्योगिक उत्पादों और बड़े पैमाने पर खाद्य एवं कृषि पैदावार पर से भारत टैरिफ घटाएगा, तो फिर केंद्र के इस दावे में ज्यादा दम नहीं बचता कि उसने कृषि क्षेत्र के हितों की पूरी रक्षा की है।*

*अमेरिकी बयान में सूखा आसवक चोकर, चारे के लिए लाल ज्वार, ट्री नट्स (बादाम, काजू, अखरोट, पिस्ता आदि), ताजा और प्रसंस्कृत फल, सोयाबीन तेल, शराब, स्पीरिट आदि का नाम लेकर जिक्र है, जिन पर टैरिफ खत्म किए जाएंगे। उधर पांच साल में 500 बिलियन डॉलर की अमेरिकी सामग्रियों की खरीदारी की बात भी डील का हिस्सा है। फिलहाल, भारत 85 बिलियन डॉलर का निर्यात और 45 डॉलर का आयात करता है। इस तरह उसे अमेरिका से तकरीबन 40 बिलियन डॉलर का व्यापार लाभ है। अब भारत ने औसतन प्रति वर्ष 15 बिलियन डॉलर के व्यापार घाटे में जाने का करार किया है। उसका दबाव पहले से ही डगमगाए रुपये के भाव पर पड़ेगा।*

*उधर भारत में टैरिफ हटने का भारत के राजकोष पर दबाव महसूस किया जाएगा। ऊपर से ह्वाइट हाउस ने एक अलग विज्ञप्ति जारी कर इसकी पुष्टि की है कि भारत ने रूस से कच्चा तेल खरीदना बंद करने का वादा अमेरिका से किया है। बदले में अमेरिका भारतीय उत्पादों पर लगे 50 प्रतिशत को घटा कर 18 फीसदी पर लाएगा। लेकिन यह साफ है कि समझौता दोनों तरफ लगने वाले टैरिफ तक सीमित नहीं है। बल्कि अपने परिचित अंदाज के मुताबिक ट्रंप प्रशासन ने इसके जरिए भारत से अधिकतम वसूली करने और भारत की भू-राजनीतिक प्राथमिकताओं को अपने अनुरूप ढालने की कोशिश की है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि इन मोर्चों पर भारत के संप्रभु अधिकारों एवं भारतीय हितों की रक्षा करने में नरेंद्र मोदी सरकार विफल रही है।*

## राशिफल

**मेष राशिः** आज आपको लोगों का पूरा-पूरा साथ मिलेगा। आय के नए स्रोत बनेंगे। ऑफिस का काम रोज की तुलना में बेहतर तरीके से होगा। आज जीवनसाथी आपकी बहुत तारीफ करेंगे। शाम को मेहमानों के आने से घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। आपको पैतृक संपत्ति मिलने की संभावना है,।

**वृष राशिः**आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आपकी इच्छाओं की पूर्ति होगी। बिजनेस के सिलसिले में आपको विदेश यात्रा करनी पड़ सकती है, जो आपके लिए काफ़ी लाभदायक रहेगी। आपकी खुशियों में इज़ाफा होगा। ऑफिस में आपको जिम्मेदारी वाला काम मिलने की संभावना है, जिसे पूरा करने पर फायदा होगा।

**मिथुन राशिः** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज अपने काम करने के तरीकों में बदलाव करेंगे। आज आप संतान के करियर की समस्याओं को किसी अनुभवी और जानकार की मदद से सुलझा लेंगे। विपरीत परिस्थितियों में सूझ-बूझ से काम लेंगे तो, आज किसी समस्या का समाधान अवश्य मिलेगा।

**कर्क राशिः** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज बिजनेस में बहुत संजीदगी और गंभीरता से काम करने की जरूरत है। बिजनेस बढ़ाने की योजनाओं पर एक बार फिर से विचार करें। आज छोटा-बड़ा फैसला लेते वक्त किसी एक्सपर्ट की सलाह से आपको मुनाफा होगा।

**सिंह राशिः** आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में कर्मचारियों के साथ दोस्ताना व्यवहार रखने से उनकी काम करने की क्षमता बेहतर होगी, आज आपका काम समय से पहले पूरा हो सकता है। महिलाएं अपने बिजनेस में ज्यादा एक्टिव रहेंगी, आपको ज्यादा धनलाभ होगा। घर में सुखद और अच्छा माहौल रहेगा, शाम का समय बड़े बुजुर्गों के साथ बिताएंगे।

**कन्या राशिः** आज का दिन आपके लिए खुशहाल रहने वाला है। आज प्रैक्टिकल सोच रखेंगे तो आपके संतुलित रवैया से फायदा मिलेगा। आज थोड़ा समय एकांत में या किसी धार्मिक स्थान पर बिताएंगे। आज शाम माता जी से आप भविष्य को लेकर विचार-विमर्श करेंगे। आज आपके मन में तरह-तरह की बाते चलेंगी। नजदीकी लोगों से बातचीत करते समय मधुर भाषा का प्रयोग करें।

**तुला राशिः** आज आपका दिन आपके परिवार के लिए नई खुशियां लाया है। आप दोस्तों के साथ बाहर घूमने का प्लान बनायेंगे। आप दूसरों पर अपना प्रभाव बनाने में सफल होंगे, आपको अपने गुस्से पर नियंत्रण रखने की जरूरत है, नहीं तो आस-पास के लोग आपका विरोध कर सकते हैं। आपकी आर्थिक स्थिति ठीक-ठाक रहेगी।

**वृश्चिक राशिः** आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज ऑफिस के सहकर्मी आपके कामों में सहयोग करेंगे, आपका काम जल्दी पूरा हो जायेगा। आज किसी ऐसे व्यक्ति से मुलाकात होगी, जो आने वाले दिनों में आपकी मदद करेगा। आज किसी भी बात पर अपनी प्रतिक्रिया जल्दी न दें, पहले स्थितियों को समझें फिर अपनी राय सोच समझ कर दें इससे लोगों के बीच आपकी अहमियत बढ़ जाएगी।

**धनु राशिः** आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा रहेगा। आज पैसों से जुड़ी समस्याओं को सुलझाने की कोशिश करेंगे। फिलहाल हर एक बात पर ध्यान देकर स्थिति को सुधारने कोशिश करें। आज पुरानी गलती दोबारा न हो, इस बात का ध्यान रखना आपके लिए आवश्यक होगा। आपका जीवन प्रगति की ओर बढ़ रहा है, नई जिम्मेदारियों के लिए आप खुद को तैयार करेंगे।

**मकर राशिः** आज आपका दिन नई उमंगों के साथ शुरू होगा। पारिवारिक कामों को करने में घर के सदस्यों का सहयोग मिलेगा। अपने दोस्तों से निजी समस्याओं को शेयर करने से बचना चाहिए। नये व्यवसाय में पैसा लगाने के बारे में आप सोच सकते हैं, एक्सपर्ट से राय लेना न भूलें। पारिवारिक रिश्तों के बीच आप सामंजस्य बनाने में सफल रहेंगे। शाम को बच्चों के साथ अच्छा टाइम बीतेगा।

**कुम्भ राशिः** आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज किसी करीबी व्यक्ति से चल रही अनबन दूर होगी। जिन बातों में आपकी ज्यादा रुचि है, उन पर ध्यान देंगे आपको ख़ुशी होगी। आज नए लोगों के साथ जुड़ने से आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा। आज आप अपने एक्सपीरियंस का इस्तेमाल करते हुए आगे बढ़ने की कोशिश करेंगे आपको जल्द ही सफलता मिलेंगी। आज भावनाओं में बहने की बजाय चतुराई से काम लेंगे तो परिस्थितियां आपके पक्ष में रहेंगी।

**मीन राशिः**आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे। संतान पक्ष से शुभ समाचार मिलेगा। आज व्यापार के मामलों में आपके मन में नए-नए विचार आयेंगे। नए लोगों से मिलना और बातें करना आपके लिए फायदेमंद रहेगा। किसी समस्या का समाधान मिलने से आपको राहत मिलेगी। आज ऑफिस में आपके कामकाज की तारीफ होगी। लवमेट आज डिनर पर जायेंगे, रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी।

# श्रम संहिताएंः एक नई दृष्टि

// डॉ शैलजा त्रिपाठी//

**चार श्रम संहिताओं की 21 नवंबर, 2025 को आधिकारिक घोषणा के साथ ही एक नए युग की शुरुआत हो गई है। यह घोषणा भारत की श्रम कानून व्यवस्था में एक बड़े ढांचागत सुधार का संकेत है। अनुमानों के अनुरूप ही इसकी सराहना और आलोचना, दोनों ही की गई है। बहुप्रतीक्षित श्रम कानून सुधारों ने कामगारों से संबंधित 29 से ज्यादा कानूनों को चार व्यापक संहिताओं में समेट दिया है। भारतीय श्रम कानूनों में सुधारों की मांग लंबे अरसे से चली आ रही थी। इस संबंध में समय-समय पर सीमित घोषणाएं की गईं और उन्हें टुकड़ों में लागू किया गया। सभी हितधारक इस बात पर सहमत थे कि देश को आगे ले जाने के लिए एक उत्पादक, समावेशी और सशक्त कार्यबल तथा कामकाज का उपयुक्त परिवेश जरूरी है। बदलाव की इच्छा सब में होने के बावजूद हर हितधारक की अपनी अलग-अलग उम्मीदें और चिंताएँ थीं।**

इन सुधारों का उद्देश्य श्रमिक कल्याण को मजबूती देना और अनुपालन को सरल बनाना है। श्रम नियमन के ढांचे को वर्तमान आर्थिक और सामाजिक वास्तविकताओं के अनुरूप बनाना तथा व्यवसाय सुगमता में वृद्धि के उपायों को मजबूत करना भी इनका उद्देश्य रहा है। इन सुधारों के तहत 29 महत्वपूर्ण कानूनों को वेतन, सामाजिक संरक्षा, व्यावसायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा तथा औद्योगिक संबंध से जुड़ी चार संहिताओं में समेट दिया गया है। नई व्यवस्था का उद्देश्य श्रमिकों के कामकाज को औपचारिक रूप देना, कानून के दायरे से अब तक बाहर रहे अनौपचारिक, अस्थाई और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के जरिए काम करने वाले कामगारों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना, महिला अधिकारों का संवर्द्धन तथा सभी क्षेत्रों में नियोक्ता-श्रमिक संबंधों को आधुनिक बनाना है। नई श्रम संहिताओं की नीचे वर्णित कुछ विशिष्टताएं उन्हें देश की मौजूदा और भविष्य की जरूरतों के अनुरूप बनाती हैं-

सुदृढ़ीकरण और सामंजस्यः भारत के श्रम कानून ऐतिहासिक तौर पर विभाजित तथा परिभाषाओं की बहुलता और सख्त अनुपालन व्यवस्थाओं से ग्रसित थे। नियोक्ताओं को एकदूसरे से मिलती-जुलती अनेक नियामक जरूरतों का सामना करना पड़ता था। श्रमिक और खास तौर से असंगठित कामगार आम तौर पर वैधानिक संरक्षण के दायरे से बाहर थे। श्रम संहिताओं ने अनुपालन की पिछली जटिल प्रणाली को समरूप परिभाषाओं, डिजिटल प्रक्रियाओं और विस्तारित दायरे से सरल बनाया है।

सम्मानजनक कार्य सिद्धांतों का अनुपालनः सुधारों में अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) के सम्मानजनक कार्य सिद्धांतों को शामिल किया गया है। इन कार्य सिद्धांतों में उच्च गुणवत्ता वाले रोजगारों का सृजन, श्रमिक अधिकारों और समानता का संरक्षण तथा सामाजिक सुरक्षा और संवाद शामिल है। अनुपालन का सरलीकरणः पुरानी प्रणाली में अत्यधिक कागजी कार्रवाई, निरीक्षणों पर अतिनिर्भरता और कमजोर अनुपालन जैसी खामियां थीं। नई संहिताओं में अनुपालन प्रणालियों को सुचारू बनाने के साथ ही उल्लंघनों को रोकने के लिए कठोर दंड की व्यवस्था की गई है। संवहनीय विकास लक्ष्यों के साथ तालमेलः ये संहिताएं श्रमिक अधिकारों को मजबूत कर, सामाजिक सुरक्षा का विस्तार करते हुए तथा समावेशी विकास को बढ़ावा देकर संवहनीय विकास लक्ष्य (एसडीजी) 8 को आगे बढ़ाती हैं। इसके अलावा ये एसडीजी 1,3,5 और 10 को हासिल करने में भी सहायक हैं। कार्य संबंधी भविष्य की जरूरतों के अनुरूपः इन संहिताओं में तेज आर्थिक और प्रौद्योगिकीय बदलावों को ध्यान में रखा गया है। इनमें विस्तारित परिभाषाओं, पुनर्प्रशिक्षण के प्रावधानों, व्यापक सामाजिक सुरक्षा कवरेज और वैकल्पिक कार्य व्यवस्थाओं के औपचारीकरण के जरिए भविष्य की कार्य संबंधी चिंताओं का निराकरण किया गया है। वेतन संहिता, 2019ः यह संहिता पिछले चार कानूनों को एकीकृत करती है और मजदूरी की एक समान परिभाषा तथा राष्ट्रीय न्यूनतम मजदूरी की अवधारणा पेश करती है। यह व्यापक और अधिक सुसंगत वेतन सुरक्षा सुनिश्चित करती है, समय पर भुगतान को अनिवार्य बनाती है, और समान पारिश्रमिक के नियम को सुदृढ़ करती है, जिससे आय सुरक्षा मजबूत होती है और विवादों में कमी आती है। औद्योगिक संबंध संहिता, 2020ः यह संहिता मजदूर संगठनों, औद्योगिक विवादों और स्थायी आदेशों को नियंत्रित करने वाले कानूनों को एक साथ लाती है। यह विवाद समाधान की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करती है, निश्चित समय-सीमा निर्धारित करती है और हड़ताल, कामबंदी तथा छंटनी से जुड़े नियमों को तर्कसंगत बनाती है। जहाँ यह नियोक्ताओं को परिचालन के लिए लचीलापन प्रदान करती है, वहीं सामूहिक सौदेबाजी और कानूनी समाधान के लिए सुरक्षा उपायों को भी बरकरार रखती है।

सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020ः यह संहिता संगठित क्षेत्र से आगे जाकर सुरक्षा के दायरे का विस्तार करके एक बड़े बदलाव का संकेत देती है। इसके अंतर्गत गिग कामगारों, प्लेटफॉर्म के जरिये काम करने वाले श्रमिकों को भविष्य निधि, बीमा, मातृत्व लाभ और वृद्धावस्था सुरक्षा से संबंधित वैधानिक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने का प्रावधान किया गया है।व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य स्थिति (ओएसएच) संहिता, 2020ः यह ओएसएच संहिता सुरक्षा से संबंधित कई कानूनों को एक एकीकृत ढांचे में समाहित करती है। यह कार्यस्थल सुरक्षा मानदंडों का मानकीकरण करती है, नियामक निरीक्षण को मजबूत करती है और सभी क्षेत्रों में इसे लागू करने में सुधार करती है।

वी. वी. गिरि राष्ट्रीय श्रम संस्थान द्वारा नए श्रम कानूनों के बारे में नियोक्ताओं और कर्मचारियों के बीच हाल ही में किए गए एक अध्ययन से पता चलता है कि इन संहिताओं ने बेहतर भविष्य के प्रति सकारात्मक उम्मीद जगाई है। जहाँ 64 प्रतिशत श्रमिकों का मानना है कि संहिताओं के लागू होने से आय सुरक्षा बढ़ेगी, वहीं नियोक्ताओं ने भी निश्चित अवधि के रोजगार अनुबंधों (64 प्रतिशत) और कार्यस्थल सुरक्षा (73 प्रतिशत) को लेकर इसी तरह के भाव व्यक्त किए हैं। दोनों ही हितधारक इन संहिताओं को एक ऐसे साधन के रूप में देखते हैं जो दोनों पक्षों के अनुभवों को बेहतर बनाएगा।

चारों श्रम संहिताएं भारत के श्रम शासन में एक ऐतिहासिक परिवर्तन का प्रतीक हैं। पुराने पड़ चुके कानूनों को एकीकरण, सामाजिक सुरक्षा के दायरे का विस्तार और नियोक्ताओं के लचीलेपन तथा श्रमिक सुरक्षा के बीच संतुलन बनाकर, इन सुधारों का उद्देश्य एक अधिक कुशल, समावेशी और विकासोन्मुखी श्रम बाजार बनाना है। चूंकि ये संहिताएं कार्यान्वयन के शुरुआती चरण में हैं, इसलिए यह आवश्यक है कि सभी हितधारक इन्हें खुले मन से अपनाएं और विफलता से सीखकर तेजी से सुधार करने वाला दृष्टिकोण रखें। इनकी अंतिम सफलता इनके प्रभावी कार्यान्वयन, हितधारकों के बीच जागरूकता पैदा करने और संवैधानिक मूल्यों तथा अंतर्राष्ट्रीय श्रम मानकों की तरह निरंतर अमल में लाने पर निर्भर करेगी।

# बंगाल का भविष्यः धर्म की लहर या प्रगति की राह?

//ललित गर्ग//

**बंगाल की राजनीति लंबे समय तक वर्ग-संघर्ष, वाम वैचारिकी और सामाजिक न्याय के नारों के इर्द-गिर्द घूमती रही। लगभग तीन दशक तक भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के नेतृत्व में वाम मोर्चा सत्ता में रहा। उससे पहले भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का प्रभुत्व था। किंतु 2011 में सत्ता परिवर्तन के साथ एक नई धुरी बनी-तृणमूल बनाम भाजपा। पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव की औपचारिक घोषणा भले अभी बाकी हो, पर राजनीतिक रणभेरी बज चुकी है। इस बार संकेत साफ हैं-चुनाव विकास बनाम विकास के दावे पर नहीं, बल्कि पहचान, अस्मिता और धर्म की ध्वजा के इर्द-गिर्द घूम सकता है।**




राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सौ वर्ष पूरे होने के अवसर पर राज्य भर में प्रस्तावित हिंदू सम्मेलनों को भारतीय जनता पार्टी एक वैचारिक उत्सव भर नहीं, बल्कि चुनावी अवसर में बदलने की रणनीति पर आगे बढ़ती दिख रही है। दूसरी ओर ममता बनर्जी ने भी यह समझ लिया है कि यदि चुनाव की जमीन धार्मिक विमर्श पर खिसकती है तो उसे खाली नहीं छोड़ा जा सकता। कोलकाता के न्यू टाउन में 'दुर्गा आंगन' का शिलान्यास और उसे बंगाली अस्मिता से जोड़ने का प्रयास इसी रणनीतिक सजगता का हिस्सा है।

बंगाल की राजनीति लंबे समय तक वर्ग-संघर्ष, वाम वैचारिकी और सामाजिक न्याय के नारों के इर्द-गिर्द घूमती रही। लगभग तीन दशक तक भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के नेतृत्व में वाम मोर्चा सत्ता में रहा। उससे पहले भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का प्रभुत्व था। किंतु 2011 में सत्ता परिवर्तन के साथ एक नई धुरी बनी-तृणमूल बनाम भाजपा। आज स्थिति यह है कि वाम और कांग्रेस हाशिए पर हैं और मुकाबला दो ध्रूवों के बीच सिमट चुका है। यही द्विध्रूवीयता चुनाव को अधिक तीखा और अधिक पहचान-केन्द्रित बना रही है। भाजपा का अभियान चार प्रमुख सूत्रों पर टिका है-बंगाल में हिंदू खतरे में है, बांग्लादेशी घुसपैठ, महिलाओं की असुरक्षा और भ्रष्टाचार। सीमावर्ती जिलों का उदाहरण देकर यह संदेश गढ़ा जा रहा है कि जनसांख्यिकीय संतुलन बदल रहा है। अवैध घुसपैठ का प्रश्न नया नहीं है, पर उसे इस समय राजनीतिक ऊर्जा के साथ जोड़ा जा रहा है। आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज की घटना, शिक्षक भर्ती घोटाले, हिन्दुओं पर बढ़ते अत्याचार एवं भ्रष्टाचार जैसे प्रसंगों को शासन की विफलता के प्रतीक के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। भाजपा का लक्ष्य स्पष्ट है-70 प्रतिशत हिंदू मतदाताओं में एक साझा असुरक्षा-बोध निर्मित करना, हिन्दुओं को जागृत करना और उसे मतदान व्यवहार में रूपांतरित करना। आज बंगाल में विकास की सबसे बड़ी बाधा घुसपैठियों का बढ़ना है। घुसपैठियों पर विराम लगाना चाहिए न कि इस मुद्दे पर राजनीति हो।

ममता बनर्जी की चुनौती दोहरी है। एक ओर उन्हें यह संदेश देना है कि वे अल्पसंख्यकों की संरक्षक हैं, दूसरी ओर हिंदू मतदाताओं को यह विश्वास भी दिलाना है कि उनकी आस्था और अस्मिता सुरक्षित है। 2021 के चुनाव में जब भाजपा ने 'जय श्रीराम' के नारे को आक्रामक रूप से उछाला, तब ममता ने 'जय मां दुर्गा' और 'चंडी पाठ' के माध्यम से एक सांस्कृतिक प्रत्युत्तर दिया था। इस बार वे दुर्गा आंगन जैसे प्रतीकों के जरिए यह संकेत दे रही हैं कि बंगाली हिंदू पहचान भाजपा की बपौती नहीं है। वे धर्म को राष्ट्रवाद की बजाय क्षेत्रीय अस्मिता के साथ जोड़ती हैं-बंगाल अपनी संस्कृति से हिंदू है, पर उसकी राजनीति बहुलतावादी है-यह उनका अंतर्निहित संदेश है। इसी बीच मुर्शिदाबाद में पूर्व तृणमूल नेता हुमायूं कबीर द्वारा 'बाबरी मस्जिद' के शिलान्यास की पहल ने नई जटिलता जोड़ दी है। इससे मुस्लिम मतदाताओं के भीतर एक अलग ध्रूवीकरण की संभावना पैदा हुई है। यदि मुस्लिम वोटों का बंटवारा होता है, तो तृणमूल का गणित प्रभावित हो सकती है। 2021 में उसे लगभग 48 प्रतिशत वोट और 223 सीटें मिली थीं-जिसमें मुस्लिम मतों का एकमुश्त समर्थन निर्णायक था। भाजपा 38 प्रतिशत वोट के साथ 65 सीटें जीतकर मुख्य विपक्ष बनी। ऐसे में यदि मुस्लिम मत 5-10 प्रतिशत भी इधर-उधर खिसकते हैं, तो कई सीटों का परिणाम बदल सकता है और भाजपा पूर्ण बहुमत से सत्ता में आ सकती है।

यहां प्रश्न केवल गणित का नहीं, राजनीति के चरित्र का भी है। क्या बंगाल का चुनाव धार्मिक पहचान के उभार का प्रयोगशाला बनेगा। या यह प्रयोग अंततः विकास, रोजगार और बुनियादी ढांचे के प्रश्नों पर लौटेगा। विडंबना यह है कि जिस बंगाल को कभी देश की आर्थिक राजधानी कहा जाता था-जहां से उद्योग, शिक्षा और सांस्कृतिक नवजागरण की रोशनी फैलती थी, वह आज अधूरे प्रोजेक्ट्स, धीमी औद्योगिक गति और रोजगार के पलायन से जूझ रहा है। कोलकाता की सड़कों पर अधूरी मेट्रो लाइनें और बंद कारखानों की चुप्पी विकास की उस कहानी को बयान करती हैं, जो राजनीतिक नारों के शोर में दब जाती है। 2011 में टाटा के नैनो प्रोजेक्ट का राज्य से बाहर जाना एक प्रतीकात्मक मोड़ था। भूमि अधिग्रहण के प्रश्न पर जनसमर्थन पाने वाली राजनीति ने उद्योग के प्रति संशय का वातावरण भी बनाया। पंद्रह वर्षों बाद भी बंगाल बड़े निवेश की प्रतीक्षा में है। युवा रोजगार के लिए बाहर जा रहे हैं, और कई राज्यों में उन्हें 'बांग्लादेशी' कहकर अपमानित किए जाने की खबरें आती हैं। यह स्थिति केवल आर्थिक नहीं, आत्मसम्मान का प्रश्न भी है। किंतु चुनावी विमर्श में यह पीड़ा गौण हो जाती है, और केंद्र में आ जाता है-धर्म, पहचान और भय। ममता बनर्जी केंद्र सरकार पर वित्तीय भेदभाव का आरोप लगाती हैं; भाजपा राज्य सरकार पर भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण का। सी.बी.आई. और ई.डी. की कार्रवाइयों को ममता राजनीतिक प्रतिशोध बताती हैं, जबकि भाजपा उन्हें कानून का पालन। इस टकराव ने प्रशासनिक संवाद को भी राजनीतिक संघर्ष में बदल दिया है। परिणाम यह है कि विकास का एजेंडा आरोप-प्रत्यारोप की भेंट चढ़ जाता है। सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि क्या धर्म-आधारित ध्रूवीकरण स्थायी राजनीतिक समाधान दे सकता है? इतिहास बताता है कि धार्मिक उभार अल्पकालिक ऊर्जा तो देता है, पर दीर्घकालिक शासन-क्षमता की कसौटी पर उसे विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के प्रश्नों से जूझना ही पड़ता है। यदि चुनाव केवल कौन किसका प्रतिनिधि है। तक सीमित रह गया, तो कौन क्या करेगा का प्रश्न अनुत्तरित रह जाएगा।बंगाल की आत्मा बहुलतावाद में रही है-रामकृष्ण परमहंस से लेकर रवींद्रनाथ तक, यह भूमि विविध आस्थाओं और विचारों का संगम रही है। यहां दुर्गा पूजा और मुहर्रम दोनों सामाजिक उत्सव का रूप लेते रहे हैं। यदि राजनीति इस सामाजिक ताने-बाने को चुनावी अंकगणित में बदल देगी, तो समाज की संवेदनशीलता पर चोट पहुंचेगी। दूसरी ओर, यदि धार्मिक प्रतीकों का उपयोग सांस्कृतिक आत्मगौरव के साथ विकास-प्रतिबद्धता को जोड़ने में किया जाए, तो वह सकारात्मक भी हो सकता है। इस चुनाव में भाजपा की रणनीति हिंदू मतों का अधिकतम ध्रुवीकरण है; ममता की रणनीति हिंदू पहचान को बंगाली अस्मिता के साथ समाहित कर अल्पसंख्यकों के विश्वास को बनाए रखना है। मुस्लिम दलों की सक्रियता तृणमूल के लिए चुनौती है, पर वह भाजपा के लिए अवसर भी है। यह त्रिकोणीय-संभावना चुनाव को जटिल बनाती है। परंतु अंततः लोकतंत्र की परिपक्वता मतदाता तय करता है। यदि बंगाल का मतदाता विकास, रोजगार और सुशासन को प्राथमिकता देता है, तो राजनीतिक दलों को अपना विमर्श बदलना होगा। यदि वह पहचान की राजनीति को स्वीकार करता है, तो वही भविष्य की दिशा बनेगी। प्रश्न केवल यह नहीं कि कौन जीतेगा; प्रश्न यह है कि जीत का एजेंडा क्या होगा। क्या धर्म के आधार पर लड़ा गया चुनाव सार्थक मूल्य स्थापित कर पाएगा। या यह राज्य को और अधिक वैचारिक खाइयों में धकेल देगा। बंगाल की धरती ने अनेक बार भारत को नई वैचारिक दिशा दी है। आज फिर अवसर है-या तो वह धर्म बनाम धर्म की बहस में उलझे, या धर्म को नैतिकता और विकास की प्रेरणा बनाकर नई राजनीति की राह खोले। चुनाव परिणाम चाहे जो हो, असली कसौटी यही होगी कि क्या बंगाल अपनी आर्थिक ऊर्जा, सांस्कृतिक उदारता और सामाजिक समरसता को पुनः प्राप्त कर पाता है। यदि नहीं, तो धर्म की ध्वजा चाहे जितनी ऊंची फहराई जाए, विकास का शून्य अंततः सबको दिखाई देगा।

## तस्वीरों की दुनिया



मुख्यमंत्री विष्णु देव ने कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में कुम्हार के चाक पर स्वयं मिट्टी का दीया और कलश गढ़कर पारंपरिक शिल्प के प्रति सम्मान और जुड़ाव का सशक्त संदेश दिया।




मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में कोरिया जिले के बैकुंठपुर में आयोजित सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की बैठक में सरगुजा संभाग के जिलों में संचालित विकास कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई तथा जनप्रतिनिधियों के सुझावों के आधार पर नई योजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई।



बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के चेयरपर्सन तारिक रहमान ने बांग्लादेश के ढाका में नेशनल पार्लियामेंट में प्रेसिडेंट मोहम्मद शहाबुद्दीन से बांग्लादेश के प्राइम मिनिस्टर के तौर पर शपथ ली।




उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कैंट रोड, देहरादून से सड़क सुरक्षा जागरूकता एवं पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से आयोजित 5 किलोमीटर दौड़ का फ्लैग ऑफ किया।



मध्य प्रदेश विधानसभा में एलओपी और कांग्रेस नेता उमंग सिंघार पार्टी विधायकों के साथ भोपाल में राज्य विधानसभा के बजट सेशन के दौरान इंदौर में पानी के खराब होने से हुई मौतों को लेकर विरोध प्रदर्शन करते हुए।



पटना में राज्य विधानसभा के बजट सत्र के दौरान बिहार विधानसभा के बाहर लोजपा (रामविलास) विधायकों ने विरोध प्रदर्शन किया।

# नौकरियों का डर छोड़ें, स्किलिंग पर दें जोर, एआई युग के लिए पीएम मोदी का युवाओं को संदेश

**नईदिल्ली, 18 फरवरी [एजेंसी]।**



भारत में आयोजित एआई इंपैक्ट समिट 2026 के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को वैश्विक स्तर पर शीर्ष तीन एआई सुपरपावर में शामिल करना लक्ष्य है।उन्होंने तकनीक को सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय की भावना से जोड़ते हुए स्पष्ट किया कि एआई का उद्देश्य मानव क्षमताओं को बढ़ाना होना चाहिए, न कि उन्हें प्रतिस्थापित करना। युवाओं में एआई के कारण नौकरियां जाने की आशंका पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि डर का सबसे बड़ा समाधान तैयारी और कौशल विकास है। सरकार एआई युग के अनुरूप स्किलिंग और री-स्किलिंग कार्यक्रमों पर जोर दे रही है और इसे भविष्य नहीं, वर्तमान की जरूरत मानकर काम कर रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि और प्रशासन में एआई आधारित समाधान ग्रामीण-शहरी खाई को कम कर रहे हैं। आधार और यूपीआई जैसे डिजिटल ढांचे पर एआई की परत चढ़ाकर जनसेवाओं को अधिक पारदर्शी व प्रभावी बनाया जा रहा है। सरकार डेटा सुरक्षा, डीपफेक रोकथाम और कौशल विकास पर समानांतर जोर दे रही है, ताकि युवाओं के लिए नए रोजगार अवसर भी सृजित हों। पीएम मोदी ने कहा कि एआई एक फोर्स मल्टीप्लायर है, जो संभावनाओं की सीमाओं को और आगे ले जाने में मदद करेगा। इससे डाक्टर, वकील और शिक्षक भी पहले के मुकाबले कहीं बड़ी आबादी तक पहुंचेंगे और उनकी मदद कर पाएंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि इतिहास में हमने देखा है कि टेक्नोलाजी के कारण काम खत्म नहीं होता। उसका स्वभाव या प्रकृति बदलती है। नई तरह की नौकरियां बनती हैं। कुछ नौकरियों को नए सिरे से तय किया जा सकता है। यह डिजिटल बदलाव, भारत की आर्थिकी में नई तकनीकी रोजगार भी लेकर आएगा। पीएम ने कहा कि सदियों से यह डर रहा है कि नवोन्मेष और तकनीकी क्रांतियां नौकरियां खत्म कर देंगी। फिर भी इतिहास हमें सिखाता है कि जब भी नवोन्मेष होता है, नए मौके सामने आते हैं। एआई भी उसी परिपाटी को आगे बढ़ाएगा। पीएम ने कहा कि हमें पूरा भरोसा है कि एआई भारत के कार्यबल को सशक्त बनाएगा। सही कौशल और तैयारी के साथ हमारे युवा भविष्य का नेतृत्व करेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत इस बदलाव के हिसाब से ढलने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने स्टैनफोर्ड ग्लोबल एआई वाइब्रेंसी इंडेक्स 2025 का जिक्र किया जिसमें भारत तीसरे नंबर पर था। पीएम ने कहा कि यह एआई अनुसंधान, विकास, प्रतिभा और आर्थिकी में हमारी मजबूत बढ़त को दिखाता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि नवोन्मेष और समावेशिता के समन्वय से एआई भारत के कार्यबल को और मजबूत करेगा। पीएम मोदी ने कहा कि एआई में आज एक सभ्यतागत बदलाव का समय आ गया है। यह इंसानी प्रतिभा को अभूतपूर्व तरीकों से बढ़ा सकता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इंडिया एआई इंपैक्ट समिट का आयोजन इसीलिए किया गया है ताकि इसके अर्थपूर्ण और सकारात्मक पहलुओं पर बात की जाए। उन्होंने कहा कि भारतीय सभ्यता से हमें सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय की प्रेरणा मिलती है। पीएम ने कहा कि एआइ, भारत की 2047 की विकसित भारत यात्रा में बदलाव लाने का मौका बनेगा। एआई की मदद से नए अवसर तलाशे जा सकेंगे।

# असहमति नहीं झेल पाना कांग्रेस के विनाश का संकेत मणिशंकर अय्यर ने राहुल गांधी पर भी साधा निशाना



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मणिशंकर अय्यर ने मंगलवार को एक बार फिर अपनी ही पार्टी के नेतृत्व पर तीखा हमला बोला है। अपने यूट्यूब चैनल मणि टॉक पर जारी एक वीडियो में उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कांग्रेस पार्टी असहमति की आवाजों को बर्दाश्त नहीं कर सकती, तो यह उसके विनाश का संकेत है और अगर उसमें शालीन लेकिन दृढ़ भाषा में उस असंतुष्ट व्यक्ति को जवाब देने का साहस नहीं है तो वह शासन करने के योग्य नहीं है।उन्होंने जोर देकर कहा कि लोकतंत्र और कांग्रेस, दोनों का आधार वैचारिक मतभेद ही रहे हैं। क्या आज की कांग्रेस में असहमति के लिए कोई जगह नहीं है। शीर्षक वाले 23 मिनट के वीडियो में अय्यर ने कहा, कांग्रेस इसलिए जीवित है क्योंकि यहां असहमति रही है। कांग्रेस इसलिए बढ़ती है क्योंकि यहां कई राय मौजूद हैं। दुर्भाग्य से, वर्तमान नेतृत्व इस सबक को भूल गया है। अय्यर ने 1989 में संसद में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी द्वारा दिए गए एक ऐतिहासिक भाषण का हवाला दिया। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी ने कहा था, केवल एक धर्मनिरपेक्ष भारत ही जीवित रह सकता है और यदि भारत धर्मनिरपेक्ष नहीं है, तो शायद उसे जीवित रहने का अधिकार नहीं है। अय्यर ने सीधे कांग्रेस आलाकमान पर निशाना साधते हुए कहा, मुझे कार्यसमिति से बाहर रखने वाले आलाकमान से मैं पूछता हूं - क्या आपमें राजीव गांधी के बेटे (राहुल गांधी) के मुंह से वही शब्द दोहराने की हिम्मत है जो संसद के रिकॉर्ड में दर्ज हैं। राजीव गांधी अमर रहें। अय्यर ने वीडियो में नेहरू से लेकर राजीव गांधी तक के दौर के उदाहरण दिए। उन्होंने इंदिरा गांधी के समय का जिक्र करते हुए कहा कि जब उन्होंने असहमति को कुचलने के लिए इमरजेंसी लगाई, तो उसका परिणाम यह हुआ कि कांग्रेस के साथ-साथ इंदिरा गांधी खुद रायबरेली से चुनाव हार गईं। अय्यर ने दावा किया कि राजीव गांधी ने अरुण नेहरू को कैबिनेट से तब निकाला जब उन्हें पता चला कि वह बाबरी मस्जिद के गेट खुलवाने के जिम्मेदार थे। बाद में पता चला कि बोफोर्स घोटाले के पीछे भी वही थे। उन्होंने याद दिलाया कि वीपी सिंह और आरिफ मोहम्मद खान जैसे नेताओं ने भी बगावत की थी, लेकिन कांग्रेस हमेशा असहमति की ताकत पर ही टिकी रही। अय्यर की यह टिप्पणी उनके और पार्टी के बीच बढ़ती तल्खी को दर्शाती है।

# एआई की मदद से याचिकाएं तैयार करना अनुचित सुप्रीम कोर्ट ने कहा- जजों पर पड़ता है अतिरिक्त बोझ



**नईदिल्ली, 18 फरवरी [एजेंसी]।**

सुप्रीम कोर्ट ने वकीलों द्वारा एआइ टूल से तैयार की गई याचिकाएं दायर करने के बढ़ते चलन पर मंगलवार को गंभीर चिंता जताई। कोर्ट ने इस अनुचित करार दिया। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस जोयमाल्या बागची की पीठ ने कहा, हम यह देखकर परेशान हैं कि कुछ वकीलों ने याचिकाओं का मसौदा तैयार करने के लिए एआई का इस्तेमाल शुरू कर दिया है। यह बिल्कुल अनुचित है। पीठ ने यह बात शिक्षाविद रूप रेखा वर्मा की एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए कही, जिसमें राजनीतिक भाषणों को लेकर दिशानिर्देश जारी करने का अनुरोध किया गया था।

जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि उन्हें हाल में मर्सी बनाम मैनकाइंड नामक एक ऐसे पूर्व फैसले का जिक्र मिला जो अस्तित्व में ही नहीं है। प्रधान न्यायाधीश ने भी ऐसे ही एक मामले का जिक्र किया और कहा, जस्टिस दीपांकर दत्ता की अदालत में एक नहीं, बल्कि ऐसे कई पूर्व फैसलों का हवाला दिया गया था। जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि कई बार जिन पूर्व फैसलों का जिक्र किया जाता है वे सही होते हैं, लेकिन उन पूर्व फैसलों के साथ फर्जी उद्धरण जोड़ दिए जाते हैं और इससे उनकी विषयवस्तु का सत्यापन करना बहुत मुश्किल हो जाता है।

इससे न्यायाधीशों पर अतिरिक्त बोझ पड़ता है। इस बीच, जस्टिस बागची ने विधिक मसौदा तैयार करने की कला में गिरावट पर दुख जताया और कहा कि कई विशेष अनुमति याचिकाओं में ज्यादातर पिछले फैसलों के लंबे उद्धरण होते हैं, जिनमें कानूनी आधारों की मौलिक जानकारी बहुत कम होती है।

## मध्य प्रदेश में स्कूली छात्रों से शौचालय साफ कराने का आरोप, जांच शुरू

**शाजापुर।** मध्य प्रदेश में शाजापुर जिले के शासकीय प्राथमिक स्कूल में बच्चों से शौचालय साफ कराने का मामला सामने आया है। घटना का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर बहुप्रसारित होने के बाद अधिकारियों ने जांच शुरू कर दी है।वीडियो में एक शिक्षक छात्रों से शौचालय साफ करवाते दिखाई दे रहा है। कुछ छात्राओं ने भी आरोप लगाया कि उनसे अक्सर स्कूल परिसर में झाड़ू लगवाई जाती है। कक्षा छह के एक छात्र ने बताया कि शिक्षक ने परीक्षा का हवाला देते हुए कहा कि स्कूल को साफ रखना जरूरी है, इसलिए बाथरूम साफ कर दिया जाए।वहीं, एक अभिभावक ने दावा किया कि उन्होंने खुद बच्चों को शौचालय साफ करते देखा। हालांकि, शिक्षक ने आरोपों को गलत बताते हुए कहा कि है उसने बच्चों से केवल परिसर में गिरे सूखे पत्ते उठाने को कहा था, शौचालय साफ कराने की बात निराधार है। मामले पर जिला परियोजना समन्वयक ने कहा कि विस्तृत जांच के निर्देश दिए गए हैं।

# अमित शाह ने की राज्यों के सहकारिता मंत्रियों के साथ बैठक, एथनॉल संयंत्र समेत इन मुद्दों पर हुई चर्चा

**अहमदाबाद, 18 फरवरी [एजेंसी]।**



केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को सहकारिता ढांचे को मजबूत करने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने पर विचार-विमर्श करने के लिए अलग-अलग राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सहकारिता मंत्रियों के एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की।एक बयान में कहा गया है कि बैठक में मौजूद मंत्रियों ने प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल, सहकारिता क्षेत्र में पारदर्शिता लाने और सहकारी समितियों के जरिये किसानों की आय दोगुनी करने के बारे में विस्तार से चर्चा की। अमित शाह के पास गृह मंत्रालय भी है।उन्होंने गुजरात में 265.30 करोड़ रुपये की अलग-अलग परियोजना का ई-डेडिकेशन और शिलान्यास भी किया। उद्घाटन सत्र में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, राज्य विधानसभा के अध्यक्ष शंकर चौधरी, उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी, केंद्रीय सहकारिता राज्यमंत्री कृष्ण पाल गुर्जर मौजूद थे। बयान में कहा गया है कि केंद्रीय सहकारिता मंत्रालय के सहयोग से खुशहाली के दृष्टिकोण को पूरा करने के मकसद से शाह की अध्यक्षता में देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सहकारिता मंत्रियों के साथ गांधीनगर के महात्मा मंदिर में एक उच्च स्तरीय मंथन बैठक हुई।

इस दौरान शाह ने सहकारिता के क्षेत्र में अलग-अलग राज्यों की बेहतर कामकाज प्रथाओं और अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 पर एक विशेष रिपोर्ट भी जारी की। अमित शाह ने जिन परियोजनाओं का शिलान्यास किया, उनमें नर्मदा खंड उद्योग सहकारी मंडल के नए बने एथनाल डिस्टिलरी संयंत्र, 30 मेगावाट का बिजली उत्पादन संयंत्र, जैविक पोटाश संयंत्र, दो भंडार गृह, अमूल का व्हे प्रोटीन कंसन्ट्रेट पाउडर संयंत्र और एक कृषि उत्पाद बाजार समिति (एपीएमसी) शामिल हैं।बयान में कहा गया है कि कार्यक्रम के दौरान एक खास प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसमें राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी), अमूल, इफको और बनास डेरी जैसे लगभग 20 बड़े सहकारिता संगठनों ने अपनी ताजा सेवाओं और उत्पादों को प्रदर्शित किया।

## राज्यपाल संतोष गंगवार ने एनसीसी कैडेट्स को किया सम्मानित, बताया अनुशासन और सेवा की पाठशाला

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने मंगलवार को लोक भवन में आयोजित 'ऐट होम' कार्यक्रम में 26 जनवरी को दिल्ली में आयोजित 'गणतंत्र दिवस शिविर-2026' में झारखंड का प्रतिनिधित्व करने वाले एनसीसी कैडेट्स तथा 'वीर बिरसा मुंडा साइक्लोथोन' के एनसीसी प्रतिभागियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस शिविर में राज्य का प्रतिनिधित्व करना अत्यंत गौरव एवं सम्मान की बात है। भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती वर्ष के अवसर पर आयोजित 'वीर बिरसा मुंडा साइक्लोथोन' युवाओं में राष्ट्रभक्ति, फिटनेस एवं सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने वाला प्रेरणादायी आयोजन रहा। उन्होंने कहा कि एनसीसी केवल एक संगठन ही नहीं, बल्कि अनुशासन, नेतृत्व, सेवा और राष्ट्रप्रेम की पाठशाला है। यह युवाओं में चरित्र निर्माण, कर्तव्यनिष्ठा एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करता है।राज्यपाल ने कहा कि एनसीसी विश्व का सबसे बड़ा युवा संगठन है, जो 'विविधता में एकता' का सशक्त उदाहरण प्रस्तुत करता है। उन्होंने अपने छात्र जीवन का उल्लेख करते हुए कहा कि वे स्वयं भी एनसीसी कैडेट रहे हैं। एनसीसी कैडेट्स परेड एवं शिविरों के अतिरिक्त सामाजिक दायित्वों के निर्वहन में भी अग्रणी भूमिका निभाते हैं। रक्तदान, वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान, पर्यावरण संरक्षण एवं आपदा प्रबंधन जैसे कार्यों में उनकी सक्रिय सहभागिता अत्यंत सराहनीय है। आज बड़ी संख्या में बेटियां भी एनसीसी से जुड़कर नेतृत्व एवं अनुशासन की मिसाल स्थापित कर रही हैं।

# रिजल्ट से हैं नाखुश, रुहेलखंड यूनिवर्सिटी ने दिया एक और मौका




**बरेली,18 फरवरी [एजेंसी]।**

रुहेलखंड विश्वविद्यालय की ओर से बीएएमएस और बीयूएमएस पाठ्यक्रमों (चतुर्थ वर्ष) की उत्तरपुस्तिका के चुनौती मूल्यांकन की तिथि जारी कर दी गई है। ऐसे में जो विद्यार्थी मूल्यांकन से असंतुष्ट हैं, वे द्वितीय चरण के आवेदन 20 फरवरी से कर सकेंगे। आनलाइन आवेदन और शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 25 फरवरी निर्धारित की गई है। मूल्यांकन के लिए छात्र-छात्राओं को 2500 रुपये प्रति प्रश्नपत्र आनलाइन जमा करने होंगे। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार सिंह के अनुसार, प्रत्येक प्रश्नपत्र के चुनौती मूल्यांकन के दूसरे चरण के लिए कम से कम चार विषय विशेषज्ञों या परीक्षकों की एक नामावली संबंधित विभागाध्यक्ष के माध्यम से परीक्षा नियंत्रक की ओर से कुलपति को प्रस्तुत की जाएगी।

चुनौती मूल्यांकन के लिए प्रस्तुत उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन नामावली में से नामित किन्हीं दो विषय विशेषज्ञों या परीक्षकों द्वारा कराया जाएगा। विषय विशेषज्ञ नामित करने का कार्य कुलपति या उनकी ओर से गठित समिति करेगी। उत्तर पुस्तिका को विषय विशेषज्ञ के सामने रखने से पहले मूल परीक्षक की ओर से दिए गए अंकों का विवरण छिपा दिया जाएगा। उत्तर पुस्तिका की दो छाया प्रतियां तैयार होंगी। दोनों विषय विशेषज्ञों की ओर से दिए गए प्राप्तांकों का औसत निकाला जाएगा। औसत अंतिम रूप से स्वीकृत होगा और अंक पत्र में दिया जाएगा। चाहे वह मूल प्राप्तांकों से कम हो या अधिक। यदि औसत और मूल प्राप्तांकों में 20 प्रतिशत से अधिक का अंतर होता है तब परीक्षार्थी की ओर से जमा किए गए शुल्क में से 1000 रुपये की धनराशि काटकर शेष परीक्षार्थी को वापस कर दी जाएगी।

परीक्षा नियंत्रक के अनुसार, स्नातक स्तर पर (बीए, बीएससी, बीकाम, बीबीए, बीसीए, बीएससी-गृहविज्ञान और बीबीए रिटेल- हेल्थ केयर) आदि पाठ्यक्रमों की विषम सेमेस्टर की बाहरी प्रयोगात्मक, आंतरिक परीक्षा कराने की तिथि 20 फरवरी तक विस्तारित कर दी गई है। वहीं, परास्नातक स्तर पर एमए, एमएससी और एमकाम पाठ्यक्रमों की विषम सेमेस्टर सत्र 2025-26 की बाहरी प्रयोगात्मक और आंतरिक परीक्षा कराने की तिथि भी 20 फरवरी तक बढ़ा दी गई है। इसमें प्रथम सेमेस्टर 2026 की प्रयोगात्मक परीक्षा पूर्व की तरह ही कराई जाएगी, जिसके लिए विश्वविद्यालय स्तर से ही बाहरी और आंतरिक परीक्षक नियुक्त किए जाएंगे। प्रयोगात्मक परीक्षाओं के बाहरी और आंतरिक अंक, थ्योरीवोकेशनल, मेजर माइनर विषयों के आंतरिक अंक समर्थ पोर्टल पर अपलोड होंगे।

## लालू प्रसाद की जमानत के खिलाफ CBI की अपील पर सुनवाई टली

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को सीबीआई की उस याचिका पर सुनवाई 22 अप्रैल तक के लिए टाल दी, जिसमें देवघर कोषागार से जुड़े एक घोटाले में राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव को झारखंड हाई कोर्ट से मिली जमानत को चुनौती दी गई है।जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने यह कहते हुए मामले को स्थगित कर दिया कि दलीलें पूरी नहीं हुई हैं और कुछ आरोपितों की मौत हो चुकी है। सुनवाई के दौरान सीबीआइ की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने दलील दी कि हाई कोर्ट ने एक गैर-कानूनी आदेश पारित किया है और कानून का उल्लंघन करते हुए सजा निलंबित की गई है।जबकि लालू की ओर से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि कुछ आरोपितों को नोटिस नहीं दिया गया है। कोर्ट ने कहा, हम दोनों ही जानते हैं कि यह कैसी विशेष अनुमति याचिका है। हमें लगता है कि आप दोनों जानते हैं कि इसका परिणाम क्या होगा। हम सभी जानते हैं कि कानून का सवाल क्या है। लोग 60, 70 और 80 वर्ष की उम्र के हैं।हाई कोर्ट ने गत जुलाई में लालू को सुनाई गई सजा की अवधि बढ़ाने के लिए सीबीआई की अपील को स्वीकार किया था। लालू को देवघर कोषागार से जुड़े घोटाले में दोषी ठहराया गया था, जिसमें 89 लाख रुपये के कथित गबन का आरोप था।

# चीन-अमेरिका नहीं भारत पर फोकस, साउथ अफ्रीका की टॉप प्रायोरिटी बना इंडिया

## ODI वर्ल्ड कप को बना रहा बड़ा मौका



**नईदिल्ली, 18 फरवरी [एजेंसी]।**

भारत से बढ़ते टूरिस्ट ट्रैफिक को देखते हुए साउथ अफ्रीका ने साफ कर दिया है कि भारतीय बाजार अब उसके लिए टॉप प्रायोरिटी है। खासकर तब, जब साउथ अफ्रीका में सबसे ज्यादा टूरिस्ट ब्रिटेन, अमेरिका और चीन जैसे देश शामिल हैं। जबकि लिस्ट में भारत 10वें नंबर पर है।भारतीय पर्यटकों को लुभाने के लिए साउथ अफ्रीका टूरिज्म ने अपना वार्षिक इंडिया रोडशो का दिल्ली फेज को सफलतापूर्वक पूरा किया। इससे पहले इसकी शुरुआत OTM मुंबई से हुई थी। दिल्ली रोडशो में 40 से ज्यादा एग्जीबिटर्स शामिल हुए और 255 से अधिक भारतीय ट्रैवल ट्रेड पार्टनर्स ने भाग लिया। मकसद साफ था- लीजर, कॉर्पोरेट और MICE (मीटिंग, इंसेंटिव, कॉन्फ्रेंस और एग्जीबिशन) सेगमेंट में नए बिज़नेस मौके तलाशना और भारतीय ट्रैवल एजेंट्स के साथ साझेदारी मजबूत करना। रोडशो का नेतृत्व मिताली कर्माकर, मार्केटिंग एंड कम्युनिकेशंस मैनेजर ने किया। उन्होंने कहा कि, भारत साउथ अफ्रीका टूरिज्म के लिए प्राथमिक ग्रोथ मार्केट है। फैमिली ट्रैवल, एक्सपीरिएंशियल हॉलीडे और प्रीमियम ट्रैवल में भारतीयों की दिलचस्पी लगातार बढ़ रही है। उन्होंने यह भी बताया कि आज के भारतीय यात्री एआई टूल्स की मदद से ट्रिप प्लान कर रहे हैं, ज्यादा सोच-समझकर यात्रा कर रहे हैं और पारंपरिक जगहों से आगे नए डेस्टिनेशन एक्सप्लोर करना चाहते हैं। उन्होंने यह कहा कि, यह बदलाव दिखाता है कि यात्री अब ज्यादा आत्मविश्वासी और जिज्ञासु हैं, जो साउथ अफ्रीका के कम-ज्ञात इलाकों के लिए बड़ा मौका है।

दिल्ली को भारत में साउथ अफ्रीका का अहम सोर्स मार्केट बताया गया। यहां के यात्री लग्जरी, वाइल्डलाइफ और कल्चर का मिश्रण चाह रहे हैं। वे सिर्फ क्लासिक स्पॉट्स नहीं, बल्कि क्यूरेटेड और एक्सक्लूसिव अनुभवों की तलाश में हैं।साउथ अफ्रीका का लक्ष्य है कि 2026 तक भारतीय पर्यटकों की संख्या प्री-कोविड स्तर पर लौट आए। साथ ही, 2027 में होने वाला ODI वर्ल्ड कप भी देश के लिए बड़ा मौका माना जा रहा है, जिससे वैश्विक स्तर पर पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। साउथ अफ्रीकी सरकार की आधिकारिक मार्केटिंग संस्था साउथ अफ्रीका टूरिज्म का फोकस साफ है कि भारत के साथ लंबे समय की साझेदारी, नए यात्रा पैकेज और रेनबो नेशन को भारतीयों की पसंदीदा डेस्टिनेशन बनाना।

# मतदाता सूची में धांधली: बंगाल सरकार ने चार डब्ल्यूबीसीएस अधिकारियों समेत 5 पर दर्ज की FIR



**कोलकाता, 18 फरवरी [एजेंसी]।**

बंगाल सरकार ने अंततः चुनाव आयोग के निर्देश का अनुपालन करते हुए मतदाता सूची में गड़बड़ी के आरोपित वेस्ट बंगाल सिविल सर्विस (डब्ल्यूबीसीएस) के चार अधिकारियों समेत पांच लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली।चार डब्ल्यूबीसीएस अधिकारियों में से दो चुनाव पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ) व दो सहायक चुनाव पंजीकरण अधिकारी (एईआरओ) की भूमिका निभा रहे थे जबकि अन्य एक डेटा एंट्री ऑपरेटर था। पिछले साल आरोप सामने आने के बाद आयोग के निर्देश पर बंगाल सरकार ने इन सभी को मतदाता सूची के संशोधन के काम से हटा दिया था, हालांकि उनके विरुद्ध कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की गई थी। आयोग ने राज्य सरकार को कई बार उन सभी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया था। इस बाबत पिछले साल बंगाल के तत्कालीन मुख्य सचिव मनोज पंत व पिछले दिनों वर्तमान मुख्य सचिव नंदिनी चक्रवर्ती को आयोग ने दिल्ली तलब भी किया था। मुख्य सचिव को प्राथमिकी दर्ज करने के लिए 17 फरवरी की शाम तक का समय दिया गया था। राज्य सचिवालय सूत्रों के अनुसार समय सीमा समाप्त होने से पहले ही पांचों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी मंगलवार को बातों बातों में इसकी पुष्टि की। उन्होंने बताया कि आयोग के कहने पर पांचों के विरुद्ध कदम उठाया गया है। उन्होंने हालांकि प्राथमिकी का उल्लेख नहीं किया। ममता ने आगे कहा कि राज्य सरकार सभी आरोपितों के साथ है। आरोपितों में देवोत्तम दत्त चौधरी व तथागत मंडल, विप्लव सरकार व सुदीप्त दास शामिल हैं। देवोत्तम व तथागत बारुईपुर पूर्व विधानसभा क्षेत्र में क्रमशः ईआरओ व एईआरओ के तौर पर काम कर रहे थे। विप्लव सरकार व सुदीप्त दास मयना विधानसभा क्षेत्र में क्रमशः यही भूमिका निभा रहे थे। इसके अलावा सुरोजीत हलदर नामक डेटा एंट्री ऑपरेटर शामिल है। बंगाल के मुख्य चुनाव अधिकारी (सीईओ) के कार्यालय ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) संबंधी कार्यों में लापरवाही के आरोप में तीन सूक्ष्म पर्यवेक्षकों को निलंबित कर दिया है। इनमें दो बैंक प्रबंधक व एक कर निरीक्षक शामिल हैं। तीनों केंद्र सरकार के कर्मचारी हैं। सीईओ कार्यालय ने तीनों के विरुद्ध विभागीय जांच शुरू करने का भी निर्देश दिया है। इससे पहले इसी आरोप में आयोग ने सात एईआरओ को निलंबित करने का निर्देश दिया था।

## सुप्रीम कोर्ट का सौतेली बेटी की हत्या मामले में बड़ा फैसला, एक व्यक्ति को किया बरी

**नई दिल्ली 18 अगस्त।** सुप्रीम कोर्ट ने अपनी छह वर्षीय सौतेली बेटी की हत्या के आरोपित व्यक्ति की दोषसिद्धि और आजीवन कारावास की सजा को मंगलवार को रद कर दिया। शीर्ष न्यायालय ने जांच में गड़बड़ी और अभियोजन पक्ष द्वारा परिस्थितिजन्य साक्ष्यों की विफलता का हवाला देते हुए यह आदेश सुनाया।जस्टिस के विनोद चंद्रन और जस्टिस संजय कुमार की पीठ ने अभियोजन पक्ष का प्रतिनिधित्व करने वाली वकील अंकिता शर्मा की सटीक तैयारी और जांच में गड़बड़ी के बावजूद कुशलतापूर्वक और उत्साह के साथ मामले की पैरवी करने के लिए प्रशंसा की।पीठ ने कहा, हम सरकारी वकील की सराहना करना चाहेंगे, जिन्होंने हमारे अवलोकन के लिए संपूर्ण अभिलेखों मूल भाषा और उनके अनुवाद सहित का संकलन तैयार करने का प्रयास किया। हालांकि, शीर्ष न्यायालय ने छत्तीसगढ़ पुलिस की गड़बड़ जांच की कड़ी आलोचना की, जिसके कारण छह साल की बच्ची की हत्या के मामले में कई सवालों के जवाब नहीं मिल पाए, जहां असली अपराधी बिना सजा के बच गया और उसके सौतेले पिता को महज अनुमानों के आधार पर जेल में डाल दिया गया।जस्टिस चंद्रन ने कहा, हम इस बात से चकित हैं कि यदि जांच वकील की तैयारी के आधे स्तर की भी होती, तो उस बेचारी बच्ची के लापता होने और मृत्यु को लेकर रहस्य सुलझ सकता था।

# गर्मियों के दौरान जिम जाने से पहले खाएं ये चीजें, एक्सरसाइज के लिए मिलेगी ऊर्जा

गर्मी का मौसम शरीर को बहुत थका देता है, खासकर अगर आप जिम में एक्सरसाइज करते हैं। इस मौसम में पसीना अधिक आता है, जिससे शरीर में जरूरी नमक की कमी हो सकती है। इसके कारण आपको कसरत करते हुए थकान और कमजोरी महसूस हो सकती है। हालांकि, अगर आप जिम जाने से पहले सही चीजें खाते हैं तो आप खुद को तारो-ताजा रख सकते हैं। जिम जाने से पहले डाइट में ये 5 चीजें शामिल करें।

केला खाएं-केला प्राकृतिक मिठास, पोटेशियम और कार्बोहाइड्रेट का अच्छा स्त्रोत है। यह आपके शरीर को तुरंत ऊर्जा दे सकता है, जिससे आप जिम में अधिक समय तक और बेहतर तरीके से एक्सरसाइज कर सकते हैं। केला खाने से आपको ताजगी का एहसास भी होगा और यह पाचन स्वास्थ्य पर भी अच्छा असर डालेगा। इसके अलावा इसमें मौजूद प्राकृतिक तत्व शरीर को हाइड्रेटेड रखते हैं और थकान को दूर करने में मदद करते हैं।

पानी पीते रहें-शरीर को अच्छी तरह चलाने के लिए पानी पीना सबसे जरूरी है। जिम जाने से पहले और उसके दौरान भरपूर पानी पिएं, ताकि आपका शरीर ताजगी से भरा रहे। पसीना आने से शरीर में पानी की कमी हो सकती है, जिससे थकान और कमजोरी महसूस हो सकती है। इसलिए, जिम से पहले और दौरान कम से कम 2-3 गिलास पानी जरूर पिएं। इसके अलावा आप नारियल पानी या नींबू पानी भी पी सकते हैं, जो नमक से भरपूर होते हैं।

हल्का नाश्ता करें

जिम जाने से कम से कम 30 मिनट पहले हल्का नाश्ता करें, जिसमें प्रोटीन और कार्बोहाइड्रेट मौजूद हों। आप ओट्स, पोहा, दही या प्रोटीन युक्त सैंडविच का सेवन कर सकते हैं। इससे आपके शरीर को ऊर्जा मिलेगी और आप थकान महसूस नहीं करेंगे। हल्का नाश्ता करने से आपकी ऊर्जा स्तर बढ़ेगा और आप जिम में अधिक समय तक और बेहतर तरीके से एक्सरसाइज कर सकेंगे। इसके अलावा यह पाचन तंत्र पर भी प्रभाव डालेगा।

तले हुए और भारी भोजन से बचें

जिम जाने से पहले तले हुए और भारी भोजन का सेवन न करें, क्योंकि ये पाचन तंत्र पर भारी पड़ सकते हैं और आपको असुविधा हो सकती है। इससे एक्सरसाइज करते समय आपको भारीपन महसूस होगा या उलटी भी आ सकती है। तले हुए भोजन से पेट में जलन और गैस भी हो सकती है, जिससे आपका मनोबल टूट सकता है। इसके बजाय आप फल, सूखे मेवे या हल्का नाश्ता कर सकते हैं, जो आसानी से पच जाते हैं।

चाय या कॉफी से परहेज करें

जिम जाने से पहले चाय या कॉफी का सेवन नहीं करना चाहिए, क्योंकि ये आपकी नींद को प्रभावित कर सकती हैं और शरीर में जलन पैदा कर सकती हैं। इससे आपकी कसरत करने की क्षमता भी कम हो सकती है। इसके बजाय आप हर्बल चाय, नारियल पानी या नींबू पानी पी सकते हैं, जो बिना किसी नुकसान के ऊर्जा प्रदान करते हैं। इन सुझावों को अपनाकर आप गर्मियों में भी जिम जाकर फिट रह सकते हैं।





## महिलाओं और क्वीर कहानियों को सपोर्ट करना सही लगता है : श्वेता त्रिपाठी

अभिनेत्री श्वेता त्रिपाठी ने प्रोड्यूसर के रूप में महिलाओं पर आधारित और क्वीर कहानियों को सपोर्ट करने का फैसला किया है, क्योंकि उन्हें लगता है कि यह सही है और इस काम में उन्हें खास महसूस होता है। एक आर्टिस्ट के तौर पर यह उनके लिए एक बड़े मकसद का हिस्सा है। श्वेता ने हाल ही में अपनी पहली क्वीर फिल्म मुझे जान ना कहो मेरी जान को प्रोड्यूस करने की घोषणा की है।

इस फिल्म में तिलोत्तमा शोम मुख्य भूमिका में हैं और यह एक क्वीर लव स्टोरी है, जो इस साल फ्लोर पर आने की उम्मीद है। फिल्म में श्वेता खुद भी अभिनय कर रही हैं। श्वेता पहले भी क्वीर प्ले कॉक को प्रोड्यूस कर चुकी हैं, जो माइक बार्टलेट की ओलिवर अवॉर्ड विनर ड्रामा है। कई शहरों में ये ड्रामा प्ले हुआ और दर्शकों से इसे शानदार रिस्पॉन्स मिला।

अभिनेत्री ने बताया, मेरे लिए यह बहुत पर्सनल है। अगर हम समाज में कोई खास बदलाव देखना चाहते हैं, तो हमें खुद इसका हिस्सा बनकर शुरुआत करनी होगी। महिलाओं और क्वीर लाइफ की कहानियां हमेशा से मौजूद रही हैं, लेकिन उन्हें वह जगह और सम्मान नहीं मिला जिसके वे हकदार हैं। अब जब मुझे चुनने और कुछ बनाने का मौका मिला है, तो मुझे इसका सही इस्तेमाल करना है।

वह चाहती हैं कि यह कहानी दर्शकों को जानी-पहचानी और खास लगे। उनका मानना है कि क्वीर कहानियां असरदार होने के लिए जोरदार या सनसनीखेज नहीं होनी चाहिए। उन्होंने बताया, कभी-कभी ये कहानियां कोमल और रोजमर्रा की होती हैं। वे हमेशा खुद को जाहिर नहीं करतीं, लेकिन आपके साथ रहती हैं। मैं इसी तरह के काम से जुड़ना चाहती हूं।

श्वेता ने आगे कहा, यह वह रास्ता लगता है जिस पर मैं चलना चाहती हूं। महिलाओं पर आधारित विषयों को सपोर्ट करना, क्वीर आवाजों को बढ़ावा देना और अपने फैसलों में ईमानदार रहना। यह सही लगता है और मेरे लिए एक आर्टिस्ट के तौर पर घर जैसा और बड़े मकसद का हिस्सा है। अभिनेत्री जल्द ही मिर्जापुर-द मूवी में नजर आएंगी, जो 4 सितंबर को थिएटर्स में रिलीज होगी। फिल्म में श्वेता त्रिपाठी के साथ पंकज त्रिपाठी, अली फजल, दिव्येंदु, रसिका दुग्गल समेत पुराने और नए कलाकार शामिल हैं।

## दृश्यम 3 बॉक्स ऑफिस पर लाएगी तूफान! पहले दिन ही बना सकती है ये 3 बड़े रिकॉर्ड



मोहनलाल की दृश्यम 3 का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. इस फिल्म में मीना, अंसिबा हसन और एस्थर अनिल जैसे स्टार्स भी हैं. फिल्म को लेकर काफी बज है. ये दृश्यम फ्रेंचायजी की सबसे बड़ी फिल्म होने वाली है. फिल्म के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन को लेकर भी खबरें हैं. फिल्म के बॉक्स ऑफिस पर बेंचमार्क्स सेट करने की उम्मीदें हैं. रिपोर्ट के मुताबिक, दृश्यम 3 पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर धमाका करेगी. फिल्म के ओपनिंग डे पर 3 बड़े रिकॉर्ड बनाने की खबरें हैं. बता दें कि मोहनलाल ने पिछले साल 3 बड़ी फिल्में दी थी. इनमें से दो ने दुनियाभर में 200 करोड़ क्लब में एंट्री ली थी. ऐसे में अब दृश्यम 3 को लेकर फैंस की उम्मीदें ज्यादा हो गई हैं. फिलहाल इंडिया में एल2ः एम्पुरान मलयालम इंडस्ट्री की सबसे बड़ी ओपनर है. फिल्म ने 21 करोड़ की ओपनिंग की थी. अब दृश्यम 3 के इस आंकड़े को क्रॉस करने की खबरें हैं. वहीं एल2ः एम्पुरान ने ओवरसीज मार्केट में धमाका कर दिया था. फिल्म ने 43 करोड़ का कलेक्शन किया था. विदेशों में, खासकर गल्फ कंट्रीज में मोहनलाल के टॉपक्लास स्टारडम की वजह से दृश्यम 3 के एल2ः एम्पुरान को पीछे छोड़ने की खबरें हैं.

# डाइट पर हैं तो बनाकर खाएं ये 5 तरह के सलाद, मिलेगा पोषण और बढ़ेगी ताकत



सलाद एक सेहतमंद खाना है, जो किसी भी भोजन का हिस्सा बन सकता है। यह स्वादिष्ट होने के साथ-साथ फाइबर और विटामिन से भरपूर होता है, जो पाचन को ठीक रखता है और शरीर की रोगों से लड़ने की क्षमता को भी बढ़ा सकता है। आज हम आपको 5 ऐसे सलाद की रेसिपी बताने वाले हैं, जिन्हें बनाने में ज्यादा समय नहीं लगता और ये पोषण और ताकत का भंडार होते हैं। इन्हें डाइट के दौरान खाया जा सकता है।

खीरे और पुदीने का सलाद

इसे बनाने के लिए सबसे पहले खीरे को धो कर छीलें, फिर उसे पतला-पतला काटें। अब एक कटोरे में खीरे के साथ बारीक कटी पुदीने की पत्तियां, नींबू का रस, काला नमक और चाट मसाला मिलाएं। इसके बाद इस सलाद में दही और जैतून का तेल डालकर अच्छे से मिलाएं। आखिर में इस पर थोड़ा-सा काला नमक डालकर परोसें। इस सलाद का स्वाद ताजगी भरा होता है और यह गर्मियों में ठंडक का अहसास कराता है।

मूली और गाजर का सलाद

मूली का सलाद बनाने के लिए सबसे पहले मूली को धो कर छीलें, फिर उसे कद्दूकस कर लें। अब गाजर को भी धो कर छीलें और उसे कद्दूकस करके मूली के साथ मिला दें। इसके बाद एक कटोरे में दोनों के साथ बारीक कटी हरी मिर्च, नींबू का रस, काला नमक और चाट मसाला मिलाएं। अंत में इस पर थोड़ा-सा भुना हुआ सफेद तिल डालकर परोसें। इसे आप चावल के व्यंजनों के साथ खा सकते हैं।

पत्तागोभी और सेब का सलाद

अगर आप अलग स्वाद वाला सलाद खाना चाहते हैं तो पत्तागोभी और सेब का सलाद बनाएं। सबसे पहले पत्तागोभी को धो कर कद्दूकस कर लें। अब सेब को धोकर उसके छोटे-छोटे टुकड़े काट लें। इसके बाद एक कटोरे में पत्तागोभी और सेब के साथ बारीक कटी हरी मिर्च, नींबू का रस, काला नमक और चाट मसाला मिलाएं। अंत में इस सलाद पर थोड़ा-सा सिरका छिड़ककर खाएं। यह सलाद आपके खाने में एक नया स्वाद जोड़ सकता है।

टमाटर और ककड़ी का सलाद

टमाटर और ककड़ी, दोनों ही में पानी की मात्रा ज्यादा होती है। ऐसे में यह सलाद गर्मी के मौसम के लिए सबसे बढ़िया रहेगा। इसे बनाने के लिए सबसे पहले टमाटर और ककड़ी को धो कर छीलें। इसके बाद इन्हें छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें। अब एक कटोरे में टमाटर और ककड़ी के साथ बारीक कटी हरी मिर्च, नींबू का रस, काला नमक और चाट मसाला मिलाएं। इस पर काली मिर्च और अन्य सीजनिंग भी छिड़की जा सकती हैं। पालक और पनीर का सलाद

इसे बनाने के लिए सबसे पहले पालक को धो कर बारीक काट लें। अगर आप चाहें तो पालक को उबाल भी सकते हैं। इसके बाद पालक के साथ पनीर के छोटे-छोटे टुकड़े काटकर मिलाएं। अब इस पर थोड़ा नींबू का रस, काला नमक और चाट मसाला डालकर अच्छे से मिलाएं। अंत में इस पर थोड़ा-सा जैतून का तेल छिड़क दें, ताकि स्वाद बढ़ जाए। इसमें आप अन्य सब्जियां भी शामिल कर सकते हैं।

## आरुषि चावला द 50 से हुई बाहर महल बना जंग का मैदान

द 50 शो इन दिनों सोशल मीडिया पर जबरदस्त चर्चा में बना हुआ है, जिसमें सभी खिलाड़ियों के बीच खतरनाक लड़ाई देखने को मिल रही है। आरुषि चावला को द 50 से एविक्शन ऑर्डर मिला। उनका नाम अनाउंस होने के बाद वह फूट-फूट कर रोने लगीं। महल से बाहर निकलते समय उन्होंने कृष्णा, ऋषि, शीनू, रिधिमा और करण से कहा कि उन्होंने उन्हें गलत समझा है। गेम के दौरान आरुषि के गेम खेलने की जमकर बुराई भी की, जब उन्होंने नेहल चुडासमा को डेंजर जोन में भेज दिया और उन पर शो में दोनों पार्टियों का साथ देने का भी आरोप लगा। उन्होंने अपना बचाव करते हुए कहा, मैं वैसी नहीं हूं, जो कुछ सोचती है कुछ बोलती है। ये एपिसोड आरुषि के कारण चर्चा में बना हुआ है।

आरुषि चावला कौन हैं, जो सोशल मीडिया पर चर्चा में बनी हुई हैं। यह सवाल हर किसी के दिमाग में चल रहा है। आरुषि एक एक्ट्रेस, मॉडल और डांसर हैं। उनका जन्म 1994 में दिल्ली में हुआ था। आरुषि ने माउंट कार्मेल स्कूल से अपनी पढ़ाई पूरी की और बाद में श्री वेंकटेश्वर कॉलेज से हायर स्टडीज की, जहां उन्होंने केमिस्ट्री में बैचलर ऑफ साइंस की डिग्री हासिल की।

2017 में आरुषि डांस फैकल्टी मेंबर के तौर पर वर्व डांस क्रू में शामिल हुईं। उसके बाद साल 2018 में उन्होंने अपना खुद का डांस स्टूडियो शुरू किया। इसके बाद उन्हें पैराशूट, हीरो बाइक, माउंटेन ब्रीज स्ट्रिप्स और पॉन्ड्स जैसे कई एडवर्टाइजमेंट ऑफर किए गए। 2020 में आरुषि ने एमटीवी रोडीज रेवोल्यूशन सीजन 17 में हिस्सा लिया। हाल ही में उन्होंने मिस स्कूबा इंडिया 2025 का टाइटल जीता। वह एक फिटनेस फ्रिक भी हैं, जिन्हें डांसिंग, पिलेट्स और कई दूसरी फिजिकल एक्टिविटीज करते देखा जा सकता है। उनका पूरा इंस्टाग्राम उनकी वर्कआउट पोस्ट से भरा पड़ा है।

द 50 में एक टेंशन वाला पल पूरे महल में तब झगड़े में बदल गया, जब डेंजर जोन को लेकर हुई अनबन से आरुषि और करण के बीच जुबानी जंग शुरू हो गई। बहस डेंजर जोन चुनने से ठीक पहले शुरू हुई। आरुषि ने भेजे जाने के आइडिया का कड़ा विरोध किया और जोर देकर कहा कि उसे बचाने के लिए कोई अलायंस नहीं है और वह एक आसान टारगेट होगी, लेकिन करण पटेल ने उसकी बात को खारिज कर दिया और उसे नेगेटिव कहा। इस पर आरुषि ने पलटवार करते हुए कहा, तुम घमंडी हो करण पटेल। नेहल चुडासमा ने करण का बचाव करते हुए आरुषि को नार्सिसिस्टिक कहा, जबकि रिद्धि डोगरा ने उस पर दोमुंहा होने का आरोप लगाया और उसे सांप तक बोल दिया।



## सू- दोकू क्र.319

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.318 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## शब्द सामर्थ्य -319


( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. जीत, फतेह 3. राशन सामान बेचने वाली एक जाति, वैश्य 6. मुर्गी की जाति की एक पक्षी, आधा... आधा बटेर 7. कमल, पंकज, भारत के एक दिवंगत प्रधानमंत्री का नाम 8. नहाने का स्थान, स्नानागार 10. ख्वाब, स्वप्न 12. बुलावा, निमंत्रण 14. तबाही, बर्बादी 17. कत्ल, वध 18. क्षतिपूर्ति, मुआवजा 19. करार, चैन, आराम 21. दृष्टि, निगाह 23. नाश करने योग्य 24. लाडला, प्यारा 25. सीताजी, जनकनंदनी।

**ऊपर से नीचे**

1. शादी, ब्याह 2. अनाथ, निराश्रित 3. साल, वर्ष 4. दोस्ताना, यारी 5. सुर, देव, भगवान 9. मनुष्य, इंसान, आदमी 11. पाटा जाना, चुकता करना, बात तय करना 12. कार्यक्षेत्र, गोल घेरा, वृत्त 13. अधीनता, मातहती, अधिकार 15. नगर 16. गैरजरूरी 20. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 22. धरती, भूतल, धरातल।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक318 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अं | त | | म | री | ज | | | |
| ग | ह | न | ता | | ब | र | ब | स |
| | की | | धि | क्का | र | | र | मा |
| | का | | का | | द | वा | खा | ना |
| प | त | वा | र | | स्त | र | | |
| ह | | | | | | दा | मि | नी |
| ना | | ए | ह | ति | या | त | | लां |
| वा | च | क | | हा | | | खू | ब |
| | | ता | ब | ड़ | तो | ड़ | | र |

## शाहिद कपूर ने फर्जी 2 पर दिया सबसे बड़ा अपडेट, बोले- इसके लिए बहुत उत्साहित हूं

शाहिद कपूर इस वक्त हालिया रिलीज फिल्म ओ रोमियो को लेकर चर्चाओं में घिरे हैं। यह फिल्म दर्शकों का दिल जीतने में कामयाबी हासिल कर रही है, जिसका निर्देशन विशाल भारद्वाज ने किया है। वहीं कई फैंस शाहिद की बहुप्रतीक्षित वेब सीरीज फर्जी के दूसरे सीजन को लेकर उत्साहित दिख रहे हैं, क्योंकि अभिनेता ने कुछ दिन पहले ही सीरीज से जुड़ी आधिकारिक पोस्ट साझा की थी। अब उन्होंने खुद फर्जी 2 को लेकर सबसे बड़ा अपडेट दे डाला है। शाहिद ने पुष्टि की है कि वह बहुत जल्द फर्जी 2 की तैयारी में जुट रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं पहले ही कुछ बिल्कुल अलग तरह की भूमिका में आ चुका हूं। मैं फिलहाल कॉकटेल 2 की शूटिंग कर रहा हूं। मैंने ओ रोमियो की शूटिंग खत्म होते ही इसकी शूटिंग खत्म कर दी थी।

# सरगुजा विकास प्राधिकरण की बैठक में गूंजे कोरिया के मुद्दे

## मुख्यमंत्री की मौजूदगी में पूर्व विधायक गुलाब कमरो ने उठाई सड़क, पानी और बिजली की मांग



**कोरिया बैकुंठपुर।** कोरिया जिले में आयोजित सरगुजा विकास प्राधिकरण की महत्वपूर्ण बैठक मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में पूर्व विधायक गुलाब कमरो क्षेत्र की सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत के प्रतिनिधि के रूप में शामिल हुए।

बैठक के दौरान पूर्व विधायक कमरो ने कोरिया जिले के जनहित और विकास से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण मुद्दों को मजबूती से उठाया तथा लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने की मांग की। पूर्व विधायक ने रामगढ़-कोटाडोल (27 किमी) सड़क निर्माण की लंबित टेंडर प्रक्रिया पर चिंता व्यक्त करते हुए शीघ्र वर्क ऑर्डर जारी कर निर्माण कार्य प्रारंभ करने की मांग रखी। उन्होंने कहा कि यह सड़क क्षेत्र के आवागमन, व्यापार और ग्रामीण संपर्क के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। विभागीय अधिकारियों ने इस पर सकारात्मक आश्वासन देते हुए जल्द कार्य प्रारंभ करने की बात कही। इसके साथ ही कमरो ने कठौतिया-जनकपुर सड़क के चौड़ीकरण को लेकर भी ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि इस मार्ग के उन्नयन से आवागमन सुगम होगा तथा क्षेत्रीय आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। पूर्व विधायक ने ग्राम कछौड समूह में जल जीवन मिशन के अंतर्गत बंद और रुके हुए कार्यों को तत्काल पुनः प्रारंभ करने की मांग की। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है और कार्यों में विलंब से जनता को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बैठक में ग्राम चंदहा, बंशीपुर, नवाटोला एवं कचोहर में अधूरे पड़े विद्युतीकरण कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने की मांग भी रखी गई। कमरो ने कहा कि बिजली जैसी मूलभूत सुविधा के अभाव में ग्रामीणों का दैनिक जीवन और बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। पूर्व विधायक गुलाब कमरो ने स्पष्ट कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए सड़क, पानी और बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं का सुदृढ़ होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने प्रशासन से जनहित के कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर तय समय सीमा में पूरा कराने की मांग की। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने मांगों पर सकारात्मक रुख दर्शाते हुए आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। क्षेत्रवासियों को अब उम्मीद है कि लंबे समय से लंबित कार्यों को शीघ्र गति मिलेगी और विकास कार्य धरातल पर दिखाई देंगे।

## मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के चिरमिरी दौरे में क्षेत्र को कोई बड़ी सौगात नहीं-शिवांश जैन

### कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपने से रोकना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण- राहुल भाई



**चिरमिरी।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के चिरमिरी दौरे के दौरान चिरमिरी क्षेत्र की जनता को कोई बड़ी विकास सौगात नहीं मिल पाई, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण एवं निराशाजनक है। पूर्व में कांग्रेस सरकार के दौरान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के दौरे पर पूर्व विधायक के प्रयासों से चिरमिरी को जिला अस्पताल, पॉलिटेक्निक कॉलेज, उद्यानकी महाविद्यालय, दो-दो आत्मानंद स्कूल आदि जैसी बड़ी घोषणाएँ एवं परियोजनाएँ प्राप्त होती थीं, लेकिन वर्तमान दौर में विकास की गति ठप्प-सी प्रतीत हो रही है।

उपरोक्त बाते हल्दीबाड़ी के यूनियन ऑफिस में आयोजित एक पत्रकार वार्ता में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चिरमिरी के अध्यक्ष शिवांश जैन ने कही । शिवांश जैन ने आगे कहा कि कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष के रूप में मैंने मुख्यमंत्री जी को क्षेत्र के विकास से जुड़ी कई महत्वपूर्ण मांगों वाला ज्ञापन सौंपने का प्रयास किया, जिसमें चिरमिरी के समग्र विकास, रोजगार सृजन, पलायन रोकने, बुनियादी सुविधाओं की मजबूती आदि शामिल थे। दुर्भाग्यवश, पुलिस प्रशासन द्वारा भाजपा नेताओं के दबाव में मुझे ज्ञापन सौंपने से रोक दिया गया। और मेरे घर के बाहर पुलिस बल तैनात कर दिया । ऐसा प्रतीत होता है कि भाजपा नेतृत्व को भय था कि कहीं उनकी पोल जनता के सामने न खुल जाए और विकास की कमी उजागर न हो जाए। श्री जैन ने आगे कहा कि यह घटना लोकतंत्र की भावना के विपरीत है, जहाँ विपक्ष की आवाज दबाई जा रही है और जनता की जायज मांगों को अनसुना किया जा रहा है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चिरमिरी द्वारा आयोजित इस पत्रकार वार्ता में ब्लॉक अध्यक्ष शिवांश जैन के साथ चिरमिरी नगर पालिक निगम की नेता प्रतिपक्ष श्रीमती गायत्री बिरहा, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष सुभाष कश्यप, वरिष्ठ कांग्रेस नेता शंकर राव व वरुण शर्मा, पार्षद राहुल भाई पटेल, रवि बिरहा, अशरफ अली एवं अभिषेक जैन उपस्थित रहे। ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस चिरमिरी ने यह भी कहा कि चिरमिरी जनता विकास की प्रतीक्षा में है और हम लगातार संघर्षरत रहेंगे। हम मांग करते हैं कि मुख्यमंत्री चिरमिरी के लिए विशेष पैकेज घोषित करें, पुरानी घोषित परियोजनाओं को गति दें और विपक्ष की आवाज को सम्मान दें।



## उज्ज्वला गैस, पिंक ई-रिक्शा और गार्बेज रिक्शा वितरण से आत्मनिर्भरता को मिला नया संबल

**कोरिया बैकुंठपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कोरिया प्रवास के दौरान कोरिया महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को हितग्राहीमूलक सामग्री का वितरण कर लाभान्वित किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कार्यक्रम में 105 पात्र हितग्राहियों को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत गैस कनेक्शन प्रदान किए। उन्होंने कहा कि इस योजना से अब इन परिवारों को धुएं से मुक्ति मिलने के साथ सुरक्षित, स्वच्छ और स्वास्थ्य के अनुकूल ईंधन की सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे महिलाओं के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आएगा। इस अवसर पर स्व-रोजगार और महिला सशक्तिकरण को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से 6 आजीविका दीदियों को पिंक ई-रिक्शा (ग्रामीण आजीविका एक्सप्रेस) प्रदान किए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहल महिलाओं की आय बढ़ाने के साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी नई गति प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने जिले की स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए 14 स्वच्छता दीदियों को गार्बेज रिक्शा भी वितरित किए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल व्यवस्था नहीं बल्कि जनभागीदारी का अभियान है, और इस दिशा में महिलाओं की भागीदारी सराहनीय है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है, ताकि समाज का प्रत्येक वर्ग विकास की मुख्यधारा से जुड़ सके। उन्होंने कहा कि सरकार जनकल्याण और आत्मनिर्भरता के संकल्प के साथ निरंतर कार्य कर रही है।

## पत्रकारों ने आवासीय भूखंड एवं पत्रकार कक्ष निर्माण की मांग को लेकर मुख्यमंत्री से की मुलाकात



**कोरिया बैकुंठपुर।** कोरिया जिला में जनपक्षधर एवं सकारात्मक पत्रकारिता की परंपरा को सुदृढ़ करने की दिशा में जिला जर्नलिस्ट प्रेस क्लब कोरिया के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से भेंट कर पत्रकारों की विभिन्न मांगों संबंधी ज्ञापन सौंपा। रेस्ट हाउस बैकुंठपुर में आयोजित मुलाकात के दौरान क्लब के संरक्षक उत्तम कश्यप, अध्यक्ष प्रवीन्द सिंह, सचिव योगेश चंद्रा, उपाध्यक्ष राजेश राज गुप्ता, कार्यालय प्रभारी जूही खातून उपस्थित रहे। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि जिले के अधिकांश पत्रकारों के पास स्वयं का आवास नहीं है, जिससे उन्हें अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। पत्रकारों ने जिला मुख्यालय में लगभग 5 एकड़ भूमि आवासीय भूखंड के रूप में उपलब्ध कराने की मांग की, ताकि उन्हें स्थायित्व एवं सुरक्षा मिल सके। साथ ही यह भी अवगत कराया गया कि कोरिया जिले एवं दूरस्थ अंचलों से पत्रकारगण जनहितकारी कार्यों एवं समाचार संकलन के सिलसिले में नियमित रूप से कलेक्ट्रेट परिसर आते हैं, किंतु उनके बैठने हेतु किसी समुचित कक्ष की व्यवस्था नहीं है। धूप, वर्षा एवं कड़ाके की ठंड के समय उन्हें अत्यंत असुविधा का सामना करना पड़ता है। पत्रकार प्रतिनिधिमंडल ने आग्रह किया कि कलेक्ट्रेट परिसर स्थित जिला जनसंपर्क कार्यालय के बाजू में उपलब्ध रिक्त भूखण्ड पर पत्रकारों के लिए एक सुसज्जित कक्ष निर्माण हेतु संबंधित विभाग को आवश्यक निर्देश प्रदान किए जाएं। इससे पत्रकारों को आधारभूत सुविधा उपलब्ध होगी तथा शासन-प्रशासन से जुड़े जनहित के विषयों का निर्विघ्न कवरेज संभव हो सकेगा। पत्रकारों ने उम्मीद जताई कि शासन उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय लेकर पत्रकारिता के सशक्तिकरण की दिशा में पहल करेगा।

## मुख्यमंत्री ने लगाया सफेद चंदन का पौधा

**कोरिया।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने कोरिया जिले के प्रवास को यादगार बनाते हुए कलेक्ट्रेट परिसर- जिला पंचायत कार्यालय के सामने सफेद चंदन का पौधा रोपा। पौधारोपण के इस महत्वपूर्ण अवसर पर राज्य के कई वरिष्ठ मंत्री और अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अनुसूचित जाति एवं जनजाति विकास विभाग के मंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम,खाद्य नागरिक एवं आपूर्ति मंत्री दयालदास बघेल, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े तथा कलेक्टर चंदन त्रिपाठी भी मौजूद रहीं। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर संदेश दिया कि पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने के लिए किए जा रहे प्रयासों में सभी को सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए।

## मुख्यमंत्री से मिले जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता,कोरिया जिले की समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा



**कोरिया बैकुंठपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी कोरिया के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से सर्किट हाउस बैकुंठपुर में शिष्टाचार भेंट कर जिले की विभिन्न जनहितकारी समस्याओं के निराकरण हेतु मांग पत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री के समक्ष कोरिया जिले के समग्र विकास से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दे रखते हुए शीघ्र समाधान हेतु आवश्यक निर्देश देने का आग्रह किया। प्रतिनिधिमंडल ने कोरिया जिले को संभाग का दर्जा प्रदान करने, बैकुंठपुर शहर में खरवत से जमगहना तक मुख्य मार्ग के चौड़ीकरण,जिला चिकित्सालय भवन निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराने तथा प्रमुख शासकीय कार्यालयों की स्थापना की मांग प्रमुखता से रखी। इसके साथ ही सलका स्थित स्टेडियम के अधूरे कार्य पूर्ण कराने एवं बैकुंठपुर स्थित जीर्ण-शीर्ण रामानुज क्लब भवन को ध्वस्त कर नए भवन के निर्माण की मांग भी मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत की गई। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विषयों पर आवश्यक परीक्षण एवं उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस अवसर पर प्रतिनिधि मंडल में अंबिका सिंह देव,पूर्व जिलाध्यक्ष नजीर अजहर,पीसीसी सदस्य योगेश शुक्ला,प्रदेश संयुक्त महामंत्री वेदांती तिवारी,पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष एवं जिला कांग्रेस कमेटी कोषाध्यक्ष अशोक जायसवाल,महामंत्री बृजवासी तिवारी तथा ब्लॉक अध्यक्ष बिहारी लाल राजवाड़े,आशीष यादव और सुरेश सिंह सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने चाक पर गढ़ा दीया



**कोरिया बैकुंठपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का एक अलग ही रूप उस समय देखने को मिला, जब वे कुम्हार के चाक पर स्वयं मिट्टी का दीया और कलश गढ़ने लगे। अवसर था सरगुजा विकास प्राधिकरण की बैठक का, जिसमें शामिल होने वे कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर पहुंचे थे। जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित बैठक के साथ ही परिसर में स्व-सहायता समूहों के उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई गई थी। इसी प्रदर्शनी में सोनहत विकासखंड के ग्राम चकडड़ निवासी शिल्पकार देवी दयाल प्रजापति इलेक्ट्रिक चाक पर मिट्टी से दीया और कलश बनाने का सजीव प्रदर्शन कर रहे थे। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री श्री साय शिल्पकार प्रजापति के स्टॉल पर पहुंचे। कुछ देर तक उन्होंने उनकी शिल्पकला का बारीकी से अवलोकन किया। कला के प्रति उत्सुकता इतनी बढ़ी कि उन्होंने स्वयं चाक पर हाथ आजमाने की इच्छा जाहिर की। देवी दयाल की सहमति से मुख्यमंत्री ने घूमते हुए चाक पर रखी गीली मिट्टी को हाथों से साधा और देखते ही देखते उसे सुंदर दीये का आकार दे दिया। मुख्यमंत्री की सहज कुशलता देख स्वयं शिल्पकार देवी दयाल भी आश्चर्यचकित रह गए। उपस्थित जनसमूह ने इस दृश्य को उत्साह और तालियों के साथ सराहा। मुख्यमंत्री ने इस दौरान कुम्हार देवी दयाल प्रजापति से उनके व्यवसाय, आय और परिवार की जानकारी ली तथा उन्हें शासन की विभिन्न स्वरोजगार एवं कारीगर हितैषी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।मुख्यमंत्री का यह आत्मीय और सहज व्यवहार न केवल स्थानीय कारीगरों के लिए प्रेरणादायक रहा, बल्कि यह संदेश भी दे गया कि शासन की प्राथमिकता में पारंपरिक शिल्प और ग्रामीण आजीविका को सशक्त करना शामिल है। स्टाल प्रदर्शनी के इस अवसर पर कृषि मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री राम विचार नेताम, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, सरगुजा विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष श्रीमती गोमती साय, सांसद चिंतामणि महाराज, विधायक भैयालाल राजवाड़े, कलेक्टर चंदन त्रिपाठी, एसपी रविकुमार कुर्रे सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण उपस्थित थे।

## जय जगन्नाथ के जयघोष से गूंजा चिरमिरी मुख्यमंत्री ने की प्रदेश की खुशहाली की कामना

**एमसीबी।** चिरमिरी स्थित जगन्नाथ मंदिर में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय मेले का इस वर्ष विशेष आध्यात्मिक महत्व तब और बढ़ गया, जब प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की और श्रद्धालुओं को संबोधित किया। उनके आगमन से पूरा मंदिर परिसर शंखनाद, घंटियों की मधुर ध्वनि, ढोल-नगाड़ों की गूंज और जय जगन्नाथ के जयघोष से भक्तिमय हो उठा। मंदिर प्रबंधन समिति एवं पुजारियों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ अंगवस्त्र ओढ़ाकर और चंदन तिलक लगाकर मुख्यमंत्री का आत्मीय स्वागत किया।

## ओड़गी के जायसवाल परिवार में शोक होने पर सीएम और विधायक ने परिजनों से मिल जताई संवेदना



**कोरिया बैकुंठपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जिले के वरिष्ठ गणमान्य नागरिक कृष्ण बिहारी जायसवाल के ओड़गी स्थित निवास पहुंचे और उनके पितृशोक में शामिल होकर संवेदना व्यक्त की।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने स्वर्गीय मुकुट बिहारी जायसवाल को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उन्होंने 90 वर्षों की लंबी जीवन यात्रा में एक आदर्श शिक्षक के रूप में विद्यालय और समाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वे गणित विषय के लोकप्रिय शिक्षक के रूप में पूरे अंचल में प्रसिद्ध रहे। बैकुंठपुर के कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल से प्राचार्य पद से सेवानिवृत्त होने के बाद भी वे शिक्षा और संस्कारों के क्षेत्र में सक्रिय रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्व. मुकुट बिहारी जायसवाल सिद्धांतवादी व्यक्तित्व के धनी थे। गायत्री परिवार से जुड़े होने के कारण वे जीवनभर सात्विक जीवन शैली और उच्च नैतिक मूल्यों के समर्थक रहे। उन्होंने कहा कि उनके बताए सत्य और सदाचार के मार्ग पर चलना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी। स्व. मुकुट बिहारी जायसवाल के परिवार में दो पुत्र कृष्ण बिहारी जायसवाल, विपिन जायसवाल और एक पुत्री श्रीमती चम्पा देवी जायसवाल हैं। इस अवसर पर केबिनेट मंत्री रामविचार नेताम, दयाल दास बघेल, श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, श्याम बिहारी जायसवाल, बैकुंठपुर विधायक भइया लाल राजवाड़े एवं बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# 50 करोड़ रुपये के बजट प्रावधान को दी गई स्वीकृति

**कोरिया बैकुंठपुर।** सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की बैठक में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि हमारी सरकार ने सरगुजा और बस्तर के विकास पर अपना मुख्य फोकस रखा है। प्राधिकरण गठन के साथ महत्वपूर्ण कार्यों के माध्यम से पिछड़े क्षेत्र को विकास से जोड़ा जा रहा है। सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की बैठक के माध्यम से सरगुजा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास, जनजातीय समाज के सशक्तिकरण और क्षेत्र की समृद्धि के लिए हमारी सरकार पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है और सभी के सहयोग से सरगुजा क्षेत्र को प्रगति के नए शिखर पर पहुँचाएंगे।

मुख्यमंत्री एवं सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में आज प्राधिकरण की महत्वपूर्ण बैठक बैकुंठपुर जिला पंचायत के मंथन सभाकक्ष में संपन्न हुई, जिसमें सरगुजा संभाग के जिलों में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में जनप्रतिनिधियों के सुझावों पर आगामी वित्तीय वर्ष के लिए नई योजनाओं को मंजूरी दी गई तथा विभिन्न चल रहे कार्यों की गति और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए गए। बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए प्राधिकरण हेतु 50 करोड रुपये के बजट प्रावधान को स्वीकृति प्रदान की गई। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों के आधार पर 543 विकास कार्यों के लिए 4905.58 लाख रुपये की वित्तीय स्वीकृति दी गई। इसके अतिरिक्त वर्ष 2024-25 में स्वीकृत 606 कार्यों को भी औपचारिक अनुमोदन दिया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वीकृत सभी कार्यों को तय समय-सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए तथा लंबित कार्यों को मार्च माह तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। प्राधिकरण की पूर्व बैठक के पालन-प्रतिवेदन के संबंध में बताया गया कि पर्यटन विकास को भी प्रमुखता दी गई है। जशपुर जिले के कुनकुरी स्थित मयाली नेचर कैंप को क्षेत्र का एक प्रमुख पर्यटन केंद्र बनाने के लिए 40 करोड़ रुपये की कार्ययोजना को स्वीकृत किया गया। मुख्यमंत्री श्री साय द्वारा 5 फरवरी 2026 को इन निर्माण कार्यों का भूमिपूजन संपन्न किया जा चुका है, जिसके बाद अब तेजी से कार्य प्रारंभ किए जा रहे हैं। बैठक में बताया गया कि जल जीवन मिशन अंतर्गत 12 समूह जल प्रदाय योजनाओं के अनुबंध निरस्त किए गए हैं तथा एक मुख्य अभियंता और आठ कार्यपालन अभियंताओं को निलंबित करते हुए उनके विरुद्ध विभागीय जांच आरंभ कर दी गई है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि पीने के पानी जैसी मूलभूत सुविधा में किसी भी प्रकार की ढिलाई स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने गर्मी के दिनों में पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में बताया गया कि जंगली हाथियों के हमलों से प्रभावित लोगों की सहायता के संबंध में भी महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। मकान क्षति की क्षतिपूर्ति राशि को 18 नवंबर 2024 के आदेश के अनुसार बढ़ा दिया गया है, जबकि अन्य मुआवजा मदों की दरों में वृद्धि के लिए विभागीय परीक्षण जारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हाथी-द्वंद्व प्रभावित परिवारों को त्वरित और पर्याप्त सहायता उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को मुआवजा राशि में वृद्धि हेतु आवश्यक प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए। प्राधिकरण की बैठक में





विद्युतीकरण कार्यों की प्रगति पर भी चर्चा हुई। बताया गया कि मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के सोनहत विकासखंड के गांवों में प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत विद्युतीकरण का कार्य तेज गति से जारी है। वहीं, जशपुर जिले में अत्यधिक बिजली बिलों की समस्याओं के समाधान के लिए विशेष शिविर आयोजित किए गए, जिनमें 568 त्रुटिपूर्ण बिलों का सुधार किया गया। इसके अतिरिक्त धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान योजना के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी प्राधिकरण के सभी सदस्यों को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए, ताकि योजनाओं की निगरानी और क्रियान्वयन और अधिक प्रभावी हो सके। बैठक में प्राधिकरण मद से वित्तीय वर्ष 2020-21 से 2024-25 तक स्वीकृत कार्यों की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति की समीक्षा हुई। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कलेक्टर सहित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि स्वीकृत कार्यों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया जाए, जिससे विकास योजनाओं का लाभ सीधे जनजातीय एवं वनांचल क्षेत्रों के लोगों तक पहुँचे और क्षेत्र के समग्र विकास को नई गति मिल सके। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने सुझाव के साथ शिकायतें भी मुख्यमंत्री के समक्ष रखीं। मुख्यमंत्री श्री साय ने प्राप्त सुझाव और शिकायतों का परीक्षण करने तथा इसे गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कार्यवाही की बात कही। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने वनांचल क्षेत्रों में विद्युतीकरण, हाथी-प्रभावित क्षेत्रों में हाथी-विचरण के दौरान विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहने, हाथी से फसलों एवं संपत्ति को हुए नुकसान पर मुआवजा राशि बढ़ाने, जल जीवन मिशन के अंतर्गत कार्य अपूर्ण होने, जल स्रोत से पानी उपलब्ध कराने, ग्रामीण सड़कों में भारी वाहन संचालित होने से सड़क को नुकसान होने, लुंड्रा, बतौली, प्रतापपुर क्षेत्रों में गन्ना उत्पादन बढ़ने के कारण गन्ना मिल प्रारंभ करने, मजदूरों के लंबित भुगतान करने, त्रुटिपूर्ण बिजली बिलों को सुधारने के संबंध में सुझाव दिए। मुख्यमंत्री श्री साय ने हाथी आदि से हुए नुकसान पर मुआवजा राशि बढ़ाने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन होने, हाथी-प्रभावित क्षेत्रों में हाईमास्ट सोलर लाइट लगाने, गन्ना मिल को प्रारंभ करने और गन्ना उत्पादक किसानों की समस्याओं को दूर करने, उन्हें मजदूरी भुगतान करने, बिजली उपभोक्ताओं के बिल संबंधी त्रुटियों को दूर करने की दिशा में कार्यवाही प्रचलित होने और आने वाले दिनों में बड़ा निर्णय लेने की बात कही। उन्होंने गुणवत्ताहीन सड़क निर्माण, बिजली तार बिछाकर मछली मारने, वन्यजीव सहित मानव को नुकसान पहुँचाने वालों पर कड़ी कार्यवाही की बात कही। मुख्यमंत्री श्री साय ने बैठक में कहा कि सरगुजा क्षेत्र विकास प्राधिकरण की बैठक विगत वर्ष जशपुर जिले के मयाली में की गई थी। बैठक के पश्चात मयाली की पहचान पर्यटन केंद्र के रूप में होने लगी है। विश्व के बड़े शिवलिंग को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में स्थान मिला और स्वदेश दर्शन योजना के तहत 9 करोड़ की राशि स्वीकृत हुई। बैठक की सार्थकता रही कि मयाली की पहचान बढ़ गई है और बाहर के पर्यटक आने लगे हैं। उन्होंने कहा कि आज प्राधिकरण की दूसरी बैठक बैकुंठपुर में हुई है। यहाँ पहली बार झुमका जलाशय को क्रूज के माध्यम से देखने का अवसर मिला। मंत्रीगण सहित सभी अधिकारी भी आए। यहाँ भी पर्यटन की अपार संभावनाएँ हैं। इस तरह अलग-अलग जिलों में बैठक होने का लाभ जिले को मिलता है। इस दौरान जिले के कृषि एवं प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम, प्राधिकरण की उपाध्यक्ष श्रीमती गोमती साय, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम मंत्री दयालदास बघेल, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल, स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव, उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, सांसद चिंतामणी महराज, विधायक भइयालाल राजवाड़े, विधायकगण भूलन सिंह मरावी, प्रमोद मिंज, श्रीमती शकुंतला पोर्ते, श्रीमती बुद्धेश्वरी पैकरा, अतिरिक्त मुख्य सचिव मनोज कुमार पिंगुआ, मुख्यमंत्री के सचिव एस. बासव राजू, संभागायुक्त नरेन्द्र दुग्गा, आईजी दीपक झा, जिला पंचायतों के अध्यक्ष, कलेक्टर-एसपी तथा जिला पंचायत के सीईओ भी उपस्थित रहे। कोरिया कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित उपस्थित मंत्रियों, सांसद, विधायको तथा अन्य जनप्रतिनिधियों को प्रतीक चिन्ह भेंट की।

## समस्याओं पर शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन



**कोरिया बैकुंठपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने कोरिया प्रवास के दौरान बैकुंठपुर स्थित सर्किट हाउस में विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि मंडलों एवं जनप्रतिनिधियों से सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान जिले से जुड़े विभिन्न मुद्दों, समस्याओं और मांगों को लेकर प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा। मुख्यमंत्री ने सभी संगठनों की बातों को गंभीरता से सुना और संबंधित विषयों पर आवश्यक एवं त्वरित कार्रवाई का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आमजन, कर्मचारियों, व्यापारियों और ग्रामीण प्रतिनिधियों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है तथा प्रत्येक मांग पर संवेदनशीलता के साथ विचार किया जाएगा। मुलाकात करने वाले प्रतिनिधि मंडलों में जिला। कोटवार संघ, टीचर्स एसोसिएशन, चौंबर ऑफ कॉमर्स, कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन, जिला पत्रकार संघ एवं जिला सरपंच संघ के पदाधिकारी शामिल रहे। प्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्र से संबंधित मुद्दों को मुख्यमंत्री के समक्ष विस्तार से रखा। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी, एसपी रवि कुमार कुर्रे, जिला पंचायत सीईओ आशुतोष चतुर्वेदी सहित जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## युवा मोर्चा कार्यकर्ता निकालेंगे रैली

**कोरबा।** युवा मोर्चा द्वारा आज कोसाबाड़ी नगर मंडल में जय जोहार कार्यक्रम आयोजित किया गया है। यहां पर युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष वैभव शर्मा का स्वागत करते हुए कार्यकर्ताओं द्वारा रैली निकाली जाएगी। नगर मंडल अध्यक्ष पद के दावेदार निहाल सोनी, विवेक राजवाड़े, सिद्धांत नारायण सोनी, बसंत कौशिक द्वारा स्वागत की तैयारी की गई है। इस कार्यक्रम में युवा मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य मुकेश कौशिक, पियुष अग्रवाल, रवि साहू भी मौजूद रहेंगे। युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने कोसाबाड़ी नगर मंडल के अध्यक्ष राजेश राठौर, मिलाप राम, पुनीराम साहू, तेरस महंत, रमा मिरी, मनोरमा शर्मा, मंजू सिंह सहित अन्य कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया गया है।

## एसईकेएमसी की होगी बैठक

**कोरबा।** आज इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संजीवा रेड्डी के जन्मदिन पर सभी क्षेत्रों में अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किये गए हैं। एसईसीएल कोरबा पूर्व में गोपाल नारायण सिंह, संदीप चौधरी के नेतृत्व में बैठक होगा। गेवरा और दीपका में डीके मिश्रा, विकास शुक्ला, सतीश सिंह, रामकुमार कौशिक बैठक आयोजित करेंगे। जबकि कुसमुंडा में राजू सोनी व एन के सिंह को तैयारी करने कहा गया है।

## करतला मंडल में भाजपा की बैठक

**कोरबा।** विकसित भारत जीराम जी के तहत करतला मंडल के प्रभारी बनाए गए सरजू अजय ने कार्यकर्ताओं की बैठक ली। उनके साथ गए राजेश लहरे, निशा भारती, शैलेजा अंगारी का कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। करतला मंडल के अध्यक्ष रामकुमार गभेल ने अपने विचार रखे। जीरामजी के जिला संयोजक चुलेश्वर राठौर द्वारा सभी मंडलों में प्रभारियों की नियुक्ति की गई है। जवाली में भी प्रभारी सतीश झा द्वारा कार्यकर्ताओं की बैठक ली गई। इसके पहले हरदीबाजार के प्रभारी भागवत विश्वकर्मा ने बैठक लेते हुए कार्यकर्ताओं को कई सुझाव दिए।

# वेल्डिंग दुकान से निकली चिंगारी ने बगल की दुकान को किया स्वाहा, हजारों का नुकसान

### प्रेमनगर चौराहे पर हुई घटना



कोरबा। दर्री के प्रेमनगर चौराहे पर आज सुबह हुई आगजनी की एक घटना ने दुबे बेल्ट एंड गारमेंट्स दुकान स्वाहा हो गई। यह सब इतनी जल्द हुआ कि न तो दमकल पहुंच सकी और न ही उसे काम करने का मौका मिल सका। दुकान संचालक को इस घटना में हजारों का नुकसान हुआ है और उसके सामने आजीविका की चुनौती खड़ी हो गई है।

आज 11 बजे के आसपास प्रेमनगर मार्केट के पास यह घटना हुई। बताया गया कि यहां पर लाइन से अलग-अलग तरह की दुकानें संचालित हैं। सीमांत पूंजी वर्ग के द्वारा ऐसे कार्यों को किया जा रहा है। इसके जरिए परिवारों का भरण-पोषण संभव होता है। खबर के अनुसार घटना के दौरान एक वेल्डिंग दुकान में काम चल रहा था। अगल-बगल की दुकानें खुली नहीं थी। वेल्डिंग दुकान से निकली चिंगारी ने इसके ठीक बगल की दुकान को अपने संपर्क में लिया और इसके साथ ही वहां जमकर आग लग गई। मौके पर चमड़े के बेल्ट, परफ्यूम और गारमेंट्स के अलावा अन्य सामान थे। आग ने तुरंत अपना असर दिखाया और पूरी दुकान को ही कुछ ही देर में साफ कर दिया। आसपास के लोग हरकत में आए और उन्होंने अपने स्तर पर आग बुझाने की कोशिश की लेकिन कोई असर नहीं हुआ। हालांकि घटना की सूचना दमकल को भी दी गई लेकिन उसके यहां पहुंचने और सक्रियता दिखाने से पहले कहानी खत्म हो गई थी। घटना की जानकारी होने पर दुकान संचालक दुबे कोरबा से यहां पहुंचा। उसके पास चिंता करने के अलावा कुछ नहीं बचा। उसकी स्थिति देख आसपास के लोगों ने सहानुभूति दिखाई। कुछ ने अलग-अलग स्तर पर सहायता दिलाने का भरोसा दिलाया। पुलिस ने आगजनी की घटना और इसके तथ्यों के आधार पर कार्यवाही करने की बात कही है।

**गर्मी के सीजन में सतर्कता जरूरी**

मौसम विभाग ने संकेत दिए हैं कि कल से रात के तापमान में 2 से 3 डिग्री की बढ़ोतरी संभावित हैं। होली से पहले तापमान का स्तर काफी हो सकता है। गर्मी के सीजन में आगजनी की घटनाएं ज्यादा होती है और इसमें संपत्ति का नुकसान भी अधिक होता है। ऐसे में लोगों से सावधानी बरतने की अपील की जा रही है। सीएसईबी ने कहा कि फायर उपकरणों की समीक्षा जरूरी है।

## अनिद्रा से परेशान रामरतन को राहत दिलायी आयुर्वेद ने



**कोरबा।** समय के साथ एक बार फिर आयुर्वेद की तरफ लोगों का ध्यान जा रहा है। लंबे अरसे से जटिल परेशानी से जूझ रहे रामरतन दास ने आयुर्वेद को अपनाया। इसके प्रभाव से वे खुद हैरान हैं।

घुटने के दर्द और आंखों में कम दिखने से रामरतन दास मुश्किल में थे। उन्होंने परंपरागत उपचार कराया लेकिन कुछ खास राहत नहीं मिली। तब उन्होंने आयुर्वेद की शरण ली। आईए जानते हैं कैसा रहा उनका अनुभव इस मामले में आयुष विशेषज्ञ डॉक्टर नागेंद्र नारायण शर्मा ने बताया की आयुर्वेद के अपने सिद्धांत हैं और उसके प्रभाव भी प्रमाणित है। इनका उपयोग और भरोसा बीमारी को ठीक करता है। अनेक मामलों में यह चीज स्पष्ट हुई है। डॉ शर्मा ने कहा कि आयुर्वेद का स्पष्ट रूप से सिद्धांत है कि वह अपनी गुणधर्मिता से किसी भी रोग को एक स्तर पर ठीक करने तक सीमित नहीं होता बल्कि जड़ से ही उसका अंतिम निराकरण करता है। चिकित्सा जगत में भले ही एडवांस सुविधा और संसाधन का प्रवेश हुआ है इन सबके बावजूद आयुर्वेद को अपने जीवन में अपनाने वाले लोगों की संख्या देश और दुनिया में बहुत ज्यादा है। आयुर्वेद की विधा सदियों पुरानी है और इसने अपनी गुणधर्मिता से खुद को स्थापित किया है।

## नेता प्रतिपक्ष ने मनरेगा को लेकर साधा निशाना

**कोरबा।** मनरेगा और शंकराचार्य के मामले को लेकर कांग्रेस पार्टी पूरे देश में आंदोलन कर रही है। छत्तीसगढ़ के नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरण दास महंत ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में जिस तरह योगी सरकार कांग्रेस नेताओं को हाउस अरेस्ट कर रही है उससे ऐसा लगता है कि जब हम सब भी छत्तीसगढ़ में मनरेगा को लेकर विधानसभा का घेराव करने निकलेंगे तो हमारे साथ भी यूपीजैसा बर्ताव होगा। नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरण दास महंत ने कहा कि सरकार शंकराचार्य के साथ अन्याय कर रही है. धर्म की राजनीति करने वाली भाजपा इस मामले में क्यों शंकराचार्य के विरुद्ध कार्रवाई करने वालों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करती. डॉ महंत ने कहा है कि मनरेगा का शुभारंभ करने वाले डॉक्टर मनमोहन सिंह और श्रीमती सोनिया गांधी के सर्वहारा वर्ग के उत्थान को लेकर प्रारंभ किये गए मनरेगा को केंद्र सरकार समाप्त कर देना चाहती है। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस पार्टी छत्तीसगढ़ में भी मनरेगा को लेकर आंदोलन कर रही है। और इस आंदोलन का नेतृत्व करने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी भी छत्तीसगढ़ आएंगे।




*राजधानी रायपुर में शिक्षा संवाद का आयोजन किया गया। इसमें शिक्षा क्षेत्र की संभावनाओं और चुनौतियों के बारे में चर्चा हुई। कोरबा से एके गुरूकुल और रानी लक्ष्मीबाई हायर सेकेंडरी स्कूल के संचालक अक्षय दुबे भी शामिल हुए। उन्होंने मौके पर अपनी बात रखी।*

## आग से जंगलों और वन्य प्राणियों को बचाने दिए गए टिप्स



**कोरबा।** वन परिक्षेत्र पसरखेत के ग्राम कोल्गा के देवगुड़ी चौरा में अग्नि सीजन में वन एवं वन्यप्राणियों की सुरक्षा हेतु अग्नि प्रबंधन एवं ग्रामीणों की सहभागिता के संबंध में विशेष जनजागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। अध्यक्ष वन प्रबंधन समिति कोल्गा नंदलाल राठिया की अध्यक्षता में दीपमाला प्रज्जवलित कर, ग्रामदेव की पूजा आराधना कर शुभारंभ किया गया ।

कार्यशाला में उपवनमण्डलाधिकारी दक्षिण कोरबा वन परिक्षेत्र अधिकारी पसरखेत, वन परिक्षेत्र अधिकारी कुदमुरा, वन परिक्षेत्र अधिकारी करतला,टिकेश्वर सिंह राठिया समाज प्रमुख, जनपद सदस्य महेन्द्र राठिया, क्षेत्र क्रमांक 19, सरपंच कोल्गा संतराम राठिया, सरपंच प्रतिनिधि फुलसरी चमरासिंह कंवर, सरपंच सोलवां किशन सिंह राठिया, उपध्यक्षा श्रीमती सपना राठिया एवं ग्राम कोल्गा के ग्राम बैगा, मदनपुर शासकीय हाईस्कूल के छात्र-छात्रायें एवं शिक्षकवृन्द नोवा नेचर चेलफेयर सोसायटी के संस्थापक एम. सूरज, जितेन्द्र सारथी एवं उनकी पूरी टीम, विज्ञान सभा के दिनेश (वनस्पति विशेषज्ञ), वन परिक्षेत्र पसरखेत, कुदमुरा एवं करतला के अनुवभी फिल्ड स्टाफ की टीम साथ ही परिक्षेत्र अंतर्गत कार्यरत फायर वाचर्स एवं अन्य सुरक्षा श्रमिक उपस्थित रहे। कार्यशाला के दौरान अग्नि प्रबंधन एवं नियंत्रण विषय पर विस्तृत चर्चा-परिचर्चा एवं जंगलों की सुरक्षा पर स्थानीय जनमानस की सहभागिता सुनिश्चित करने प्रस्तुतीकरण किया गया। उपवन मण्डलाधिकारी दक्षिण कोरबा के द्वारा कार्यक्रम के उद्देश्य को पारिभाषित करते हुये एवं आदिकाल से ऋषियों-मनिषियों के द्वारा वन सुरक्षा पर किये गये शोध एवं तथ्यपरक श्लोकों का सरल वर्णन करते हुये जनमानस को संबोधित किया गया। उपवनमण्डलाधिकारी दक्षिण कोरबा सूर्यकांत सोनी के द्वारा उपस्थित जनसमूह को वन संरक्षण/वन्य जीव संरक्षण के साथ अग्नि बचाव के लिये शपथ दिलाया गया।

## सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करेगा रथ



**कोरबा।** कटघोरा पुलिस ने चलित जागरूकता रथ का संचालन शुरू किया है। इसका उद्देश्य शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जन-जागरूकता बढ़ाना है।

रथ के माध्यम से नागरिकों को यातायात नियमों के पालन, हेलमेट व सीटबेल्ट के उपयोग तथा सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है। साथ ही नशा मुक्ति का संदेश भी दिया जा रहा है। पाम्पलेट वितरण और लाउडस्पीकर के जरिए लोगों को जानकारी दी जा रही है। थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने बताया कि धान बिक्री के बाद बड़ी संख्या में किसान नगद राशि निकाल रहे हैं, जिससे ठगी की आशंका बढ़ जाती है। अभियान के तहत लोगों को सतर्क रहने और सुरक्षित व्यवहार अपनाने की सलाह दी जा रही है। पुलिस के अनुसार जागरूकता के माध्यम से अपराध और दुर्घटनाओं में कमी लाने का प्रयास किया जा रहा है।

## डीआईसी के उद्यमिता शिविर में युवाओं को मिली जानकारी



**कोरबा।** मंगलवार को प्रातः 11:30 बजे कटघोरा सांस्कृतिक भवन (मधुबन डेयरी के सामने) में आयोजित रोजगार एवं स्वरोजगार जागरूकता कार्यक्रम ने क्षेत्र में नई ऊर्जा का संचार किया। यह आयोजन युवाओं और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल साबित हुआ।

कार्यक्रम में जिला उद्योग एवं व्यापार केंद्र, कोरबा के अधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि सरकारी योजनाएँ अब सीधे पात्र हितग्राहियों तक पहुँचेंगी। उपस्थित युवाओं को सब्सिडी, बैंक ऋण, प्रशिक्षण, उद्योग स्थापना एवं स्वरोजगार योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। विशेष रूप से स्टेट बैंक ऑफ इंडिया कटघोरा शाखा की ब्रांच मैनेजर नीता साहू ने बैंकिंग प्रक्रिया को सरल शब्दों में समझाते हुए आश्वासन दिया कि योग्य युवाओं को ऋण लेने में अनावश्यक बाधा नहीं आने दी जाएगी। अतिथियों ने दो टूक कहा कि योजनाओं का लाभ न लेना अपने भविष्य के साथ अन्याय होगा। युवाओं को नौकरी खोजने के बजाय रोजगार देने वाला बनने की प्रेरणा दी गई। कार्यक्रम में समाज सेविका रमा साहू की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर चंचल श्रीवास्तव - मैनेजर, जिला उद्योग केंद्र,नरेश खूंटे, अहमद खान - मोटिवेटर एवं बिजनेस कोच, राजेश यादव - समाजसेवी, उपेंद्र राठौर - पी.एल.वी.,रब्बानी नगर पालिका परिषद कटघोरा रवि सोनी ने अपनी बात रखी। कार्यक्रम में स्वेकी टंडन, रेवती साहू, गौतम दिवान, महेंद्र टंडन, नीलकमल चौधरी, हिना एवं सुचित्रा मानिकपुरी सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## गिरौधपुरी जाएंगे सतनाम समिति के कार्यकर्ता

**कोरबा।** गिरौधपुरी में 22 फरवरी से मेले का आयोजन किया गया है। जिसमें सतनाम समिति के सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल होंगे। जिलाध्यक्ष नारायण कुर्रे ने सभी इकाईयों में निर्देश दिए है कि बैठक लेकर गिरौधपुरी जाने की तैयारी करें। इसके बाद से सचिव आरडी भारद्वाज, बरूण धृतलहरे, सचिव कुर्रे ने तैयारी शुरू करते हुए कार्यकर्ताओं से संपर्क करना शुरू कर दिया है। एसईसीएल क्षेत्र के अध्यक्ष दूजराम मिलन, डाहरूराम, विजय मिरी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता गिरौधपुरी जाएंगे। इसी तरह मुड़ापार क्षेत्र से रामगोपाल कुर्रे, दर्री से मनोज लहरे सहित सभी कार्यकर्ताओं ने तैयारी शुरू कर दी है।

## होलिका दहन की तैयारी

**कोरबा।** होली के नजदीक आते ही नवयुवको द्वारा होलिका दहन की तैयारी की जा रही है। कई स्थानों पर इस तरह की संरचनाएं बनायी जा रही है।

## आदर्श महाविद्यालय के रेड रिबन क्लब ने एड्स के खतरों से किया सावधान




**कोरबा।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय, कोरबा (छत्तीसगढ़) में रेड रिबन क्लब के तत्वाधान में छात्र-छात्राओं द्वारा एड्स जनरूकता रैली का सफल आयोजन आज दिनांक 17/02/2026 को किया गया। इस रैली का सफल आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.एल. एन.कंवर एवं महाविद्यालय की संस्था प्रभारी डॉ.डेज़ी कुजूर के मार्गदर्शन में किया गया। इस रैली का उद्देश्य समाज में एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता फैलाना, भ्रांतियों को दूर करना तथा सुरक्षित और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति लोगों को प्रेरित करना था।

रैली महाविद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर आसपास स्थित मोहल्ले से होती हुई महाविद्यालय में आकर समाप्त हुई, इस प्रकार रैली के माध्यम से जागरूकता जनसामान्य तक पहुँची। विद्यार्थियों ने हाथों में बैनर, नारों के माध्यम से 'एड्स से डरें नहीं, जानकारी अपनाएँ', 'सुरक्षा ही बचाव है' जैसे संदेशों द्वारा लोगों को जागरूक किया। छात्रों ने सरल भाषा में एचआईवी/एड्स के कारण, बचाव के उपाय तथा इसके प्रति समाज में फैली गलत धारणाओं पर प्रकाश डाला। रैली के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि सही जानकारी, जागरूकता और सकारात्मक सोच के माध्यम से ही एड्स जैसी गंभीर बीमारी से समाज को सुरक्षित रखा जा सकता है। इस अवसर पर महाविद्यालय के अधिकारीगण दिव्या पटेल, पूजा सिंह, नुपीता सेन यादव अतिथि व्याख्याता, शैलेश माहेश्वरी अतिथि व्याख्याता,श्रीमती आशियां खान, अतिथि व्याख्याता श्रीमती मधु यादव, श्रीमती सुदीप्ता कुंडू ,श्रीमती पूनम साहू , राजेश साहू , कविता साहू , संतोष निर्मलकर एवं श्रीमती कमला मानिकपुरी की उपस्थिति रही। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस रैली के माध्यम से शहरवासियों में स्वास्थ्य, जागरूकता और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति सकारात्मक संदेश दिया गया।

## अवैध चॉइस सेंटर की हुई शिकायत

**कोरबा।** हरदी बाजार के तहसील कार्यालय में आवंटित चॉइस सेंटर में लोगों की उपस्थिति कम हो रही है। संचालक जगत राम राठौर ने प्रशासन के अधिकारियों की जानकारी में इस बात को लाया है। उन्होंने बताया कि नईसा गांव की महिला के द्वारा हरदी बाजार में अवैध रूप से चॉइस सेंटर का संचालन किया जा रहा है। अधिकारियों को इस बारे में अवगत कराने के बाद भी अवैध सेंटर को बंद करने की व्यवस्था नहीं की जा रही है।

## क्रिकेट टूर्नामेंट को लेकर उत्साह

**कोरबा।** प्रेस क्लब द्वारा ओपन थिएटर मैदान में आयोजित केशव लाल मेहता मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में दर्शकों की अच्छी पहुंच बनी हुई है। कोरबा जिले से सरकारी विभागों, कॉरपोरेट सेक्टर और सामाजिक संगठनों की 16 टीमों को एंट्री दी गई है। बताया गया कि फाइनल मैच के लिए काफी अच्छे पुरस्कार की व्यवस्था है

## आकृति महिला मंडल ने मानवता के हित में दी सेवा



**कोरबा।** श्रद्धा महिला मण्डल, एसईसीएल मुख्यालय, बिलासपुर की अध्यक्षा शशि दुहन के कुशल मार्गदर्शन में आकृति महिला समिति, सेण्ट्ल वर्कशॉप सेण्ट्ल स्टोर्स, कोरबा द्वारा कोरबा के समीप स्थित दादर गाँव के अत्यंत ही जरूरतमंद एवं गरीब विकलांग लक्ष्मीनारायण यादव, बालिश ढेडे, संतोष पटेल, सुश्री सुनीता को चलने-फिरने में सहायक बनकर आवश्यकतानुसार उन्हें क्रमशः व्हील चेयर एवं वाकर दिया गया। उनके साथ कुछ पल बिताये । वहाँ पर उपस्थित नागरिकों के मध्य बिस्किट एवं बच्चों के मध्य चाकलेट वितरित किया गया ।

इस अवसर पर आकृति महिला समिति, सेण्ट्ल वर्कशॉप-सेण्ट्ल स्टोर्स, कोरबा की अध्यक्षा श्रीमती नम्रता द्विवेदी, सदस्या कमशः श्रीमती सीमा राव, श्रीमती श्रद्धा गुप्ता, श्रीमती प्रभाति पटुवा एवं लक्ष्मी प्रसाद आदि उपस्थित रहीं।

## पुरी की जा रही है वार्ड की ज़रूरतें

**कोरबा।** नगर पालिका निगम के पंप हाउस वार्ड की जरूरत को पूरा करने के लिए लगातार कोशिश की जा रही है। पार्षद रामकुमार साहू ने बताया कि विकास को लेकर लगातार काम किए जा रहे हैं। आवश्यकता का सर्वेक्षण करने के साथ इस दिशा में जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं।

आवश्यकता है
कोरबा में अनुभवी कार ड्रायवर की शीघ्र आवश्यकता है।
// संपर्क करे //
मो. 9826389894







स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रासंपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com